नई दिल्ली
शनिवार 21 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 336
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 26
न्यून. 15
haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




सऊदी अरब के रियाद में हालिया हुए हमले में मारे गए 1 भारतीय का शव जल्द स्वदेश पहुंचेगा

# पश्चिम-एशिया क्षेत्र में युद्ध के बीच अब तक हुई 6 भारतीयों की मौत, 1 लापता

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पिछले महीने 28 फरवरी को खाड़ी सहित समूचे पश्चिम-एशिया क्षेत्र में शुरू हुए युद्ध के बाद से लेकर अब तक भारत के कुल 6 नागरिकों की मौत हुई है। जबकि 1 लापता है। ताजा मामला इसी महीने की 18 तारीख से जुड़ा हुआ है। जिसमें सऊदी अरब के रियाद में हुए हमले में एक भारतीय की मृत्यु हो गई है। विदेश मंत्रालय ने मृतक के परिजनों के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं जताते हुए शुक्रवार को कहा कि सऊदी अरब में मौजूद भारत के दूतावास और मिशन की टीमें स्थानीय अधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। जिसके जरिए मृत व्यक्ति के अंतिम संस्कार के लिए उसकी पार्थिव ▸▸ शेष पेज 5 पर

## वैश्विक नेताओं से संवाद में पीएम, विदेश मंत्री होर्मुज स्ट्रेट में स्वतंत्र आवाजाही, नागरिकों की सुरक्षा-कल्याण पर दे रहे जोर

- ईरान की सीमा पार आर्मेनिया, अजरबैजान पहुंचे 913 भारतीय
- युद्ध के मध्य हुई 3 लाख लोगों की सुरक्षित वतन वापसी



### ईरान से सुरक्षित लौटे 284 तीर्थयात्री

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में बताया, ईरान में फंसे हुए कई भारतीय आर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते देश लौट रहे हैं। तेहरान में भारतीय दूतावास की मदद से अब तक 913 लोग सड़क मार्ग से ईरान की सीमा पार कर आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचे हैं। साथ ही इसी क्रम में वहां फंसे हुए 284 तीर्थयात्री भारत आ गए हैं। मंत्रालय के विशेष कंट्रोल रूम के पास 10 फोन कॉल और 6 ईमेल आए हैं। जिनमें से अधिकतर का संबंध हमारे मालवाहक जहाजों पर सवार भारतीयों से रहा है।

### ब्रिक्स में आम सहमति बनाने के प्रयास जारी

उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। ये संगठन आम सहमति बनाकर काम करता है। जहां तक पश्चिम-एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर आम राय बनाने का मुद्दा है। तो मैं यहां बता दूं कि संघर्ष में ब्रिक्स के कुछ सदस्य ▸▸ शेष पेज 5 पर

### पीएम, विदेश मंत्री की वार्ताओं का सार

रणधीर ने ये भी कहा, प्रधानमंत्री मोदी की बीते 24 घंटे से अधिक वक्त में अब तक दुनिया के 6 देशों (थाईलैंड, कतर, ओमान, जॉर्डन, मलेशिया और फ्रांस) के राष्ट्राध्यक्षों के साथ बातचीत हुई है। इजरायल के प्रधानमंत्री से पीएम मोदी पहले संवाद कर चुके हैं। जबकि अन्य देशों (अमेरिका) के शीर्ष नेताओं के साथ विभिन्न माध्यमों से उनकी चर्चा जारी है। उन्होंने कहा कि कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से हुए संवाद में प्रधानमंत्री ने गैस उत्पादन से जुड़े रास लफान औद्योगिक केंद्र पर ईरान के हमले की कड़ी निंदा की। साथ ही कहा कि हम होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित ▸▸ शेष पेज 5 पर

तृतीया : मां चंद्रघंटा



पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघंटेति विश्रुता।।

### 26-27 मार्च रेल टिकट की नहीं होगी बुकिंग

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र में पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम सेवाओं को बंद करने का निर्णय लिया है। यह सेवाएं 26 और 27 मार्च की रात को लगभग पांच घंटे के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी। इस दौरान यात्रियों को टिकट बुकिंग और संबंधित कार्यों में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर रेलवे ने यह कदम प्रणाली में फाइलों के कार्य को ध्यान में रखते हुए उठाया है। 26 मार्च की रात 11:45 बजे से यह बंदी शुरू होगी। यह 27 मार्च की सुबह 04:45 बजे तक जारी रहेगी। इस दौरान पीआरएस पोर्टल पूरी तरह से बंद रहेगा। दिल्ली पोर्टल पर पीआरएस आवेदन की कई सेवाएं प्रभावित होंगी। इनमें पीएनआर पूछताछ की सुविधा शामिल नहीं होगी।



आम उपभोक्ताओं तक सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जारी हैं तमाम प्रयास

# एलपीजी पर भारत की आयात निर्भरता, घरेलू मांग पूर्ति के लिए की गई कमर्शियल सप्लाई में कटौती : सुजाता शर्मा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में युद्ध 22वें दिन में प्रवेश कर गया है। खाड़ी के तमाम देशों में मौजूद पेट्रोल और गैस के बड़े ठिकाने इसका शिकार बने हैं। जिससे बाकी दुनिया की तरह भारत भी प्रभावित हो रहा है। लेकिन सरकार ने पुनः मजबूती के साथ शुक्रवार को राजधानी में आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता के माध्यम से कुछ जरूरी तथ्य देश की जनता के सामने रखे हैं। जिसमें केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मार्केटिंग-तेल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि वर्तमान स्थिति में एलपीजी के मामले में हालात पहले की तरह नाजुक ही बने हुए हैं। लेकिन हमारी रिफाइनरियों ने गैस का उत्पादन बढ़ाया है, जिसमें तेल क्षेत्र की तमाम कंपनियों के संयुक्त प्रयासों का अहम योगदान है।

देश में फिलहाल एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। साथ ही अपनी आवश्यकताओं के मद्देनजर हम खाड़ी क्षेत्र के अलावा दुनिया की बाकी जगहों से भी एलपीजी की खरीद में जुटे हुए हैं। जिसके पीछे हमारा मकसद हर हाल में घरेलू उपभोक्ताओं को की जाने वाली गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को निर्बाध गति से बरकरार रखना है। वहीं, पेट्रोल-डीजल की देश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनी हुई है। कहीं से भी कमी की कोई शिकायत नहीं मिली है। एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी भी सामान्य बनी हुई है। उज्ज्वला कनेक्शन वाले श्रमिकों को भी सिलेंडर दिए जा रहे हैं। सामान्य पेट्रोल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। केवल प्रीमियम पेट्रोल की एक श्रेणी में कीमतों में कुछ इजाफा किया गया है। जो हमारे कुल पेट्रोल का 3 से 4 फीसदी है।

- देश में सामान्य पेट्रोल की कीमतों में नहीं की गई कोई बढ़ोतरी, सिर्फ प्रीमियम श्रेणी में हुई है कुछ वृद्धि
- देश में बढ़ा एलपीजी का उत्पादन, पर्याप्त मात्रा में मौजूद है पेट्रोल-डीजल, कहीं से भी कमी की शिकायत नहीं है
- आम उपभोक्ताओं से सरकार की अपील, अफवाहों से बचें, सिलेंडर की घर पर डिलीवरी का इंतजार करें
- होर्मुज की खाड़ी के पूर्व और पश्चिम में हैं कुल 24 जहाज, उनमें सवार 636 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं



### 7,500 उपभोक्ताओं ने लिए पीएनजी कनेक्शन

उन्होंने कहा, आम जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार ने एलपीजी की कमर्शियल सप्लाई में कुछ कटौती की है। साथ ही लोगों से भी ये अपील की गई है कि जहां तक संभव हो सके। वो एलपीजी से पीएनजी कनेक्शन लेने की ओर अपना रुख करें। राज्यों को इस संबंध में पत्र भेजे जा चुके हैं। बीते 18 मार्च को राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों को लिखे गए एक पत्र में 10 फीसदी अतिरिक्त एलपीजी आवंटन पर जोर दिया गया। बीते वक्त में 7 हजार 500 उपभोक्ता एलपीजी से पीएनजी की ओर स्थानांतरित ▸▸ शेष पेज 5 पर

### कमर्शियल उपभोक्ताओं को दी 11,300 टन एलपीजी

सुजाता ने बताया कि कमर्शियल एलपीजी को लेकर केंद्र ने 18 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों को आवंटन आदेश जारी किए हैं। जिसके तहत पिछले एक सप्ताह में लगभग 11 हजार 300 टन एलपीजी कमर्शियल उपभोक्ताओं को दी गई है। फिलहाल सभी राज्यों के पास इस संबंध में सप्लाई मौजूद है। इस आवंटन का 50% शिक्षा संस्थानों और अस्पतालों को दिया गया है। केरोसिन के अतिरिक्त आवंटन को लेकर भी लगभग 15 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने आदेश जारी कर दिए हैं। बाकी बची हुई प्रदेश सरकारों से भी हमने आवंटन आदेश जारी करने की अपील की है। इसी क्रम में 32 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम और जिला निगरानी समितियां गठित की जा चुकी हैं। बाकी से भी इस मामले में अनुरोध किया गया है।

### सरकार के हाथ में नहीं तेल की कीमतें

भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों डिरेग्युलेटेड हैं। जिनका निर्धारण सरकार नहीं बल्कि तेल कंपनियां करती हैं। ये स्थिति आज की नहीं 2010 और उसके बाद 2014 से कायम है। लेकिन उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बढ़ाए गए हैं। विमानों का ईंधन यानी जेट फ्यूल भी डिरेग्युलेटेड है। कतर पर हुए हमले से हमारी क्षमता प्रभावित हुई है। लेकिन स्थिति ऐसी भी नहीं है कि हम घरेलू उपभोक्ताओं को ▸▸ शेष पेज 5 पर

### देश में हुई 4 हजार 500 से ज्यादा रेड

उन्होंने कहा कि बीते गुरुवार को देशभर में कुल करीब 4 हजार 500 से ज्यादा छापे मारे गए हैं। जिसमें उत्तर प्रदेश में छापेमारी का आंकड़ा 1100 है। इसके अलावा दिल्ली, मध्य-प्रदेश, हिमाचल, राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु और केरलम में भी छापे मारे गए हैं। तेल विपणन कंपनियों ने 1800 जगहों पर औचक निरीक्षण किए हैं। केंद्र ने राज्य सरकारों से अपने निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने के लिए कहा है। सरकार हर स्तर पर प्रयासरत है। लेकिन ▸▸ शेष पेज 5 पर

### प्रीमियम पेट्रोल और इंडस्ट्रियल डीजल महंगा हुआ



सरकारी तेल कंपनियों ने शुक्रवार से स्पीड और पावर जैसे प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2.09- 2.35 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ा दी है। वहीं इंडस्ट्रियल डीजल के दाम 22.03 रुपये बढ़ गए हैं। हालांकि नॉर्मल पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। भारत पेट्रोलियम के 'स्पीड', हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 'पावर' और इंडियन ऑयल के 'एक्सपी95' की कीमतों में 2.09 से 2.35 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है।

### सुरक्षित हैं 24 जहाज, 636 भारतीय

केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि होर्मुज की खाड़ी के पूर्व और पश्चिम में भारत के कुल 24 जहाज फंसे हुए हैं। जिनमें सवार 636 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। उनसे संबंधित किसी घटना की कोई सूचना नहीं मिली है। जहाजरानी महानिदेशक लगातार हालात की निगरानी कर रहे हैं। बीते 24 घंटे में हमारी हेल्पलाइन, नेवीगेशन सेंटर और कंट्रोल रूम के जरिए लगभग 125 फोन कॉल और 200 से ज्यादा ईमेल प्राप्त हुए हैं। जिनका जवाब दिया गया है। इसी समय अवधि में मिशन के सहयोग से 25 भारतीय नाविकों को सुरक्षित स्वदेश लाया गया है।

### बंदरगाहों पर बनी अतिरिक्त स्टोरेज सुविधा

उन्होंने कहा, किसी बंदरगाह पर भीड़भाड़ की कोई स्थिति नहीं है। आज राज्य समुद्री बोर्ड से भी मेरी बातचीत हुई है। कार्गो की आवाजाही और संचालन में जवाहरलाल, नवा शेवा, चिदंबरनार, विशाखापट्टनम, मुंद्रा और दीनदयाल पोर्ट (कांडला) ने जरूरी ▸▸ शेष पेज 5 पर

पुडुचेरीः एआईएनआरसी और भाजपा-अन्नाद्रमुक गठजोड़ के बीच सीट बंटवारे बनी सहमति

## एआईएनआरसी 16 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी वहीं भाजपा के हिस्से में 14 सीटें

*भाजपा ने अपने कोटे में से अन्नाद्रमुक और लक्ष्य जननायगा काची को दो-दो सीट दी*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पुडुचेरी में सत्तारूढ़ ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस (एआईएनआरसी) और भाजपा-अन्नाद्रमुक गठजोड़ ने विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे को शुक्रवार को अंतिम रूप दे दिया जिसके तहत एआईएनआरसी 16 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। वहीं, भाजपा शेष 14 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सूत्रों के अनुसार, भाजपा ने अपने कोटे की 14 सीटों में से अन्नाद्रमुक और लक्ष्य जननायगा काची (एलजेके) को दो-दो सीट दी हैं। पुडुचेरी के मुख्यमंत्री और एआईएनआरसी नेता एन. रंगासामी ने पुडुचेरी के एक होटल में भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के साथ बैठक की।

इस समझौते से 9 अप्रैल को होने वाले चुनावों का मार्ग प्रशस्त हो गया है, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश की सभी 30 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा। सूत्रों के मुताबिक, रंगासामी जल्द ही अपना नामांकन दाखिल करने वाले हैं और इस बार दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने की संभावना है। अब यह स्पष्ट हो गया है कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पुडुचेरी में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व करती रहेगी। गुरुवार शाम तक यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि रंगासामी एनडीए छोड़कर अभिनेता विजय की पार्टी, तमिलगा वेट्री कज़गम (टीवीके) के साथ गठबंधन कर सकते हैं। हालांकि, भाजपा ने तुरंत अपने चुनाव प्रभारी-केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया को विशेष विमान से पुडुचेरी भेजा और ऐसा लगता है कि वे रंगासामी को मनाने में सफल रहे।

इस बीच, कांग्रेस और एमके स्टालिन की द्रविड़ मुन्नेत्र कज़गम (डीएमके) के बीच गठबंधन भी गतिरोध में फंसा हुआ है। पिछले चुनावों की तरह, इस बार भी कांग्रेस पुडुचेरी में धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) का नेतृत्व करना चाहती है; हालांकि, डीएमके ने दृढ़ता से कहा है कि तमिलनाडु की तरह ही पुडुचेरी में भी गठबंधन का नेतृत्व वही करेगी।

एमओयू से हर घर स्वच्छ जल के लक्ष्य को मिलेगी नई गतिः नायब

## हरियाणा में जल जीवन मिशन-2.0 के लिए केंद्र व राज्य के बीच हुआ एमओयू

- 3000 करोड़ रुपये के निवेश से जल आपूर्ति और गुणवत्ता पर होगा फोकस
- नूहं, पलवल और महेंद्रगढ़ के लिए विशेष जल परियोजनाएं होंगी क्रियान्वित



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा में जल जीवन मिशन के दूसरे चरण को लागू करने के लिए शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। हरियाणा सरकार की ओर से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन ने ▸▸ शेष पेज 5 पर

शिवराज ने समीक्षा बैठक में फसल-क्षति, बीमा क्लेम और किसानों की त्वरित सहायता पर किया फोकस

## प्रतिकूल मौसम से प्रभावितों को राहत और बीमा क्लेम दिलाने शिवराज ने दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में देश के कृषि क्षेत्र की समग्र स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में हाल के दिनों में कई राज्यों में हुई अतिवृष्टि, तेज बारिश, ओलावृष्टि और अन्य प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों के कारण किसानों को हुए संभावित नुकसान, उनकी तत्काल जरूरतों, बीमा दावों की प्रक्रिया तथा राहत व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के बाद मीडिया से बातचीत में चौहान ने स्पष्ट कहा कि हमारा फोकस केवल उत्पादन पर नहीं बल्कि फसल-क्षति के वैज्ञानिक ▸▸ शेष पेज 5 पर

आगरा दौरे पर केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह

## कालीन से फुटवियर तक उद्योगों की संभावनाओं पर किया मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को आगरा का आधिकारिक दौरा कर कालीन, हस्तशिल्प, फुटवियर और तकनीकी वस्त्र जैसे प्रमुख क्षेत्रों की प्रगति और संभावनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरे का उद्देश्य इन क्षेत्रों में स्थिरता, नवाचार को बढ़ावा देना और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करना रहा।

**कालीन उद्योग में टिकाऊ उत्पादन पर जोरः** दौरे के दौरान मंत्री ने एक कालीन निर्माण इकाई का निरीक्षण किया और वहां अपनाई जा रही पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन प्रक्रियाओं का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से वनस्पति रंगों, जैविक ऊन और अन्य हरित तकनीकों के उपयोग की सराहना की, जो ▸▸ शेष पेज 5 पर

तकनीकी और नियामकीय चूक के कारण विमान को 8 घंटे हवा में रहने के बाद दिल्ली लौटना पड़ा

# एयरइंडिया की ऐसी गलती की बन आई 'महाराजा' की मूंछों पर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

जब से और इंडिया वापिस निजी क्षेत्र में गया है तब से ऐसे ऐसे कारनामे सामने आ रहे हैं कि वर्षों एयर इंडिया की ब्रांडिंग करने वाले महाराजा की मूंछों पर बन आई है।

दिल्ली से कनाडा के वैंकूवर जा रही एयर इंडिया की एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान यात्रियों के लिए जान मुंह को आने वाली साबित हुई। तकनीकी और नियामकीय चूक के कारण विमान को लगभग 8 घंटे हवा में रहने के बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा।



### ऐसी बचकानी गलती, ऐसा अक्षम्य अपराध !

एयर इंडिया की उड़ान एआई185 शुक्रवार को सुबह 11:34 बजे दिल्ली से वैंकूवर के लिए रवाना हुई थी। विमान पूर्व दिशा में अपनी निर्धारित उड़ान पर आगे बढ़ रहा था। लेकिन उड़ान के करीब चार घंटे बाद, जब विमान चीन के कुनमिंग क्षेत्र के हवाई क्षेत्र में पहुंचा, तब एयरलाइन को पता चला कि जिस विमान का उपयोग किया गया है, उसे कनाडा में उड़ान भरने की अनुमति नहीं है। सोचिये, जो विमान कनाडा के लिए फिट नहीं, उसको इजाजत नहीं, उसमें यात्रियों को भरकर जहाज को उड़ने दिया गया।

*गलत विमान तैनाती बनी वजहः बताया गया है कि इस उड़ान में बोइंग 777-200एलआर विमान का उपयोग किया गया था, जबकि एयर इंडिया को कनाडा के लिए फिलहाल केवल बोइंग 777-300ईआर विमानों के संचालन की ही अनुमति प्राप्त है। अंतरराष्ट्रीय विमानन नियमों के अनुसार, कई देशों में उड़ानों के लिए अनुमति एयरलाइन के साथ-साथ विशेष विमान प्रकार या यहां तक कि विमान के पंजीकरण संख्या (टेल नंबर) के आधार पर भी दी जाती है।*

### 7 घंटे 54 मिनट उड़ान के बाद वापसी

जैसे ही यह त्रुटि सामने आई, विमान को तुरंत वापस दिल्ली बुला लिया गया। इस दौरान विमान कुल 7 घंटे 54 मिनट तक हवा में रहा और अंततः उसी स्थान पर लौट आया, जहां से उसने उड़ान भरी थी। विमान सुरक्षित रूप से दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा और सभी यात्रियों व चालक दल के सदस्यों को बिना किसी परेशानी के उतार लिया गया।

### एयर इंडिया का बयान

एयर इंडिया ने इस घटना को "परिचालन संबंधी समस्या" बताया है। एयरलाइन ने अपने बयान में कहा, "निर्धारित प्रक्रियाओं के ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 100 से अधिक नाके स्थापित किए

# ईद से पहले तनाव को लेकर द्वारका इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में चार मार्च को हुई हत्या के बाद तनाव व्याप्त रहने के मद्देनजर ईद के त्योहार से एक दिन पहले, इससे लगे द्वारका जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि 100 से अधिक नाके स्थापित किए गए हैं और संवेदनशील इलाकों में गतिविधियों पर करीबी नजर रखने के लिए प्रमुख चौराहों एवं इमारतों की छतों पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग होने की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सुरक्षा तैयारी सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अधिकारी ने कहा, "हमने तैनाती की विस्तृत योजना बनाई है और किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं।" पुलिस के अनुसार, हस्तसाल गांव, जहां हिंसक घटना हुई थी, और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं, साथ ही रणनीतिक स्थानों पर दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों (सीएपीएफ) की संयुक्त तैनाती की गई है। होली के दिन चार मार्च को जेजे कॉलोनी में दो पड़ोसी परिवारों के बीच हुई झड़प में घायल होने के बाद तरुण (26) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह झगड़ा उस वक्त शुरू हुआ जब एक परिवार की लड़की द्वारा फेंका गया पानी का गुब्बारा गलती से दूसरे परिवार की एक महिला को लग गया। इस घटना के बाद कुछ समूहों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिस दौरान आरोपियों की दो गाड़ियों में आग लगा दी गई। पुलिस ने मामले में अब तक दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है और 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मस्जिदों, ईदगाहों और अन्य सार्वजनिक स्थलों, जहां बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने की संभावना है, के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वाहनों की जांच सहित नियमित रूप से गश्त की जा रही है। पुलिस ने बताया कि भड़काऊ सामग्री के प्रसार को रोकने और उस पर अंकुश लगाने के लिए सोशल मीडिया की निगरानी भी तेज कर दी गई है तथा कई आपत्तिजनक पोस्ट का पता लगा कर कार्रवाई की गई है। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।

जागरूकता अभियान के तहत, कई इलाकों में फ्लैग मार्च किए गए हैं और ईद के दौरान भी निवासियों में विश्वास जगाने के लिए मार्च जारी रहेंगे। उत्तम नगर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी से कुछ हद तक स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन तनाव अब भी बना हुआ है। उन्होंने कहा, "काफी संख्या में अवरोधक लगाये गए हैं और आवाजाही कम हो गई है। लोग अब भी चिंतित हैं, लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि हालात शांतिपूर्ण बने रहेंगे।

# ग्रामीण दिल्ली की परिवहन व्यवस्था बदहाल, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



■ बस रूट बहाली, नई सेवाओं की मांग और डीटीसी की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में बिगड़ती परिवहन व्यवस्था को लेकर ग्रामीण परिवहन विकास मंच ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को एक दस सूत्रीय ज्ञापन पत्र लिखा है। पत्र में सुधार और विस्तार की मांग उठाई है। मंच के महासचिव विजेंद्र सिंह डबास ने पत्र में लिखा है कि जनप्रतिनिधियों को समस्याओं की जानकारी देने के बाद भी गांवों और अधिकृत-अनाधिकृत कॉलोनियों में बस सेवाएं पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंच ने बताया कि कई महत्वपूर्ण बस रूट वर्षों से बंद पड़े हैं, जबकि कुछ मार्गों पर निर्माण कार्य के चलते वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी ठीक से लागू नहीं की गई हैं। विशेष रूप से मुंडका-कराला मार्ग के बंद होने से लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है, बावजूद इसके अधिकारियों द्वारा मनमानी तरीके से रूट संचालन किया जा रहा है। पत्र में रसूलपुर गांव के लिए देवी बस सेवा शुरू करने, नरेला-नजफगढ़ (रूट 707) और बवाना-करमपुरा (रूट 927) जैसे महत्वपूर्ण रूटों को पुनः चालू करने, तथा ग्रामीण रूटों पर रात्रि बस सेवा शुरू करने की प्रमुख मांगें शामिल हैं। इसके अलावा 921, 979 जैसे रूटों पर प्राथमिकता के आधार पर बस सेवाएं बढ़ाने की भी अपील की गई है।

### बस शेल्टर या तो टूटे हुए हैं या हो चुके हैं गायब

मंच महासचिव डबास ने यह भी मुद्दा उठाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों बस शेल्टर या तो टूटे हुए हैं या गायब हो चुके हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। वहीं, वर्ष 2015 में बंद किए गए ग्रामीण परिवहन रीजन को दोबारा शुरू करने की मांग भी जोर पकड़ रही है।

### शिकायतों के बावजूद नहीं हो रहा समस्याओं का समाधान

पत्र में दिल्ली परिवहन निगम के अधिकारियों पर लापरवाही और उदासीनता के आरोप लगाते हुए कहा गया है कि शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। मंच ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जनहित में ठोस कदम उठाए जाएं।

### रूट शुरू लेकिन रूट प्लेट अभी तक नहीं लगे

मंच ने कहा कि विगत 22 जनवरी 2026 से वैकल्पिक तौर पर जो रूट, यूईआर 2 से किए गए हैं वहां पर अभी तक रूट प्लेट नहीं लगाई गई है जिसकी वजह से अधिकांश बस चालक वहां बसें रोकते ही नहीं हैं। शिकायत करने के बावजूद कोई अमल नहीं हो रहा है, जिसका मतलब यह है कि डीटीसी के अधिकारी हमारी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है और इस मामले में संज्ञान लेने का निवेदन किया है।

# नरेला में गोलीबारी करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उत्तरी दिल्ली के नरेला क्षेत्र में एक महिला के 'मिनरल वॉटर प्लांट' को बंद कराने के लिए कथित रूप से गोलीबारी करने के आरोप में 23 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपी अनीश उर्फ ईश्वर दयाल घटना के बाद से ही गिरफ्तारी से बच रहा था।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, घटना छह मार्च को हुई जब शिकायतकर्ता अपने कारखाने पहुंची और मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने उसे रोक लिया। उनमें से एक व्यक्ति ने दहशत फैलाने के इरादे से कथित तौर पर पिस्तौल निकालकर कारखाने के पास की दीवार पर गोली चलाई। इसके बाद आरोपियों ने महिला को मिनरल वाटर का कारोबार बंद न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। घटना के तुरंत बाद पीयूष नामक एक सह-आरोपी को पकड़ लिया गया, जबकि मुख्य शूटर के रूप में पहचाने गये अनीश को नहीं पकड़ा जा सका। अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस की एक टीम ने 18 मार्च को छापा मारा और अनीश को दिल्ली में गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान, अनीश ने अपना जुर्म कबूल करते हुए कहा कि उसका इरादा इलाके में दबदबा कायम करना था। पुलिस ने बताया कि अनीश ने पूछताछ में यह भी कबूला कि गोलीबारी उसके एक साथी और रोहित नाम के एक व्यक्ति के बीच चल रहे विवाद से जुड़ी थी और इसका मकसद शिकायतकर्ता के कारोबार को बाधित करना था। नरेला निवासी और नौवीं कक्षा में पढ़ाई छोड़ चुका अनीश बेरोजगार है और अपने परिवार के साथ रहता है।

# 90 लाख के गहने चुराने वाला युवक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिम दिल्ली में करीब 90 लाख रुपये के सोने और हीरे के आभूषण चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने नशे के लिए पैसों का इंतजाम करने के वास्ते चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

आरोपी की पहचान बुराड़ी निवासी सनी सरकार (22) के रूप में हुई है, जिसके पास से 400 ग्राम चोरी के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी नशे का आदी है और पहले भी पानी के मीटर चोरी करने जैसे छोटे-मोटे अपराधों में शामिल रहा है लेकिन कभी पकड़ा नहीं गया। जांच के दौरान पता चला कि सनी सरकार ने मुखर्जी नगर स्थित रामलीला मैदान के पास एक घर को निशाना बनाया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्य गेट आसानी से खुल जाने के बाद वह घर में घुस गया और आभूषण चुरा लिए। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच में आरोपी घर के सामने से प्रवेश करता और पीछे के रास्ते से निकलते हुए दिखाई दिया। इसके बाद वह पैदल बत्रा बांध की ओर गया और वहां से ई-रिक्शा लेकर कोरोनेशन पार्क पहुंचा। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया और उसके घर से चोरी के सभी आभूषण बरामद कर लिए गए।

# पालम अग्निकांड के पीड़ितों के परिवार को राहत देने की जगह लड़ रही भाजपा-आपः यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा बेहद दुखद है कि पालम अग्निकांड के पीड़ितों के परिवार को राहत देने की जगह भाजपा और आप पार्टी के नेता आपस में लड़ रहे है। इससे बड़े शर्म की और क्या बात हो सकती है कि भीषण आग में एक परिवार के नौ सदस्यों की जान चली गई, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल थे, और यहां भाजपा व आप वो आपस में गाली गलौच, हाथापाई और औच्छी राजनीति कर रहे है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जो दिल्ली का चुनाव हारने के बाद दिल्ली से फरार थे, अब एकदम से वापसी कर आरोप-प्रत्यारोप करने लगे है। उन्होंने कहा कि अगर दिल्ली फायर ब्रिगेड में कर्मचारियों और उपकरणों की कमी है, तो उसके लिए 11 वर्ष तक शासित आम आदमी पार्टी और वर्तमान भाजपा भाजपा सरकार जिम्मेदार है। जिन्होंने 2012 के बाद भर्ती न करके विभाग को पूरी तरह खोखला कर दिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण रसोई गैस संकट की चुनौतीपूर्ण स्थिति की हालात यह है कि मजबूरन अटल कैंटीन तक को बंद करना पड़ा है। अहम सवाल है कि गैस मिल नही रही है और सस्ती थाली की सेवा बंद होने से गरीब लोग कहां जाए। यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम दोनों में भ्रष्ट केजरीवाल के सत्ता में आने के बाद से फायर विभाग नकारा हो गया। जिसकी कीमत लोगों की अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। केजरीवाल के सत्ता में रहते सबसे भीषण आग की दुर्घटनाओं में से मई 2022 में हुई थी। उस समय मुंडका में एक चार मंजिला वाणिज्यिक इमारत में आग लगने से लगभग 40 लोगों की मौत हो गई और 12 घायल हो गए। इसके बाद केजरीवाल ने दोषियों को दंडित करने के लिए जांच के आदेश की घोषणा की, लेकिन आग दुर्घटना की जांच के संबंध में कार्रवाई के बारे में कुछ नहीं हुआ। इसी तरह, 2024 के मानसून के दौरान जल-जमाव, बाढ़ और करंट लगने से 43 लोगों की मौत हो गई, लेकिन उन्होंने त्रासदी की जिम्मेदारी नहीं ली। यादव ने कहा कि दिल्ली अग्निशमन सेवा के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 1 जनवरी से 15 मार्च के बीच 2,716 फायर कॉल प्राप्त हुए और शहर में वर्तमान में प्रति दिन औसतन लगभग 36 फायर कॉल आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आग की घटनाओं में मौत और घायलों की संख्या चिंता का विषय बनी हुई है। इस साल अब तक 13 मौतें और 111 लोग घायल हुए हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि के दौरान 18 मौतें और 109 घायल हुए थे।


## दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड

**ई-निविदाएं आमंत्रण सूचना**

दिल्ली ट्रांस्को लि. (राराक्षे दिल्ली सरकार का उपक्रम) निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है :

निविदा संख्या T25P090671 : 220 केवी सब स्टेशन, लोधी रोड पर टर्नकी आधार पर (जोखिम व लागत खरीद आधार पर) सम्बद्ध सिविल कार्य सहित ट्रांसफॉर्मर्स, मौजूदा 2 अदद 20 एमवीए और 2 अदद 16 एमवीए के विखण्डन समेत 4 अदद 25 एमवीए, 33/11 केवी ट्रांसफॉर्मर की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, प्रचालन।

निविदा के पूर्ण विवरण के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाइट्स देखें:- https://govtprocurement.delhi.gov.in (निविदा आईडी संख्याः 2026_DTL_288852_1) और **www.dtl.gov.in** के साथ डीटीएल यूनिक नंबर DTL-9940-190326.

बोली जमा करने की अंतिम तिथि : 08.05.2026 अप. 1.30 बजे।

**इस ई-निविदा के सभी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/ संशोधन/ विस्तार की तिथि/स्पष्टीकरण इत्यादि केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किए जाएंगे। बोलीदाताओं को स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर पधारना चाहिए।**


# प्रधानमंत्री मोदी से एलजी संधू ने की शिष्टाचार भेंट, दिल्ली के विकास को लेकर दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। संधू की पद संभालने के बाद पीएम मोदी से यह पहली शिष्टाचार भेंट है। मोदी के अलावा संधू ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। पीएम मोदी व मंत्री अश्विनी से भेंट करने की फोटो अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करके दी। लोक निवास से मिली जानकारी के अनुसार एलजी ने पीएम मोदी से शिष्टाचार भेंट के दौरान राजधानी के विकास का भरोसा दिलाया है। मोदी के विकसित भारत व विकसित दिल्ली के सपनों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगे। इसी प्रकार एलजी ने मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की। बता दें कि संधू ने इसी महीने 11 मार्च 2026 को उपराज्यपाल पद की शपथ ली थी। उसके बाद से एलजी राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट कर चुके है। वहीं पद संभालने के बाद एलजी दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता सहित उनके मंत्री मंडल, सांसदों, विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों से मिलकर समीक्षा कर रहे है। खबर है कि अगले एक दो दिन में संधू गृहमंत्री अमित शाह सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे।

# आने वाला समय प्राकृतिक चिकित्सा का होगा : प्रो. महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आने वाला समय प्राकृतिक चिकित्सा का होगा। इसलिए हम सभी को अभी से ही आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति की ओर लौटने की जरूरत है। दिल्ली विश्वविद्यालय के शिवाजी कॉलेज में हाल ही में -शतावरी : भारत की आयुर्वेदिक विरासत का पुनर्जीवन - विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन एवं कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रोफेसर महेश कुमार दाधीच ने उद्घाटन सत्र में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा दवा के साथ खान पान और रहन सहन पर बल दिया है। उन्होंने आगे कहा कि लोग कहते हैं नाम में कुछ नहीं रखा लेकिन हमारे शास्त्रों में किसी भी शब्द को निरर्थक नहीं माना गया है। हमने आंवला, मोरिंगा, अश्वगंधा और अब शतावरी के औषधीय गुणों को जन जन तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाया है। यह सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में बतौर विशिष्ट अतिथि एवं अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति, आयुर्वेद आयुष मंत्रालय के पूर्व सलाहकार डॉ. डी सी कटोच ने भी अपने विचार रखें।



■ शिवाजी कॉलेज में आयुर्वेदिक विरासत पर राष्ट्रीय सम्मेलन

यह सम्मेलन राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित रहा। सम्मेलन की मुख्य थीम आयुष मंत्रालय की ही राष्ट्रीय पहल शतावरी बेहतर स्वास्थ्य के लिए के साथ जुड़ी है जिसका लक्ष्य शतावरी औषधीय पौधे के संबंध में जागरूकता, वैज्ञानिक शोध और सतत कृषि को बढ़ावा देना है। जो भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में बड़े पैमाने पर उपयोग होती है। इस दो दिवसीय कार्यशाला एवं सम्मेलन में अलग-अलग क्षेत्र से विशेषज्ञ, शोधार्थी, विद्यार्थी एकेडमिक और औद्योगिक जगत के जाने-माने एंटरप्रेन्योर्स एवं छात्रों ने भागीदारी की। शतावरी एवं औषधीय पौधों से संबंधित लगभग अस्सी पोस्टर प्रस्तुती हुई। और लगभग पचास शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रील-मेकिंग, नारा लेखन (स्लोगन राइटिंग), इन्फोग्राफिक्स और डिजिटल फोटोग्राफी जैसी विभिन्न छात्र प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिव कुमार उर्फ शिब्बू, पुत्रः विनोद, पताः म. नं. बी–69, सुंदर पार्क, शास्त्री नगर, गीता कॉलोनी, दिल्ली** ने **FIR No. 136/2020, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शिव कुमार उर्फ शिब्बू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शिव कुमार उर्फ शिब्बू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।


इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 136/2020, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **शिव कुमार उर्फ शिब्बू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री अनुष्ठा श्रीवास्तव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 07, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/3563/SHD/2026


# दिल्ली नगर निगम का सख्त एक्शन : टैक्स डिफॉल्टरों पर शिकंजे से लाखों की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ 'सुनियो योजना' से ईमानदार करदाताओं को राहत

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने रोहिणी और नरेला जोन में संपत्ति कर डिफॉल्टरों के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। निगम में उक्त जोनों के संयुक्त निर्धारक एवं संग्राहक पंकज सरोहा के नेतृत्व में हाउस टैक्स विभाग ने गैर-फाइलरों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की, जिससे लाखों रुपये की वसूली संभव हो सकी। रोहिणी जोन में 11 मार्च 2026 को समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन के पास सूरज पार्क स्थित एक व्यावसायिक संपत्ति को अटैच किया गया। दस्तावेजों के त्वरित सत्यापन के बाद 14 मार्च को 9.44 लाख रुपये की वसूली कर संपत्ति को डिटैच कर दिया गया। वहीं 17 मार्च को बुध विहार, फेज-2, रिठाला में एक अन्य गैर-फाइलर की संपत्ति अटैच की गई, जिससे 19 मार्च को 4.37 लाख रुपये की वसूली हुई।

### लगभग 14 लाख रुपये की वसूली की

निगम अधिकारी ने बताया कि इस मामले में नरेला जोन में भी अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। 16 मार्च को पूठ खुर्द, शाहबाद क्षेत्र में तीन व्यावसायिक संपत्तियों को करीब 12.86 लाख रुपये के बकाया के लिए अटैच किया गया। इसके अलावा 17 मार्च को नांगलोई-मुंडका (वार्ड-34) और निलोठी (वार्ड-36) में चार संपत्तियों पर कार्रवाई की गई, जिनमें से 19 मार्च तक लगभग 14 लाख रुपये की वसूली हो चुकी है।

**डिफॉल्टरों के खिलाफ सख्ती से बढ़ रही वसूलीः** बताया गया कि इस अभियान की एक खास उपलब्धि रोहिणी जोन में महिला अधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। 17 मार्च को ए.ए. एंड सी. स्नेह अरोड़ा के नेतृत्व में महिला अधिकारियों की एक टीम ने बुध विहार, फेज-2 में कार्रवाई करते हुए 4.37 लाख रुपये की वसूली सुनिश्चित की। एमसीडी की यह कार्रवाई एक संतुलित रणनीति का हिस्सा है, जिसमें एक ओर डिफॉल्टरों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है, वहीं 'सुनियो योजना (संपत्तिकर निपटान योजना)' के माध्यम से स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**पूर्व अवधि का बकाया माफ किया जा रहाः** अधिकारी पंकज सरोहा ने बताया कि सुनियो योजना के तहत वर्ष 2020 से 2026 (5$1 वर्ष) तक का कर जमा करने पर पूर्व अवधि का बकाया माफ किया जा रहा है। एमसीडी ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर समय पर कर जमा करें, जिससे न केवल कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके, बल्कि शहर के विकास में भी योगदान दिया जा सके।

### एनडीएमसी ने पीएनजी पाइपलाइन के कामों पर सड़क बहाली शुल्क किया माफ

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने वर्तमान स्थिति और व्यापक जनहित को देखते हुए एक सर्कुलर जारी किया है ताकि इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा पालिका परिषद के अधिकार क्षेत्र में पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शनों का तेजी से विस्तार किया जा सके। एनडीएमसी प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार इस फैसले का मकसद पाइपलाइन के कामों को तेजी से पूरा करना है, ताकि निवासियों और संस्थानों को बिना किसी अनावश्यक देरी के पीएनजी कनेक्शन मिल सकें। एनडीएमसी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, पीएनजी कनेक्शनों के लिए आईजीएल पाइपलाइन बिछाने पर लगने वाला सड़क बहाली शुल्क, सर्कुलर जारी होने की तारीख से तीन महीने की अवधि के लिए माफ कर दिया गया है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | कुरुक्षेत्र में गीता द्वार से सहारनपुर यमुनानगर रादौर लाडवा कुरुक्षेत्र रोड के ज्योतिसर सेक्शन कि.मी. 76.150 से 85.00 तक रोड के सेंट्रल वर्ज में पौधारोपण के लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव (रोड आईडी–8023) | 20.03.2026 30.03.2026 | 11.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द निर्वाचन क्षेत्र में (हैंड–5054 के तहत) 2 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण, 1. जीन्द–सफीदों रोड से अभितपुर–खोखारी–बोहतवाला–दालमवाला से कंडेरा रोड (परशुराम चौक से बाईपास तक) (रोड आईडी 6607), 2. निर्जन अप्रोच रोड (आईडी 6613)। | बंद होने की तिथि 28.03.2026 | 456.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स जीन्द में किंडर गार्टन का निर्माण। | बंद होने की तिथि 25.03.2026 | 17.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | वर्ष 2026–27 हेतु (12 माह) नूह जिला (2216) में 4 अदद स्थलों के लैंडस्केपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव, 1. राजस्व अधिकारियों की कॉलोनी नूह में पार्क, 2. राजस्व अधिकारियों की कॉलोनी पुन्हाना में पार्क, 3. न्यायिक अधिकारियों की कॉलोनी एफ.पी. झिरका में पार्क, 4. राजस्व अधिकारियों की कॉलोनी तावडू में पार्क और अन्य 12 कार्य। | 19.03.2026 30.03.2026 | 184 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 57200/एल करसोला माइनर पर गांव फरमाना खास आउटफॉल पर नीचे पड़ने वाले क्षेत्र के खेतों से बाढ़ का पानी निकालने के लिए भूमिगत एचडीपीई पाइप लाइन बिछाना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.03.2026 | 239.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | उठान जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, भिवानी में 65 अदद नये इलैक्ट्रिक पैनल्स की आपूर्ति। | 20.03.2026 03.04.2026 | 59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | पंजाब बॉर्डर से घग्गर नदी के मौजूदा मार्जिनल एम्बैंकमेंट्स बायें और दायें साइड तक विभिन्न कमजोर और कर्व प्वाइंट्स पर स्टोन स्टेडिंनिंग/स्टोन बाउल्डर सहित घग्गर बांध का मजबूतीकरण और संरक्षण। | बंद होने की तिथि 26.03.2026 | 834.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xenghaggar@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | स्टोर में बियरिंग ऑयल सर्वो सिस्टम 68 की आवश्यकता और एक अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 25.03.2026 | 1.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/160/44066/I/88/7 दि. 20.03.26

## सुरक्षित और भविष्य के लिए तैयार परिवहन हमारा लक्ष्य : रेखा गुप्ता

# 'सड़कों पर उतरीं 300 नई इलेक्ट्रिक बसें ईवी खरीदारों के खातों में पहुंची सब्सिडी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को इंद्रप्रस्थ बस डिपो से कई अहम परियोजनाओं की शुरुआत और शिलान्यास किया। उन्होंने 300 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और नानकसर (दिल्ली) से गाजियाबाद तक नई अंतरराज्यीय बस सेवा का लोकार्पण किया।

साथ ही दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के बहुमंजिला कार्यालय भवन का शिलान्यास भी किया गया। मुख्यमंत्री ने ईवी इंसेंटिव पोर्टल की शुरुआत करते हुए 12 हजार 877 लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 24 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी भी वितरित की। इन सभी पहलों के जरिए सरकार दिल्ली में हरित, स्वच्छ और आधुनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, जंगपुरा से विधायक तरविंदर सिंह मारवाह सहित अन्य गणमान्य जन और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये पहलें दिल्ली को स्वच्छ, किफायती, सुरक्षित और भविष्य के लिए तैयार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ग्रीन ट्रांसपोर्ट न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि दिल्लीवासियों के जीवन को अधिक सहज और सुविधाजनक बनाएगा। मुख्यमंत्री ने पिछले एक वर्ष में डीटीसी द्वारा किए गए उल्लेखनीय सुधारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहले डीटीसी भारी घाटे में चल रही थी, लेकिन अब सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण यह धीरे-धीरे वित्तीय संतुलन की दिशा में बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में डीटीसी की स्थिति काफी कमजोर हो गई थी, जहां संचालन में अनियमितताएं थीं और संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा था। उनकी सरकार ने इन व्यवस्थागत कमियों को दूर करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा बस डिपो के आधुनिकीकरण, आईएसबीटी के पुनर्विकास, डीटीसी कार्यालय के निर्माण, ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना और प्रदूषण जांच प्रणाली (पीयूसीसी) को सुदृढ़ करने जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। पिछली सरकारों की वित्तीय देनदारियों को भी वर्तमान सरकार द्वारा जिम्मेदारीपूर्वक पूरा किया जा रहा है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहन सब्सिडी के संदर्भ में कहा कि पूर्व में घोषित योजनाओं के बावजूद लाभार्थियों को समय पर सब्सिडी प्राप्त नहीं हुई थी। वर्तमान सरकार ने इस स्थिति को सुधारते हुए पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से पहले चरण में 12 हजार 800 से अधिक लाभार्थियों के खातों में लगभग 24 करोड़ रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनता को उनके अधिकारों का लाभ समय पर और बिना किसी बाधा के प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसा सार्वजनिक परिवहन तंत्र विकसित करना है, जो सुरक्षित, सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल हो।

### जमीन पर उतर रहे हैं विकास कार्य : डॉ. पंकज

दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार हर वादे को जमीन पर उतार रही है। इंद्रप्रस्थ बस डिपो से 300 नई जीरो-उत्सर्जन इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत, नानकसर-गाजियाबाद के बीच अंतरराज्यीय ई-बस सेवा का शुभारंभ और डीटीसी के नए कार्यालय भवन का शिलान्यास, दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में बड़े कदम हैं। उन्होंने कहा कि 300 बसों के शामिल होने से अब दिल्ली में कुल बसों को बेड़ा 6 हजार 100 से ज्यादा हो गया है। ये बसें सीसीटीवी, पैनिक बटन, रियल-टाइम ट्रैकिंग और दिव्यांगजन के अनुकूल सुविधाओं से लैस हैं। उन्होंने कहा कि नानकसर से गाजियाबाद तक करीब 21 किमी की नई ई-बस सेवा शुरू होने से दिल्ली-एनसीआर के हजारों यात्रियों को किफायती और सुविधाजनक यात्रा मिलेगी।

# आशीष सूद ने स्विमिंग पूल का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पिछली सरकार द्वारा दिल्ली में खेल व अन्य परियोजनाओं को केवल लटकाया और प्रचार के नाम पर भटकाया जाता था। वर्ष 2018 में शुरू हुआ स्विमिंग पूल का प्रोजेक्ट जून 2025 तक भी अधूरी और बदहाल स्थिति में था। लेकिन दिल्ली सरकार के प्रयासों से शुक्रवार को इसे जनता को समर्पित किया जा रहा है।

यह बात दिल्ली के शिक्षा एवं खेल मंत्री आशीष सूद ने सरस्वती विहार स्थित एसबीवी, सी-ब्लॉक स्कूल में नवनिर्मित स्विमिंग पूल का लोकार्पण करने के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि इस स्वीमिंग पुल के निर्माण पर 2 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत आई है। यह स्विमिंग पूल छात्रों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में दिल्ली सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक साधारण स्विमिंग पूल नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए अवसरों का एक नया द्वार है।

दिल्ली सरकार शिक्षा के साथ-साथ खेलों के विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है, ताकि छात्रों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकें और वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की शुरुआत वर्ष 2018 में हुई थी, लेकिन लंबे समय तक यह अधर में लटकी रही। अंततः वर्ष 2026 में हम इसे पूर्ण कर उद्घाटन करने में सफल हुए हैं। यह स्विमिंग पूल बच्चों के लिए अनेक नए अवसर लेकर आएगा। सूद ने कहा कि 2018 में शुरू हुआ यह स्विमिंग पूल प्रोजेक्ट जो कई वर्षों तक अधूरा पड़ा रहा उसे हमारी सरकार ने 7 साल बाद पूरा कर दिया है।

# 'अवसर 2026' में मिले डीयू के अनेकों विद्यार्थियों को अवसर

### डीयू कुलपति ने किया जॉब मेले का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) कार्यालय ने 'अवसर 2026' जॉब मेले के नाम से प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप ड्राइव का शुक्रवार को आयोजन किया गया। इस जॉब मेले का आयोजन डीयू के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित मल्टीपर्पज हाल में हुआ। 'अवसर 2026' के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि 'अवसर' में अनेकों युवाओं को अवसर मिलेंगे। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के लिए अति लाभकारी हैं। उन्होंने अधिष्ठाता प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी से इस आयोजन की बारे में जानकारी लेते हुए भविष्य के लिए कई सुझाव भी दिये। उद्घाटन अवसर पर कुलपति ने अपने संबोधन में शिक्षा जगत और उद्योग के बीच साझेदारी को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया और छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि 'अवसर 2026' छात्रों के लिए एक ऐसे प्रवेश द्वार का काम करेगा, जिसके माध्यम से वे आत्मविश्वास और उद्देश्य के साथ अपनी पेशेवर यात्रा शुरू कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर प्रोग्रामों के 4,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रो. रंजन त्रिपाठी ने कहा कि डीएसडब्ल्यू कार्यालय के सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने में अपना अमूल्य सहयोग दिया है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) दिल्ली विश्वविद्यालय इकाई ने विश्वविद्यालय के रोजगार मेले में मुक्त शिक्षा विद्यालय (एसओएल) के विद्यार्थियों को शामिल न करने के निर्णय के विरोध में शुक्रवार को अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। एबीवीपी दिल्ली विश्वविद्यालय इकाई मंत्री अक्षय प्रताप सिंह ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय का यह निर्णय अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अन्यायपूर्ण है।

## आर्य समाज ने मनाया 151वां स्थापना दिवस

नई दिल्ली। आर्य केंद्रीय सभा, दिल्ली राज्य की ओर से नव सम्वत 2083 पर भारत मंडपम में दिल्ली की समस्त आर्य समाजों व आर्य शिक्षण संस्थाओं की ओर से जेबीएम ग्रुप के वाईस चेयरमैन निशांत आर्य के सान्निध्य 151 वां आर्य समाज स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। निशांत आर्य ने कहा कि आर्य समाज द्वारा राष्ट्र सुरक्षा के लिए किये जा रहे ऐतिहासिक कार्य अपने आप में मील के पत्थर सिद्ध हो रहे हैं। वहीं, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि देश विदेश के 15 हजार आर्य समाजों में मानवता कल्याण कार्यों को प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने विश्व शांति के लिए आर्य समाज सदैव अग्रसर रहता है तथा पर्यावरण शुद्धि में सहायक है। आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली के प्रधान जोगेन्द्र खटटर ने युवाओं को बालवाड़ी योजना के माध्यम जोड़ने का आह्वान किया।

# इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज का 25 प्रतिशत भुगतान करके उपभोक्ता ले सकेंगे प्रोविजनल एनओसी : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के आम उपभोक्ताओं और डेवलपिंग एजेंसियों को बड़ी राहत देते हुए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज (आईएफसी) से जुड़ी एक महत्वपूर्ण और व्यावहारिक नीति सुधार को मंजूरी दी है। इस नीति के तहत अब उपभोक्ता और डेवलपर्स बिल्डिंग प्लान अप्रूवल के समय कुल आईएफसी का केवल 25 प्रतिशत भुगतान करके प्रोविजनल एनओसी प्राप्त कर सकेंगे।

शेष राशि को बाद में, पानी के कनेक्शन के अंतिम स्वीकृति के समय लागू दरों के अनुसार समायोजित किया जाएगा। इस बात की जानकारी जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दी है। मंत्री प्रवेश ने कहा कि हमें लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि ऊंचा आईएफसी लोगों को अपना घर बनाने से रोक रहा है। यह न तो नागरिकों के लिए उचित था और न ही सिस्टम के लिए प्रभावी। हमने इसे एक व्यावहारिक और मानवीय दृष्टिकोण से ठीक करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि हम सिस्टम को लोगों के अनुकूल बना रहे हैं, न कि लोगों को सिस्टम के अनुसार संघर्ष करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। अब सिर्फ 25 प्रतिशत भुगतान के साथ निर्माण शुरू किया जा सकता है, और बाकी राशि का निष्पक्ष समायोजन बाद में किया जाएगा। मंत्री प्रवेश ने व्यापक दृष्टि को रेखांकित करते हुए कहा कि यह सुधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के विजन के अनुरूप है। हमारा उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल बनाना, बाधाओं को हटाना और नागरिकों व डेवलपर्स को बिना देरी आगे बढ़ने के लिए सशक्त करना है। दिल्ली को एक कुशल और नागरिक-अनुकूल प्रशासन का मॉडल बनाना है।

मंत्री प्रवेश ने कहा कि हमारा उद्देश्य राजस्व बढ़ाना नहीं, बल्कि एक न्यायसंगत और संतुलित व्यवस्था बनाना है। जब लोग आसानी से भुगतान कर पाएंगे, तभी सिस्टम मजबूत होगा। हम दिल्ली में घर बनाना सरल, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## डीटीसी प्रबंधन ने बदला देवी बसों का रूट, द्वारका सेक्टर 10 से बढ़ाकर की दिचाऊं कला डिपो तक

नई दिल्ली। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने द्वारका सेक्टर 10 तक परिचालन वाले देवी रूट संख्या संख्या डी-9918 का प्रयोग के तौर पर विस्तार दिचाऊं कला डिपो तक कर दिया है। यह रूट 23 मार्च 2026 से लागू होगा। इस बारे में डीटीसी के जनसंपर्क प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि अधिक से अधिक यात्रियों को बस सेवाओं का फायदा दिया जा सके, इसके लिए रूट का विस्तार किया गया है। यह फिलहाल प्रयोग के तोर किया गया है, नतीजे सामने आने के बाद इस पर कोई पूर्ण फैसला लिया जाएगा। इस दिशा में डीटीसी ने देवी रूट संख्या संख्या डी-9918 एनएचआई बिल्डिंग (द्वारका सेक्टर 10 मेट्रो स्टेशन) से दिचाऊं कला डिपो तक वाया द्वारका सेक्टर 19/20 क्रासिंग, द्वारका सेक्टर -19 पॉकेट -2, पुलिस चेक पोस्ट (छावला ककरोला नाला), गोयला डेयरी, गोयला गांव, श्याम विहार, रोशनपुरा से नजफगढ़ होते हुए परिचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी प्रकार की जानकारी चाहिए तो यात्री डीटीसी के कॉल सेंटर से संपर्क कर सकता है।

## मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

नई दिल्ली। आगामी 23 मार्च से प्रारंभ होने वाले विधानसभा बजट सत्र से पूर्व शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान आगामी 24 मार्च को दिल्ली का बजट प्रस्तुत होगा, यह सुनिश्चित हुआ है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट एवं मुख्य सचेतक अभय वर्मा भी उपस्थित रहे। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि



दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर आगामी बजट सत्र की तैयारियों तथा दिल्ली के विकास से जुड़े विभिन्न विधायी विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। हमारी सरकार दिल्ली की प्रगति और जन-आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट प्रस्तुत करने के लिए पूर्णतः समर्पित है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार 23 मार्च को सदन के पटल पर 'आर्थिक सर्वेक्षण' (इकोनॉमिक सर्वे) की रिपोर्ट रखी जाएगी। अगले दिन यानी 24 मार्च को दिल्ली सरकार अपना बजट पेश करेगी।

## स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज में 'युवा महाकुंभ महोत्सव' का आयोजन

नई दिल्ली। 'पुरातन काल से ही भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।' दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज में 'युवा महाकुंभ महोत्सव' के भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन के दौरान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल बी.के. चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने विवेकानंद जी के विचारों का उल्लेख करते हुए बताया कि 'हिंदुत्व' जीवन की पद्धति है। जबकि विशिष्ट अतिथि, उत्तरी विभाग संघचालक डॉ. दिनेश बुरानी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए युवाओं को अपने राष्ट्र के प्रति निष्ठावान रहकर सेवा करने का संदेश दिया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रवीण गर्ग ने बताया कि सर्वप्रथम सनातन संस्कृति और परंपरा का निर्वहन करते हुए भारत माता एवं स्वामी श्रद्धानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। बता दें कि स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संयुक्त रूप से यह आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर, कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. धर्मवीर भारद्वाज, प्रांत युवा संयोजक कविंद्र, उत्तरी विभाग सह युवा संयोजिका डॉ. नेहा, उत्तरी विभाग और नरेला जिला से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लोगों का निकलना हुआ दूभर

# मदनपुर डबास से रानी खेड़ा रोड का बुरा हाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मदनपुर डबास मोड़ से रानी खेड़ा तक चल रहे सीवर लाइन कार्य ने स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दिल्ली जल बोर्ड के अंतर्गत एलटी कंपनी द्वारा किए जा रहे इस कार्य के चलते सड़क पर गंदे पानी का जलभराव हो गया है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कंपनी द्वारा सीवर लाइन के लिए बड़े-बड़े गड्ढे खोदे जा रहे हैं और उनका वेस्ट पानी सीधे नालों में डाला जा रहा है। इसके चलते नालों में मिट्टी जमा हो रही है और वे बार-बार जाम हो रहे हैं। नालों के जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। वहीं, इस संबंध में जल बोर्ड के संबंधित अधिकारी एन के शर्मा से कई बार संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या का सबसे ज्यादा असर रानी खेड़ा, भाग्य विहार, मदनपुर डबास और अंधा कॉलोनी के लोगों पर पड़ रहा है। अंधा कॉलोनी में करीब 350 दिव्यांग लोग रहते हैं, जिन्हें गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी कई गुना बढ़ गई है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि इस रोड पर पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी यहां से गुजरना जोखिम भरा बन गया है।

### गंदे पानी से होकर आना-जाना पड़ रहा

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार एलटी कंपनी और दिल्ली जल बोर्ड से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं, स्कूली बच्चों को भी रोजाना गंदे पानी से होकर आना-जाना पड़ रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### मुख्यमंत्री ने ट्रांसजेंडर समुदाय से किया संवाद

# विकसित दिल्ली के निर्माण में ट्रांसजेंडर समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करेगी सरकार : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



विकसित दिल्ली के निर्माण में ट्रांसजेंडर समुदाय की भागीदारी दिल्ली सरकार सुनिश्चित करेगी। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों से विशेष संवाद करने के दौरान कही।

इस दौरान ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों ने अपने अनुभव, सुझाव और अपेक्षाएं साझा कीं। साथ ही, विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों से सीधे संवाद करते हुए उनकी बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि ट्रांसजेंडर समुदाय से प्राप्त सुझावों को आगामी बजट में प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दोहराया कि सरकार का लक्ष्य ऐसा बजट तैयार करना है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग और समुदाय की जरुरतों और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करे। इस संवाद के दौरान ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों ने 'सहेली पिंक कार्ड' के माध्यम से डीटीसी बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा के निर्णय का स्वागत किया और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहल उनके दैनिक जीवन को आसान बनाने और आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों ने कई अहम सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि उनके लिए सुरक्षित और सम्मानजनक रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं, स्वास्थ्य सेवाएं आसान और संवेदनशील हों और कौशल विकास व रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण को बढ़ावा मिले। साथ ही, उन्होंने बेहतर आवास, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की जरूरत बताई। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का दायरा बढ़ाने और पहचान व दस्तावेज से जुड़ी प्रक्रियाओं को आसान बनाने पर भी जोर दिया गया। प्रतिभागियों का मानना है कि इन क्षेत्रों में ठोस कदम उठाने से ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज की मुख्यधारा में सम्मान के साथ शामिल होने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय समाज का अभिन्न हिस्सा है। उनके सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर कार्य करते हुए हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जनसंवाद के माध्यम से प्राप्त सुझावों को नीति निर्माण में शामिल करना ही सुशासन का आधार है और इसी दिशा में दिल्ली सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

## खबर संक्षेप

### देसी कट्टा सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। अपराध



शाखा बॉर्डर की टीम ने एक आरोपी को अवैध देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिलशाद निवासी खिरवाडी, बुलंदशहर हाल लोनी उप्र के रूप में हुई है। जिसका पूर्व में भी अपराधिक रिकॉर्ड है।

### कैंटर ने पिकअप में मारी टक्कर, एक की मौत

**गुरुग्राम।** सदर थाना एरिया के सोहना रोड फ्लाईओवर पर कैंटर ने पिकअप गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर



रूप से घायल हो गए। जिनमें से एक घायल पीजीआई रोहतक में उपचाराधीन है। पुलिस ने अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार, साजिद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पिकअप गाड़ी में टमाटर भरकर बेचने के लिए गुरुग्राम मंडी जा रहे थे।

### रंजिश में युवक को चाकू घोंपा, गंभीर

**गुरुग्राम।** सेक्टर-14 थाना एरिया में पुरानी रंजिश के चलते युवक को चाकू मारने का मामला सामने



आया है। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही सेक्टर-14 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मूल रूप से बिहार के रहने वाले अजय कुमार (45) ने बताया कि वह भूतेश्वर मंदिर सोहना चौक के पास फुटपाथ पर रहते हैं। यहां पर आदेश, जीतू व गोलू भी रहते हैं। काफी समय पहले उसका जीतू व गोलू से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था।

---

**लोधी राजपूत जनकल्याण समिति ने अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी का 169 वां बलिदान दिवस मनाया**

# इस माटी का कण-कण अवंतीबाई लोधी की वीरता, साहस और शौर्य गाथा से धन्य व गौरवान्वित है: मेयर बत्रा जोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

लोधी राजपूत जनकल्याण समिति (रजि) फरीदाबाद द्वारा अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी चौक एनआईटी फरीदाबाद में शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जी का 169 वां बलिदान दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदकिशोर लोधी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में फरीदाबाद की मेयर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, संस्थापक महासचिव लाखनसिंह लोधी, अध्यक्ष रूपसिंह लोधी,



कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी, भोपाल कश्यप, सुरेश पाठक द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। सभी उपस्थित अतिथियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने 1857 की क्रांति को नई दिशा देने वाली, रेवांचल मुक्ति आंदोलन की सूत्रधार, महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर नमन करते हुए कहा कि इस माटी का कण-कण अवंतीबाई लोधी की वीरता, साहस और शौर्य गाथा से धन्य व गौरवान्वित है। उनका साहस राष्ट्र की सेवा और सम्मान के लिए मर-मिटने की प्रेरणा देती रहेंगी।

#### मीडिया कोर्डिनेटर ने दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने रानी अवंतीबाई लोधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान देशवासियों के हृदय में राष्ट्रप्रेम की ज्योति सदैव प्रज्वलित रखेगा। राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए समर्पित उनका शौर्यपूर्ण इतिहास आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत बना रहेगा। इस अवसर पर समिति संस्थापक/महासचिव लाखनसिंह लोधी ने अवंतीबाई लोधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को मध्यप्रदेश के जबलपुर के पास मनकेड़ी के जमींदार राव जुझार सिंह लोधी परिवार में हुआ था बचपन से ही शस्त्रों से लगाव था। इनका विवाह रामगढ़ के युवराज विक्रमादित्य के साथ हुआ जिनकी दो संतानें अमान सिंह और शेरसिंह थे। 1857 स्वतंत्रता संग्राम की पहली नायिका जिन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया, एफआरआर रैडमैन द्वारा 1912 में सम्पादित मण्डला गजेटियर में इनकी वीरता की गौरवगाथा अंकित है।

#### इनकी रही उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य रूप से रवि वर्मा, अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष, महामंत्री देव लोधी, राम गोपाल लोधी, सचिन तंवर प्रदेशाध्यक्ष जेडीयू, दिगपाल सिंह, संजीव कुशवाहा, अशोक डी स्टार, अतुल सचदेवा, दिनेश प्रसाद सिंह, शीशपाल शास्त्री, कृष्ण जीत डंग, किशन कुमार सैन, ओमप्रकाश लोधी, राजेश लोधी, मंजेश लोधी, आनन्द लोधी, अर्जुन कौशिक, मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

---

**कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने दी यह जानकारी**

# 4 अप्रैल को फरीदाबाद आएंगे मुख्यमंत्री नायब सैनी, बड़े प्रोजेक्टों की होगी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें फरीदाबाद के विकास से जुड़े अनेक बड़े प्रोजेक्टों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बजट में फरीदाबाद को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जिसमें मेट्रो विस्तार, आरआरटीएस, ईस्टवेस्ट कनेक्टिविटी, नए अस्पताल, सडक़ परियोजनाएं तथा अन्य विकास कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद और पलवल को बाढ़ से मुक्त करने के लिए भी सरकार ने बड़ा संकल्प लिया है।

उन्होंने बताया कि यमुना क्षेत्र में स्टोन पिचिंग तथा अन्य स्थायी कार्यों के लिए बड़ी योजना बनाई गई हैए ताकि हर वर्ष होने वाले



नुकसान से लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के विकास के लिए अपनी मांगें लिखित रूप में दें, ताकि उन्हें मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की भागीदारी ही सबसे बड़ी ताकत होती है और जितनी अधिक भागीदारी होगी, उतना अधिक विकास संभव होगा।

महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि जिला अस्पताल फरीदाबाद शहर की पहचान है और यहां मध्यम वर्ग एवं जरूरतमंद परिवारों का सबसे अधिक भरोसा रहता है। नगर निगम और राज्य सरकार को अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए पूर्व में जो मांगें भेजी गई थीं, उन पर तेजी से कार्य हो रहा है। उन्होंने विशेष रूप से हार्ट डिपार्टमेंट सहित नई सुविधाओं के शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन सेवाओं से आम नागरिकों को बेहतर और त्वरित उपचार मिलेगा।

---

**मंत्री गोयल ने किया अस्पताल में हार्ट सेंटर का शुभारंभ**

# अस्पताल में नई सुविधाओं से मिलेगा बेहतर इलाज: मेयर जोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार में राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने आज जिला अस्पताल में हार्ट सेंटर का उद्घाटन किया। उनके साथ नगर निगम मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत आहूजा भी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि कहा कि हृदय रोग से संबंधित इलाज आम आदमी के लिए महंगा होता है, लेकिन अब बीके अस्पताल में कम खर्च में आधुनिक उपचार उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि जहां निजी अस्पतालों में स्टेंट लगाने का खर्च दो लाख रुपये तक होता है। वहीं यहां यह सुविधा किफायती दरों में उपलब्ध होगी।

इसी प्रकार हृदय से संबंधित विभिन्न जांचें भी बाजार दर से काफी कम शुल्क पर की जाएंगी। उन्होंने कहा कि आने वाले एक वर्ष के भीतर अस्पताल के मौजूदा ढांचे में बड़े स्तर पर विस्तार किया जाएगा तथा प्रदेश सरकार द्वारा बजट में लिए गए निर्णय के अनुसार फरीदाबाद में 200 से 400 बेड का नया आधुनिक अस्पताल भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और फरीदाबाद को चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि बीके अस्पताल केवल फरीदाबाद ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लाखों लोगों के लिए जीवन रेखा है। इसलिए यहां सुविधाओं का विस्तार करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा घोषित योजना के अनुसार डायलिसिस की सुविधा प्रदेश में निःशुल्क की गई है और बीके अस्पताल में पिछले एक वर्ष से बड़ा डायलिसिस सेंटर सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर विश्वास न करें, बल्कि सरकारी अस्पतालों में मिल रही सुविधाओं का लाभ उठाएं।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में आवश्यक उपकरण, भवन मरम्मत, नई मशीनें और अन्य रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए भी सरकार द्वारा चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। इसके अलावा अस्पताल में शव वाहन की सुविधा भी जल्द उपलब्ध कराई जाएगी ताकि जरूरतमंद परिवारों को परेशानी न हो। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने बताया की पलवल के सरकारी अस्पताल की तर्ज पर फरीदाबाद के जिला अस्पताल परिसर में भी शीघ्र ही महाकाल रसोई शुरू की जाएगी, जहां मरीजों के परिजनों को मात्र 10 रुपए की रियायती दर पर भोजन मिलेगा तथा प्रारंभिक चरण में जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

---

**पुलिस महानिदेशक दूरसंचार ने अपराध समीक्षा गोष्ठी की**

# अपराध व अपराधियों पर कार्रवाई करना तथा पुलिस की छवि में बढ़ोतरी करना ही उद्देश्य: हरदीप सिंह दून

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दूरसंचार हरियाणा हरदीप सिंह दून द्वारा 20 मार्च 2026 को जिला फरीदाबाद में अपराध समीक्षा गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता, संयुक्त पुलिस आयुक्त राजेश दुग्गल, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक



जोरवाल, पुलिस उपायुक्त सेंट्रल ऊषा, पुलिस उपायुक्त यातायात जयवीर सिंह सहित सभी सहायक पुलिस आयुक्त व सभी थाना प्रबंधक मौजूद रहे। गोष्ठी के दौरान अभिषेक जोरवाल ने विभिन्न बिंदुओं जैसे सीसीटीवी कैमरे, तुलनात्मक अपराध, नए आपराधिक कानून, नशा मुक्ति अभियान, ब्लैक स्पॉट, अधिक अपराध घटित क्षेत्र व अपराधियों का रिकॉर्ड बारे रिपोर्ट प्रस्तुत की। गोष्ठी के दौरान उपरोक्त बिंदुओं पर हरदीप सिंह दून द्वारा मौजूद सभी अधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया और निर्देश दिये कि अपराध व अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए पछवि को बढ़ाया जाए। स्तर पर विशेष अभियान चलाकर जिला फरीदाबाद में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं।

---

**विदेशों में गोपनीय सूचनाएं व डेटा भेजते थे**

# गाजियाबाद में देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त 9 लोग गिरफ्तार, इनमें 5 नाबालिग भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद की कौशाम्बी थाना पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमे पांच नाबालिग भी शामिल हैं। कब्जे से दो सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल फोन और 10 आदत सिम कार्ड बरामद हुए हैं। ये लोग विदेशों को गोपनीय गोपनीय सूचनाओं व डेटा भेजते थे।

अपर पुलिस आयुक्त राजकरन नैयर ने बताया कि 14 मार्च भी देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त लोगों को पकड़ा गया था। जिसके बाद पुलिस उपायुक्त ट्रांसहिंडन के पर्यवेक्षण और अपर पुलिस उपायुक्त अपराध के नेतृत्व मे विशेष एसआईटी का गठन किया गया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को 17 मार्च से पुलिस अभीरक्षा रिमांड में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों से पूछताछ के दौरान नौशाद, समीर, गणेश, विवेक, गगन, दुर्गेश एवं पांच बाल अपचारी समेत कुल 11 लोगों के नाम सामने आए थे। इसके बाद शुक्रवार को 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनमे दो अभी भी फरार चल रहे हैं। गिरफ्तार आरोपितों में गणेश निवासी सुभारती यूनिवर्सिटी पैट्रोल पम्प के पीछे थाना परतापुर मेरठ मूल निवासी ग्राम हिलेछापा ओडा नं0 5 जिला गुलमी लुम्बनी प्रदेश नेपाल, विवेक राय निवासी ग्राम भोवापुर थाना कौशाम्बी , मूल पता ओली टोला जिला पूर्णिया बिहार,गगन कुमार प्रजापति निवासी शास्त्रीनगर मेरठ, दुर्गेश बजरंगी निवासी सोनारी रायगढ नवी मुम्बई महाराष्ट्र मूल पता म0नं0 24 काजीपुर पोस्ट सराय मोहद्दीन जामदारा शाहगंज जौनपुर हैं। बाकी 5 नाबालिग हैं।

पूछताछ में पता चला कि गिरोह का संचालन सीमा पार से किया जा रहा था। सोहेल मलिक, नौशाद अली और समीर गिरोह के मुख्य सदस्य है। सुहैल, नौशाद और समीर और अन्य गिरफ्तार किए गए आरोपियों के माध्यम से देश के विभिन्न स्थानों पर स्थित सुरक्षा बलों के ठिकानों और अन्य महत्वपूर्ण स्थान जैसे की रेलवे स्टेशन आदि की रेकी कर फोटो वीडियो, रिकॉर्ड और जीपीएस लोकेशन रिकॉर्ड की जाती थी। जिसके बाद उसे विदेशी नंबरों पर भेजा जाता था।

---

**मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम**

# मकान में लगी भीषण आग चार लोगों को किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

पॉश सेक्टर-28 के एक घर में शुक्रवार को दोपहर को आग लग गई। आग लगने के कारण चार लोग घर के अंदर ही फंस गए। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम सहित एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद न केवल आग पर काबू पाया बल्कि चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस घटना में किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है। जानकारी अनुसार, दमकल विभाग के अधिकारियों को दोपहर करीब 1 बजकर 29 मिनट पर सूचना मिली कि सेक्टर-28 के एक घर में आग लग गई है। इस घर में चार लोग फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

इसके साथ ही एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर भेजा गया। टीम ने करीब एक घंटे में आग बुझाते हुए बिल्डिंग के अंदर फंसे चारों लोगों को रेस्क्यू कर लिया। इस सूचना पर मौके पर स्थानीय थाना पुलिस सहित पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और यहां लगी लोगों की भीड़ को मौके से हटाया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजकर 40 मिनट तक आग पूरी तरह से बुझ गई और गाड़ियां वापस आ गई। यह आग घर के ग्राउंड फ्लोर पर बने इलेक्ट्रिक पैनल में लगी थी। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण यह घटना हुई है।

---

**खाता में आये थे ठगी के 29 लाख रुपए**

# निवेश के नाम पर 96 लाख 65 हजार रु. की धोखाधड़ी, खाताधारक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

थाना सैंट्रल की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 96,65,000 रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पीरूमल निवासी न्यू स्ट्रीट नगर, विल्लूपुरम, तमिलनाडु को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार सेक्टर-28 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि फेसबुक पर एक शेयर मार्किट में इन्वनेस्टमैन्ट का एक लिंक देखा जिस पर उसने क्लिक किया तो वह व्हाट्सएप के जरिये ग्रुप में जुड़ गया। उसके बाद उसने भी ग्रुप में रुपये इन्वेस्ट करने की सहमति जताई। दो अन्य व्हाट्सएप ग्रुपों में जोड़ा गया। उसके बाद उसके पास एक लिंक भेज कर उसका खाता खुलवाया गया। पुलिस ने आगे बताया कि आरोपी पीरूमल मामले में खाताधारक है और इसके खाता में ठगी के 29,50,000 रुपए आए थे।

### निवेश के नाम पर ठगी एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 1655000 रुपए की ठगी के एक मामले में राहुल वासी गांव टोला सेही, झुन्झुन राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-8 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 12 अप्रैल 2025 को एक टेलिग्राम ग्रुप से जोड़ा गया, जिसमें ट्रैडिंग की सलाह दी जाती थी। उक्त ग्रुप को उसने कुछ दिन तक ऑबजर्व किया और निवेश करने का मन बनाया। जिसके लिए उसका खाता खुलवाया गया और निवेश करने के लिए कहा गया। फिर उसने निवेश करना शुरू किया और उसने कुल 16,55,000 रुपये का निवेश किया। जब उसने पैसे निकालने के लिए कहा तो ग्रुप को डिलिट कर दिया गया। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी राहुल और खाताधारक अंकित एक-दूसरे को पहले से जानते थे। राहुल ने अंकित के खाते में आए ठगी के पैसों को यूएसडीटी में परिवर्तित कर, अंकित द्वारा बताए गए विभिन्न खातों में आगे ट्रांसफर किया। आरोपी राहुल चिडावा में एक साइबर कैफे संचालित करता है।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीलम तोमर पुत्री** नरेंद्र सिंह **निवासी:** ए–44, गली नं0–1, पहला पुस्ता, सोनिया विहार, साबापुर, दिल्ली –110094, ने **FIR No. 243/2020, U/S 379/403/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन कश्मीरी गेट, उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीलम तोमर** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीलम तोमर** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 243/2020, U/S 379/403 /411/34 IPC, पुलिस स्टेशन कश्मीरी गेट, उत्तर जिला, दिल्ली.,** के उक्त अभियुक्त **नीलम तोमर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.06.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री वैभव गर्ग**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–11,**
**केंद्रीय जिला कोर्ट नं0–138, प्रथम तल,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3577/N/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आज़ाद शेख पुत्र** हैदर शेख, **निवासः** झुग्गी पुस्ता, उस्मानपुर गाँव के नज़दीक, दिल्ली ने **FIR No. 000365/2020 U/s 379/411 IPC थानाः करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आज़ाद शेख** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आज़ाद शेख** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 000365/2020 U/s 379/411 IPC थानाः करोल बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आज़ाद शेख** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**निशांत बांगढ़**
**एलडी. जेएमएफसी-01 (मध्य), कमरा नं. 180**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3434/CD/2026**
**(Court Notice)**

---

**शहर में मॉनसून तैयारी पर विशेष फोकस किया**

**आरडीसी की दूसरी समीक्षा बैठक आयोजित की गई**

# एमसीजी कर रहा 245 किलोमीटर सड़क का कार्य, 107 परियोजनाओं पर काम जारी

धर्मेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में निगम कार्यालय में रोड डेवलपमेंट सेल (आरडीसी) की दूसरी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में चल रहे सड़क विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के लक्ष्यों, धूल नियंत्रण, जलभराव वाले क्षेत्रों में सुधार और मॉनसून तैयारी पर विशेष फोकस किया गया।

#### 245 किमी सड़कों पर कार्य

बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार शहर में कुल 108 सड़क परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जिनके तहत लगभग 245.4 किलोमीटर लंबाई पर कार्य जारी है। इनमें 60.87 किलोमीटर लंबाई की 33 मॉडल रोड, 171.22 किलोमीटर की 75 अन्य सड़कें तथा 61.71 किलोमीटर लंबाई की 33 सीएक्यूएम आधारित सड़कें शामिल हैं। ये सभी परियोजनाएं शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

#### धूल नियंत्रण के लिए ग्रीनिंग पर फोकस

सीएक्यूएम के निर्देशों के तहत नगर निगम द्वारा 68.75 किलोमीटर कच्चे रास्तों को पक्का करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही 2.50 किलोमीटर सेंट्रल वर्ज को हरित बनाने और 1 किलोमीटर मार्गों पर ग्रीनिंग कार्य किया जाएगा।

#### मानसून से पहले जलभराव वाले क्षेत्रों पर विशेष तैयारी

37 जलभराव प्रभावित परियोजनाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मानसून से पहले सभी संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त किया जाए। सड़कों की ऊंचाई और ढलान को वैज्ञानिक तरीके से सुधारा जाएं।

#### गुणवत्ता और समयबद्धता पर फोकस

बैठक में निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और गुणवत्ता नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साइट निरीक्षण अनिवार्य किए जाएं तथा जीआईएस आधारित योजना और मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों के प्रदर्शन की सख्ती से समीक्षा की जाएगी और लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी कहा कि बेहतर सड़क अवसंरचना, प्रदूषण नियंत्रण और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### शिकायत निवारण में सुधार

'म्हारी सड़क' पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार कुल शिकायतों में कमी आई है और लंबित शिकायतें 68 प्रतिशत से घटकर 57 प्रतिशत रह गई हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## खबर संक्षेप

### लखनऊ में दिखा चांद ईद-उल-फितर आज




**लखनऊ।** शुक्रवार को ईद का चांद नजर आने की तस्दीक हो गई, जिसके बाद शनिवार को ईद-उल-फितर मनाने का ऐलान किया गया। 30 रमजान को चांद दिखने की पुष्टि होने के साथ ही ईदगाह ऐशबाग समेत शहर की सभी मस्जिदों में तैयारियां तेज हो गई। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद ने बताया कि 29 रमजान को चांद नजर नहीं आया था, इसलिए शुक्रवार को पुष्टि की गई।

### झारखंड कांग्रेस ने पूर्व मंत्री पर लिया कठोर ऐक्शन



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने राज्य के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें 3 वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। उन पर गठबंधन सरकार के सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ लगातार आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की। इस बारे में झारखंड प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति के अध्यक्ष डॉ रामेश्वर उरांव ने एक पत्र जारी करते हुए जानकारी दी।

### बिहार में आंधी, बारिश गयाजी में दो की मौत



**पटना।** बिहार में मौसम का मिजाज बिगड़ गया। गयाजी, सासाराम, औरंगाबाद, समेत कई जिलों में तेज हवाओं के साथ दोपहर बाद बारिश शुरू हो गई। गयाजी में आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत हो गई। मौसम विभाग ने दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर में रेड अलर्ट जारी किया है। यहां आंधी, बारिश के साथ ओलावृष्टि व आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है।

# वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार सुबह वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचीं। राष्ट्रपति के इस वृंदावन दौरे के दौरान भक्ति और सादगी का अनूठा संगम देखने को मिला।

एजेंसी ▶▶ मथुरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने दौरे के दौरान वृंदावन में प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की. शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति श्री हित राधा केली कुंज आश्रम पहुंचीं, जहां उन्होंने प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए और बातचीत की। राष्ट्रपति की इस यात्रा को लेकर पूरे मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सुबह करीब साढ़े 7 बजे सुरक्षा के कड़े पहरे के बीच आश्रम पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू की सादगी देखते ही बन रही थी। प्रेमानंद महाराज ने राष्ट्रपति को ब्रज की महिमा और सेवा भाव का महत्व समझाया।

**मथुरा-वृंदावन में राष्ट्रपति दौरे के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे**



**राष्ट्रपति ने वृन्दावन के दिव्य संत नीम करोली बाबा आश्रम में किए दर्शन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनपद मथुरा के वृंदावन स्थित नीम करौली बाबा आश्रम के दर्शन किए। राष्ट्रपति मुर्मू का आश्रम में आगमन देवी मंदिर की ओर से हुआ, जहां पर उनका स्वागत राधाकृष्ण पाठक जी,देवेन्द्र कुमार शर्मा तथा ग्रुप कैप्टन संदीप भटेले (सेनि) द्वारा किया गया। स्वागत के उपरांत राष्ट्रपति एवं राज्यपाल ने हनुमान मंदिर के दर्शन किए। राष्ट्रपति मुर्मू ने मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा हनुमान मंदिर की परिक्रमा लगाई। हनुमान मंदिर पर रामरूप पुजारी एवं टीसी शर्मा द्वारा उपस्थित रहकर पूजा संपन्न कराई गई।

### रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल के ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का किया उद्घाटन

डॉ. कमल कान्त उपमन्यु

रामकृष्ण मिशन मानवीय संवेदना की उस परंपरा को जी रहा है, जो नर-सेवा नारायण सेवा के विचार के साथ युगपुरुष स्वामी विवेकानंद द्वारा प्रसारित की गई। ऐसे संस्थान स्वस्थ राष्ट्र के प्रयासों को सशक्त बनाने में सहयोगी और सहभागी हैं। यह विचार शुक्रवार को रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल में कैंसर रोगियों को समर्पित आधुनिकतम चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित नंदकिशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन करने के दौरान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने व्यक्त किए। राष्ट्रपति मुर्मू लगभग 12 बजे सेवाश्रम के नवनिर्मित ऑन्कोलॉजी ब्लॉक में पहुंचीं, जहां सेवाश्रम के संतों द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। इसके बाद उन्होंने नंदकिशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक की शिलापट्टिका का अनावरण वैदिक मन्त्रोच्चार के मध्य किया। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, प्रदेश के गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी और बेसिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह भी मौजूद रहे।

## पश्चिम एशिया में युद्ध से यूपी डिफेंस सेक्टर को मिला बूस्ट

# 12 हजार करोड़ का बाजार दोगुना होने के आसार, बन रहे,एंटी ड्रोन सिस्टम

पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध से यूपी में डिफेंस सेक्टर में मांग बढ़ी है। अनुमान है कि 12 हजार करोड़ का बाजार 24 हजार करोड़ हो सकता है। गोला-बारूद, आर्टिलरी पार्ट्स, बुलेटप्रूफ जैकेट, सीमित ड्रोन और हेलमेट जैसे उत्पादों की भारी मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद वैश्विक रक्षा जरूरतों में उछाल ने उत्तर प्रदेश के डिफेंस सेक्टर के लिए बड़ा बाजार खोल दिया है। बढ़ते ऑर्डर और निर्यात के चलते प्रदेश का डिफेंस उत्पादन 12 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर जल्द 24 हजार करोड़ तक पहुंच सकता है। गोला-बारूद, आर्टिलरी पार्ट्स, बुलेटप्रूफ जैकेट, सीमित ड्रोन और हेलमेट जैसे उत्पादों की भारी मांग है। एंटी ड्रोन सिस्टम यूपी में बन रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध और हालिया पश्चिम एशिया संकट ने दुनिया की रक्षा रणनीति को पूरी तरह बदल दिया है।

अब पारंपरिक युद्ध की जगह ड्रोन, स्मार्ट हथियार और एंटी मिसाइल सिस्टम पर फोकस बढ़ गया है। प्रदेश पहले से ही डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र रहा है, जहां डीआरडीओ, आर्डिनेंस फैक्ट्रियां और कई निजी कंपनियां सक्रिय हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में एमएसएमई इकाइयां गोला-बारूद, आर्टिलरी पार्ट्स, बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट जैसे उत्पाद बना रही हैं। वर्तमान में यूपी का डिफेंस उत्पादन 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक है और डिफेंस कॉरिडोर की वजह से इसके दोगुना होने की संभावना है। । वैश्विक स्तर पर भी रक्षा बजट में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिल रही है। जर्मनी और कनाडा जैसे देशों ने पहले रक्षा खर्च कम कर दिया था, लेकिन अब तेजी से बजट बढ़ाया है। अमेरिका पहले से ही दुनिया का सबसे बड़ा रक्षा खर्च करने वाला देश है, जबकि इस्राइल जैसे देश एडवांस एंटी-मिसाइल सिस्टम (जैसे आयरन डोम) पर लगातार निवेश बढ़ा रहे हैं। खास तौर पर ईरान, पश्चिम एशिया, रूस, यूक्रेन से खासी मांग है। कारोबारियों के मुताबिक अब युद्ध 'टेक्नोलॉजिकल वॉर' बन चुका है। ईरान द्वारा कम लागत वाले प्री-प्रोग्राम्ड ड्रोन के इस्तेमाल ने यह साबित कर दिया है कि भविष्य के युद्ध में कम लागत वाले स्मार्ट हथियार निर्णायक हो सकते हैं।

इसी ट्रेंड को देखते हुए यूपी की कंपनियां भी तेजी से नई तकनीकों पर काम कर रही हैं। नोएडा स्थित कंपनियां ड्रोन प्रिवेंशन सिस्टम और सिंथेटिक बैरियर जैसे इनोवेशन ला रही हैं, जो मिसाइल और ड्रोन हमलों के प्रभाव को कम करते हैं। सिंथेटिक बैरियर का इस्तेमाल ईरान, इस्राइल सहित अन्य देशों में तेजी से बढ़ा है। ये पांच किलो वजनी बोरियां होती हैं, जिन्हें इमारत के ऊपर खाली कमरों में भर दिया जाता है। ड्रोन हमले से निकली ऊर्जा को ये बोरियां अवशोषित कर लेती हैं और इमारत को कम नुकसान होता है। एक बोरी की कीमत करीब 600 रुपए है। रक्षा निर्यात के मोर्चे पर भी यूपी की स्थिति मजबूत हुई है। प्रदेश से उत्पाद अब रूस से लेकर नाटो देशों तक भेजे जा रहे हैं।

## तब तक नीतीश करते रहेंगे 'पसंदीदा काम'

# बिहार में नए सीएम पर एनडीए में चर्चा 26 मार्च के बाद



एजेंसी ▶▶ पटना

नीतीश कुमार के राज्यसभा चुनाव जीतने के बाद बिहार में नए मुख्यमंत्री पर सुगबुगाहट तेज है। जनता दल यूनाइटेड और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का कहना है कि नीतीश के बाद बिहार का सीएम कौन होगा, इस पर एनडीए में कोई चर्चा ही नहीं हुई है।

बताया जा रहा है कि नए मुख्यमंत्री के नाम पर विचार-विमर्श अब 26 मार्च के बाद ही किया जाएगा। तब तक सीएम नीतीश कुमार वो काम करते रहेंगे, जो काम उनका सबसे पसंदीदा है।

### सीएम 23 मार्च को जहानाबाद व अरवल का दौरा करेंगे

दरअसल, नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के पांचवें चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। बुधवार को जारी हुए शेड्युल के अनुसार, सीएम 23 मार्च को जहानाबाद और अरवल जिले का दौरा करेंगे। 24 को वे कैमूर और रोहतास में रहेंगे। 25 को भोजपुर एवं बक्सर और 26 मार्च को नालंदा एवं पटना जिले में उनका कार्यक्रम होगा। पटना में ही इस यात्रा का समापन कर दिया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### पश्चिम-एशिया क्षेत्र...

देह को देश वापस लाया जा सकेगा। इसके अलावा भारतीय मिशन इराक, यूएई और ओमान में भी लापता और मृत भारतीयों के शवों को वापस लाने के लिए वहां स्थानीय अधिकारियों से संपर्क में बने हुए है। वहीं, युद्ध के बीच अब तक कुल करीब 3 लाख भारतीय सुरक्षित वापस लौटे हैं। जिनमें से ज्यादातर लोगों को ओमान, सऊदी अरब और जॉर्डन के रास्ते लाया गया है। बताते चलें कि युद्ध प्रभावित पूरे इलाके में भारतीयों की कुल संख्या 1 करोड़ है। इराक में सेफसी विष्णु जहाज से बचाए गए 15 भारतीय 20 मार्च को सऊदी अरब से भारत पहुंच रहे हैं। साथ ही 24 अन्य नाविकों की भी वतन वापसी हो गई है।

### ब्रिक्स में आम सहमति ...

देश (ईरान, यूएई) भी शामिल हैं। अभी मामले को लेकर सभी देशों के साथ हमारी बातचीत जारी है। यूएई की अंतरराष्ट्रीय मामलों की राज्य मंत्री के साथ हाल में हुई डॉ.जयशंकर की बातचीत में वहां रह रहे भारतीय समुदाय का मसला शामिल रहा। उनकी देखभाल और कल्याण के लिए उठाए जा रहे कदमों को लेकर हमने यूएई का धन्यवाद भी दिया है। साथ ही क्षेत्र में जारी मौजूदा गतिविधि पर दोनों नेताओं के बीच चर्चा की गई है।

**यूं हुई 3 लाख भारतीयों की वतन वापसी :** विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम. आर. महाजन ने कहा कि युद्ध के बाद से लेकर अब तक समूचे इलाके से कुल 3 लाख भारतीय नागरिक सुरक्षित देश लौटे हैं। इनमें से ज्यादातर लोग सऊदी अरब, ओमान से आए हैं। जबकि कुछ लोगों को इजरायल से होते हुए जॉर्डन के रास्ते भी भारत पहुंचाया गया है। खाड़ी क्षेत्र में हवाई उड़ानों की स्थिति में सुधार है। अतिरिक्त उड़ानों का संचालन लगातार जारी है। 20 मार्च को यूएई के विभिन्न हवाईअड्डों से 90 फ्लाइट के भारत के अलग-अलग इलाकों के लिए उड़ान भरने की संभावना है। ओमान और सऊदी अरब से भी भारत के लिए उड़ानें आ रही हैं। कतर का एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला है, जिससे कतर एयरवेज की 10 गैर पंजीकृत उड़ानें भारत के लिए संचालन करेंगी। कुवैत का एयरस्पेस बंद है। लेकिन जजीरा एयरवेज (कुवैत) विशेष गैर पंजीकृत उड़ानों के साथ भारत के लिए उड़ानों का आगाज करने के लिए तैयार है। सऊदी अरब के अल कैसुमा इंटरनेशनल हवाईअड्डे से शुक्रवार को पहली फ्लाइट कोच्चि आएगी। जिसमें भारतीय कुवैत से भारत आएंगे। बहरीन का एयरस्पेस भी बंद है। इसलिए वो भी अपनी गैर पंजीकृत उड़ानों को सऊदी अरब के दम्माम हवाईअड्डे से संचालित कर रहे हैं। वहां से भारतीय देश लौटेंगे। कुवैत, बहरीन और इराक में हवाई उड़ान पाबंदियां लागू हैं। ऐसे में ये देश भारतीयों को सऊदी अरब के रास्ते स्वदेश पहुंचा रहे हैं। साथ ही हम ईरान में फंसे हुए भारतीयों को आर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते भारत ला रहे हैं। इसके अलावा इजरायल से फंसे हुए भारतीयों को जॉर्डन से देश वापस लाया जा रहा है।

### पीएम, विदेश मंत्री ...

और निर्बाध नौवहन के लिए खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कतर के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए क्षेत्र के नागरिक व ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों को अस्वीकार्य बताया। भारतीय समुदाय की देखभाल और समर्थन के लिए उन्होंने कतर के अमीर के प्रति आभार जताया और क्षेत्र में शांति- स्थिरता की कामना की। वार्ता के बीच पीएम ने कतर के अमीर और वहां की आम जनता को ईद की शुभकामनाएं भी दीं। पीएम मोदी की इन उच्चस्तरीय वार्ताओं का सार यही है कि इनके जरिए वो क्षेत्र में ऊर्जा, नागरिक ढांचों पर जारी हमलों का कड़े शब्दों में विरोध कर रहे हैं। साथ ही उनकी प्राथमिकता इलाके में बड़ी तादाद में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण बना हुआ है। उन्होंने इन देशों द्वारा की जा रही भारतीयों की देखभाल तथा उनकी सुरक्षित वापसी के लिए धन्यवाद दिया है। भारत संवाद-कूटनीति से समस्या का हल निकालने और मजबूती से होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की निर्बाध आवाजाही के पक्ष में खड़ा है। उधर, अपनी बातचीत में थाईलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने के लिए अनुतिन चर्नविराकुल को प्रधानमंत्री ने बधाई दी है। विदेश मंत्री ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री, दक्षिण-कोरिया की उप-विदेश मंत्री और भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त के साथ बातचीत की है। जिसमें पश्चिम-एशिया सहित आपसी संबंधों को मजबूत बनाने के मुद्दे पर चर्चा की गई।

### 7,500 उपभोक्ताओं

हुए हैं और 13 हजार 700 से ज्यादा कनेक्शन वितरित किए गए हैं। देश में पैनिक बुकिंग के आंकड़े में कमी आई है। 93% गैस बुकिंग ऑनलाइन हुई हैं और डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के जरिए सिलेंडरों की डिलीवरी जारी है। 55 लाख सिलेंडरों की बुकिंग की गई। जिनकी डिलीवरी भी हुई है।

### सरकार के हाथ में ...

एलपीजी सिलेंडर न दे पाएं। घरेलू सिलेंडर डिलीवरी के लिए प्रयासों में जितनी विविधता की आवश्यकता थी। उतना केंद्र ने किया है। इसके अलावा आपातकालीन योजना के तहत हमारी तेल रिफाइनरियों के अंदर एलपीजी का उत्पादन बढ़ाया गया है।

### देश में हुई 4 हजार...

उपभोक्ता वैकल्पिक ईंधन पर भी ध्यान दें और उन्हें अपनाएं। साथ ही एलपीजी व अन्य ऊर्जा स्रोतों का सदुपयोग करें। एलएनजी के मामले में हमारी समस्या इसक बड़ा आयात मध्य-पूर्व से किया जाना है। 47% हम कतर से खरीदते हैं। हालात के मद्देनजर ही हम आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के लिए विविधता लाने के प्रयासों में लगे हैं।

### बंदरगाहों पर बनी ...

कदम उठाए हैं। इसी क्रम में न्यू मेंगलोर बंदरगाह ने भी एक सकुर्लर जारी कर क्रूड और एलपीजी को लेकर कार्गो चार्जेज में छूट दी है। जो 14 से 31 मार्च तक वैध रहेगी। साथ ही बंदरगाह में 3 हजार 500 वर्गमीटर का अतिरिक्त कवर वाला शेड और 76 हजार वर्गमीटर की ओपन यार्ड स्टोरेज क्षमता भी बनाई गई है। मंत्रालय पश्चिम-एशिया की उभरती हुई स्थिति के मद्देनजर जहाजों की आवाजाही, बंदरगाहों की स्थिति, भारतीय नाविकों की सुरक्षा और समुद्री व्यापार की लगातार निगरानी करने में लगा हुआ है।

### हरियाणा में जल जीवन ...

एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू हस्ताक्षरित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी तथा मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव यशपाल उपस्थित रहे।

**जल आपूर्ति के दीर्घकालिक प्रबंधन पर ध्यान:** सैनी ने कहा कि जल जीवन मिशन-2.0 के अंतर्गत राज्य सरकारों व केंद्र सरकार के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए आज हुआ यह एमओयू बहुत महत्वपूर्ण है। जल जीवन मिशन के दूसरे चरण में राज्य सरकार का ध्यान केवल जल आपूर्ति तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि उसकी गुणवत्ता, स्थिरता और दीर्घकालिक प्रबंधन पर भी केंद्रित होगा। इसके तहत जल भंडारण टैंकों का आधुनिकीकरण, शेष परिवारों को पाइप लाइन जल आपूर्ति से जोड़ना और दक्षिण हरियाणा के जल संकटग्रस्त क्षेत्रों जैसे नूंह, पलवल और महेंद्रगढ़ में विशेष परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा।

**जल जीवन मिशन में शत-प्रतिशत कवरेज हासिल :** इन सभी योजनाओं पर लगभग 3000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के पहले चरण में हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल और पर्याप्त पेयजल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने का राज्य सरकार ने जो संकल्प लिया, उसे साकार भी किया। वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन की जब शुरुआत हुई थी तब हरियाणा में केवल 58 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों में नल का कनेक्शन था, लेकिन सरकार के सतत प्रयासों से 6 अप्रैल, 2022 को ही सरकार ने शत-प्रतिशत कवरेज हासिल कर देश के अग्रणी राज्यों में अपना स्थान बनाया है। यह उपलब्धि हरियाणा के लाखों परिवारों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव का प्रमाण है।

**घर में स्वच्छ जल उपलब्ध हो रहा:** उन्होंने कहा कि एक समय था जब महिलाओं को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था, लेकिन अब महिलाओं को उनके घरों में ही स्वच्छ जल उपलब्ध कराने से आए परिवर्तन सामाजिक सम्मान और जीवन स्तर में सुधार का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में जल आपूर्ति का एक मजबूत और व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया जा चुका है।

### प्रतिकूल मौसम से ...

आकलन, बीमे के सही क्लेम और किसानों की त्वरित सहायता पर भी है। केंद्रीय कृषि मंत्री के निर्देश पर यह समीक्षा बैठक ऐसे समय में आयोजित की गई, जब कई राज्यों में मौसम की अनिश्चितता, फसल-क्षति की आशंका और किसानों की त्वरित सहायता की आवश्यकता प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं ताकि नीति, राहत और मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं की पहुंच तीनों स्तरों पर समन्वित रूप से सुनिश्चित की जा सके।

**फसल-क्षति का वैज्ञानिक आकलन और बीमा क्लेम पर विशेष ज़ोर:** चौहान ने बैठक में उपस्थित केंद्रीय कृषि सचिव, कृषि आयुक्त तथा सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को जहां भी सहायता की आवश्यकता हो, वहां राज्य सरकारों के साथ समन्वय बनाकर शीघ्र क्रॉप कटिंग प्रयोग, नुकसान का वैज्ञानिक आकलन और त्वरित राहत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में तेज बारिश, ओलावृष्टि या मौसम की अन्य प्रतिकूल स्थितियों से नुकसान हुआ है, वहां फील्ड स्तर पर समयबद्ध कार्रवाई अनिवार्य है ताकि किसी भी किसान को राहत के लिए इंतजार न करना पड़े। चौहान ने सभी अधिकारियों को कहा कि राज्यों के साथ तुरंत संवाद करें, संपर्क करें, ताकि ढंग से क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट हो सके, नुकसान का आकलन किया जा सके, और अगर नुकसान किसान को हुआ है तो ठीक ढंग से, वैज्ञानिक तरीके से उनके बीमे के क्लेम बन जाएं ताकि हम अपने किसान भाई और बहनों की मदद कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि मौसम विभाग ने आगे दो और पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना जताई है, इसीलिए किसानों को क्या सलाह दी जाए, इस पर भी व्यापक स्तर पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

**प्रतिकूल मौसम, मौसम पूर्वानुमान और जोखिम प्रबंधन :** बैठक में मौसम पूर्वानुमान और फसलों की ताज़ा स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई ताकि आने वाले दिनों में संभावित मौसम जोखिमों के अनुसार तैयारी की जा सके। चौहान ने कहा कि कृषि विभाग, राज्यों और संबद्ध संस्थाओं को मिलकर ऐसी कार्ययोजना बनानी चाहिए, जिससे किसान को समय पर सलाह, सहायता और सुरक्षा मिले। उन्होंने स्पष्ट किया कि कृषि क्षेत्र का लक्ष्य केवल उत्पादन नहीं, बल्कि किसान की सुरक्षा, आय स्थिरता और समय पर सहायता होना चाहिए, और फसल-स्थिति, मौसमीय जोखिम, प्रोक्योरमेंट रेडीनेस तथा राहत तंत्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाना आवश्यक है।

### आगरा दौरे पर केंद्रीय ...

भारतीय कालीन उद्योग को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता और स्थिरता मानकों के अनुरूप बना रहे हैं।

**डिजाइन और निर्यात बढ़ाने पर चर्चा :** मंत्री ने निर्यातकों, डिजाइनरों और उद्योग से जुड़े अन्य हितधारकों के साथ संवाद किया। इस दौरान वैश्विक डिजाइन रुझानों, केले के रेशे जैसे वैकल्पिक और टिकाऊ कच्चे माल के उपयोग तथा "इंडिया हैंडमेड" ब्रांड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने पर विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने 'विजन एनएक्सटी' जैसे स्वदेशी ट्रेंड पूर्वानुमान उपकरण की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि इससे डिजाइन क्षमताओं को बढ़ाने और निर्यात प्रतिस्पर्धा को मजबूती मिलेगी।

**फुटवियर उद्योग में तकनीकी वस्त्रों का बढ़ता महत्व :** इसके बाद गिरिराज सिंह ने एक फुटवियर निर्माण इकाई का दौरा कर वहां हो रहे तकनीकी विकास का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी वस्त्रों के समावेश से उत्पाद की गुणवत्ता और निर्यात क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। मंत्री ने इस क्षेत्र में नवाचार को आगे बढ़ाने में युवा पेशेवरों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।

**हितधारक बैठक में बने रणनीतिक सुझाव :** फुटवियर, तकनीकी वस्त्र और संबद्ध उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में फुटवियर निर्माण में तकनीकी वस्त्रों का उपयोग बढ़ाना, उत्पादन और डिजाइन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता व उन्नत तकनीकों का विस्तार, उत्पाद नवाचार और डिजाइन क्षमता को सुदृढ़ करना, निर्यात-उन्मुख, उच्च गुणवत्ता वाले फुटवियर के निर्माण को बढ़ावा और वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए रणनीति तैयार करने पर विस्तार से विमर्श किया।

**तकनीकी वस्त्र बदलेंगे उद्योग की दिशा :** मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि तकनीकी वस्त्र भारत के फुटवियर उद्योग को उच्च मूल्य, डिजाइन-आधारित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदलने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी दोहराया कि सरकार पारंपरिक उद्योगों जैसे कालीन और हस्तशिल्प के साथ-साथ उभरते क्षेत्रों को भी पूरा समर्थन दे रही है।

**हस्तशिल्प प्रदर्शनी में दिखी सांस्कृतिक समृद्धि :** दौरे के दौरान आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी में स्थानीय कारीगरों की कला और सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया गया। मंत्री ने कारीगरों के कौशल की सराहना करते हुए कहा कि यह भारत की पहचान और निर्यात क्षमता का मजबूत आधार है।

### एयर इंडिया का ...

अनुसार निर्णय लेते हुए विमान को वापस बुलाया गया। विमान सुरक्षित उतरा और सभी यात्री एवं चालक दल सुरक्षित बाहर आए। हम अपने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं।"

**यात्रियों के लिए व्यवस्था:** एयरलाइन के अनुसार, दिल्ली में यात्रियों के लिए होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई और उन्हें जल्द से जल्द उनके गंतव्य तक पहुंचाने के प्रयास किए गए। बताया गया है कि अगली सुबह यही उड़ान दोबारा रवाना की गई, जिसमें सभी यात्रियों को भेजा गया।

**भारी आर्थिक नुकसान की आशंका :** विशेषज्ञों के अनुसार, इस घटना से एयरलाइन को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। एक बोइंग 777 विमान प्रति घंटे लगभग 8 से 9 टन ईंधन की खपत करता है। ऐसे में लगभग 8 घंटे की अनियोजित उड़ान से ईंधन, संचालन और अन्य खर्चों में बड़ा नुकसान हुआ। यात्रियों को जान जोखिम में रही, सो अलग।

**जांच और सवाल :** इस घटना ने एयरलाइन के परिचालन प्रबंधन और नियामकीय अनुपालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह देखा जा रहा है कि इतनी बड़ी चूक कैसे हुई और उड़ान से पहले आवश्यक स्वीकृतियों की पुष्टि क्यों नहीं की गई! फिलहाल मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। वैश्विक स्तर पर एयर इंडिया के इस लापरवाही ने दुनिया भर के विशेषज्ञों की निगाह खींची है, सभी हतप्रभ हैं। उनके बीच चर्चा हो रही है।

**492 को योगी खुद सौंपेंगे**

### 1,228 नवचयनित नर्सिंग अफसरों को 22 को मिलेगा ज्वाइनिंग लेटर



**लखनऊ।** योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में सरकार रविवार को 1,228 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेगी। इनमें से 492 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे जबकि शेष को लाइव प्रोग्राम के दौरान 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज और दो संस्थानों में जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। योगी सरकार ने इस वर्ष प्रदेश के डेढ़ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। इसी के तहत कई विभागों में भर्ती प्रक्रिया चल रही है जबकि विभिन्न विभागों में भर्ती का विज्ञापन निकालने की तैयारी अंतिम चरण में है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग में खाली पदों पर नियुक्ति करने के निर्देश दिए थे ताकि प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी मिल सके। इसी के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं दो चिकित्सा संस्थानों में रिक्त नर्सिंग अधिकारियों के पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी। ऐसे में लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग में 1,228 नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।



# रिलीज के बाद धुरंधर 2 का पायरेटेड वर्जन पहुंचा पाकिस्तान

**मुंबई।** धुरंधर 2 फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। रिलीज के एक दिन में ही इसके चर्चे पाकिस्तान तक होने लगे हैं। अब पाकिस्तान में भी लोग धुरंधर 2 के मजे ले रहे हैं, लेकिन सिनेमाघरों में नहीं टीवी पर। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें पाकिस्तान में लोग टीवी में 'धुरंधर 2' देखते नजर आए। खालिद महमूद खालिद नाम के एक पत्रकार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'वॉचिंग धुरंधर 2 इन लाहौर।' अब ये पोस्ट वायरल हो रही हैं और लोग इसपर पाकिस्तान की जमकर ट्रोलिंग कर रहे हैं। इस पर आदित्य राज कौल ने जवाब देते हुए निराशा जताई। आदित्य राज कौल फिल्म धुरंधर से रिसर्च कंसल्टेंट के तौर पर भी जुड़े थे। उन्होंने लिखा, 'दुख की बात है कि धुरंधर द रिवेंज का पायरेटेड वर्जन आज ही पाकिस्तान पहुंच गया।'

लाइफ Style

# वामिका

## भूत बंगला में अलग अंदाज में आएंगी नजर

फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी भी नजर आएंगी। इस हॉरर फिल्म में वह सिर्फ ग्लैमर का तड़का नहीं लगा रही है, वह अलग ही अंदाज में दर्शकों को देखने को मिलेंगी। फिल्म भूत बंगला को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रूबरू होंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं। सूत्रों के अनुसार फिल्म 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया। पिछले दिनों फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्मयी जीव है जो सबको डराता है। फिल्म 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में असरानी की भी झलक मिलेगी। पिछले साल इस दिग्गज अभिनेता ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।



हॉलीवुड मसाला



# वैल को निधन के 1 साल बाद एआई ने किया जिंदा

**लॉस एंजिल्स।** 'बैटमैन फॉरएवर' और 'टॉप गन' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले दिवंगत एक्टर वैल किल्मर की बीते साल अप्रैल में मौत हो गई थी। 65 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। अब जब फैंस यह मानकर चल रहे थे कि वह अपने फेवरेट एक्टर को पर्दे पर दोबारा नहीं देख पाएंगे, जनरेटिव एआई ने उन्हें डिजिटली फिर से जिंदा कर दिया है। जी हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हम और आप अपकमिंग फिल्म !कब्र की तरह गहरा' में वैल किल्मर को एक्टिंग करते हुए देखेंगे। इस फिल्म के लिए उन्हें साल 2020 में कास्ट किया गया था। उन्होंने इसके कुछ हिस्सों की शूटिंग की थी, जबकि कई सीन शूट नहीं कर पाए थे। अब इस खबर ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कई फैंस जहां एक्टर को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं, वहीं कइयों ने इसे तकनीक का 'घटिया इस्तेमाल' बताया है।



# डिज्नी ने किया समर 2028 लाइन-अप का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी ने हाल ही में अपनी समर 2028 लाइन-अप का ऐलान कर दिया है। इसमें 'इनक्रेडिबल्स 3' और 'लिलो एंड स्टिच 2' को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया गया है, जिसमें इन दो बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस अपडेट के बाद अब फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ गई है। डिज्नी के मुताबिक, एनिमेशन फिल्म 'इनक्रेडिबल्स 3' 16 जून 2028 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस बार फिल्म को पीटर सोहन डायरेक्ट करेंगे, जबकि ब्रैड बर्ड इसमें राइटर के तौर पर जुड़े रहेंगे। वहीं दूसरी तरफ, 'लिलो एंड स्टिच 2' 26 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'लिलो एंड स्टिच 2' की बात करें, तो इसकी कहानी क्रिस सैंडर्स लिख रहे हैं, जो इस फ्रेंचाइजी के ओरिजिनल क्रिएटर भी हैं। मेकर्स ने इन फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए शेयर की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों फिल्में कुछ हफ्तों के अंतर में रिलीज होंगी, जिससे समर 2028 में डिज्नी का बड़ा बॉक्स ऑफिस धमाका देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर, डिज्नी की ये अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है और 2028 का समर सीजन एंटरटेनमेंट से भरपूर रहने वाला है।



# सरके चुनर तेरी गाने की सिंगर ने मांगी माफी


**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया गाना 'सरके चुनर तेरी' को लेकर विवाद मचा हुआ है। गाने के बोल और डांस स्टेप्स को लोगों ने आपत्तिजनक पाया, जिसके बाद इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। आखिरकार सरकार ने गाने पर एक्शन लेते हुए इसके हिंदी वर्जन को यूट्यूब से हटा दिया। अब गाने के कन्नड़ वर्जन 'सरसे निन्ना सेरागा सरसे' की सिंगर मंगली, जिन्होंने हिंदी वर्जन भी गाया है, उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। लोगों से माफी मांगते हुए सिंगर ने जल्द ही गाने के संशोधित वर्जन के रिलीज होने की बात कही। मंगली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने लोगों से 'सरके चुनर तेरी' गाने को लेकर उठे विवाद पर माफी मांगी। मंगली ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए, गीत को सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।



# रश्मिका ने जाहिर की अवॉर्ड मिलने की खुशी

**मुंबई।** तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉड्र्स 2025 में रश्मिका मंदाना को 'द गर्लफ्रेंड' में उनकी एक्टिंग के लिए स्टेट अवॉर्ड दिया गया। जिसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के जीवन का 2026 एक महात्वपूर्ण साल रहा। 'मैसा' आने वाली है। वहीं फरवरी में विजय देवराकोंडा के साथ उनकी शादी भी हुई है। इसके साथ ही उनके बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी लाइन अप हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने राज्य स्तर पर सम्मान पाने की खुशी जाहिर की। 19 मार्च 2026 की रात तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉड्र्स 2025 के शानदार आयोजन में रश्मिका मंदाना भी पहुंची थी। वहां उन्हें 'द गर्लफ्रेंड' के लिए इस स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अपनी इस खुशी को रश्मिका ने सोशल मीडिया पोस्ट को जरिए शेयर किया।

टीवी मसाला



# नागिनों ने किया रॉकेट लॉन्च, दी सलामी, लोगों ने उड़ाई खिल्ली

नई दिल्ली। एकता कपूर का शो 'नागिन 7' जब से शुरू हुआ है, तब से किसी न किसी कारण से खबरों में बना ही रहता है। इस बार तो हद ही हो गई जब नागिनों ने रॉकेट लॉन्च करके उसे सलामी दी। ये सीन खूब वायरल हो रहा है और खिल्ली भी उड़ रही है। 'नागिन 7' में रॉकेट लॉन्च को सलामी देते हुए नागिनों का एक सीन वायरल होने के बाद से ही हलचल मची हुई है। देशभक्ति और कल्पना के इस मिश्रण ने लोगों का ध्यान खींचा है, जिससे ऑनलाइन रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई है। कलर्स टीवी पर हाल ही में प्रसारित एक एपिसोड में दिखाए गए इस सीन में नागिनें अपने मानव रूप में आकाश में रॉकेट लॉन्च देखती हुई दिखाई देती हैं। रॉकेट के उड़ान भरने के साथ ही सभी सलामी देते हैं, जबकि बैकग्राउंड में वंदे मातरम की धुन बजती है। इस सीन ने एक्स पर रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी, जिसमें यूजर्स ने शो के क्रिएटर्स पर मजेदार कमेंट किए। एक ने लिखा- यह किसी बॉलीवुड फिल्म के सीन जैसा लग रहा है। एक ने कहा- इन नागिनों ने इतिहास बदल दिया है। दूसरे ने मजाक में कहा- इन नागिनों को बॉर्डर पर भेज दो। तीसरे ने कहा- भारतीय टीवी शो और उनका कभी न खत्म होने वाला नाटक। एकता कपूर का शो 'नागिन' लंबे समय से भारतीय टेलीविजन के सबसे फेमस शोज में से एक रहा है। वर्षों से, इसने एक फैनबेस बनाया है और साथ ही अपनी अलग कहानी और अनोखे सीन्स के कारण बार-बार वायरल भी हुई है।

## हिना ने हाथों में लगाई ईद की मेहंदी

**नई दिल्ली।** हिना खान ने ईद की हाथों में मेहंदी लगाई। इसमें पति रॉकी जायसवाल का भी नाम लिखवाया। हिना ने हाथों के साथ-साथ पैरों पर भी खूबसूरत मेहंदी लगवाई। इस मौके पर उन्होंने सलवार, झुमके और चूड़ियां भी पहनीं। हिना खान बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उनकी मदमस्त अदाएं फैंस के दिलों पर छुरियां चला रही हैं, पर कुछ लोगों को इस पर भी परेशानी हो गई। उन्होंने अपने तानों और कमेंट्स से हिना खान के ईद के जश्न में खलल डालने की कोशिश की। जहां कुछ ने पूछा कि क्या हिना ने रोजे रखे थे, जो वो ईद मना रही हैं, तो वहीं कुछ ने ताना मारा कि जो लोग रोजे नहीं रखते हैं उनकी ईद दो दिन पहले ही शुरू हो जाती है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ईद की तैयारियां दिखाते हुए 12 तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट पर जहां फैंस ने प्यार बरसाया, वहीं कुछ यूजर्स ने ऊल-जुलूल कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक ने लिखा, 'जो रोजे नहीं रखते, उनकी ईद दो दिन पहले आ जाती है।'



# टॉलीवुड, कॉलीवुड और बॉलीवुड नहीं सिर्फ भारतीय सिनेमा होना चाहिए

**मुंबई।** उगादी के अवसर पर बीते दिन तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉड्र्स 2025 आयोजित हुए। यहां भारतीय सिनेमा के कई सितारे पहुंचे। कुछ को सम्मानित भी किया गया। अवॉर्ड नाइट में दिग्गज अभिनेता कमल हासन और मेगा स्टार चिरंजीवी को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी दौरान दोनों सितारों ने इस बात पर जोर दिया कि देश में क्षेत्रीय सिनेमा की बाउंड्रीज नहीं होनी चाहिए। सिर्फ एक ही सिनेमा यानी 'भारतीय सिनेमा' होना चाहिए। तेलंगाना गद्दर फिल्म अवाड्र्स 2025 में कमल हासन ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से भारत की क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्रीज के बीच की सीमाओं को खत्म करने की अपील की। वहीं, चिरंजीवी ने हैदराबाद को देश का सिनेमा का हब बनाने का अपना



विजन पेश किया। बता दें कि बीती रात दोनों दिग्गज सितारों को सम्मानित किया गया। कमल हासन को इस अवॉर्ड फंक्शन में पैडी जयराज फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, मेगास्टार चिरंजीवी को एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद दोनों सितारों ने मंच से कुछ ऐसा कहा, जिसकी इंडस्ट्री को काफी समय से जरूरत थी। अवॉर्ड फंक्शन में कमल हासन ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर रुख किया और उनसे एक गुजारिश की। कमल हासन ने कहा, 'क्योंकि इस एकता के असली हीरो आप हैं, इसलिए मैं आपसे गुजारिश करता हूं अब और टॉलीवुड, कॉलीवुड, बॉलीवुड, मॉलीवुड या सैंडलवुड नहीं। अब सिर्फ एक ही नाम होना चाहिए।

# ओपनिंग डे पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई के बाद भी धुरंधर 2 की दर्शकों ने गिना दी कमियां

**मुंबई।** गुरुवार को 'धुरंधर 2' ने सिनेमाघरों में कदम रखा और पहले ही दिन सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म बन गई। इस फिल्म को लेकर रिलीज से पहले ही अलग तरह का बज बना हुआ था, लेकिन कुछ दर्शकों, फैंस को इसमें कमियां भी नजर आईं।



## उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी

फिल्म 'धुरंधर' के बाद फैंस को 'धुरंधर 2' से काफी उम्मीद थी। लेकिन, यह उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। एक यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, 'एक सिनेमा प्रेमी के तौर पर मैं पार्ट 2 से बहुत ज्यादा उम्मीदें लेकर गया था। लेकिन, यह उन उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। फिल्म बेवजह खिंची हुई लगती है। वह जबरदस्त कहानी कहने का अंदाज, जिसने पहले हिस्से को इतना कामयाब बनाया था, यहां नदारद है। यह पूरी तरह से बुरी तो नहीं है, लेकिन इसने जो वादा किया था, उसके मुकाबले यह यकीनन निराश करने वाली फिल्म है।' इसी तरह की शिकायत कई लोगों को फिल्म से है, 'धुरंधर 2' का रन टाइम लगभग चार घंटे था, जो कि कई लोगों के लिए काफी ज्यादा था। इतनी देर बैठकर फिल्म देखना कई लोगों के लिए मुश्किल हो गया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'थोड़ी धीमी शुरुआत, ज्यादा हिंसा और थोड़ी ज्यादा ही पॉलिटिक्स। लेकिन, बिना किसी गलती के डायरेक्टेड और जबरदस्त एक्टिंग वाली फिल्म है। इसे जरूर देख सकते हैं।'

## किसी ने खोखली फिल्म तक कह दिया

कुछ लोगों को 'धुरंधर 2' लंबी और वॉयलेंस से भरी फिल्म लगी, लेकिन इसे फिर भी वह दिखने की बात कहते हैं। लेकिन ,कुछ दर्शकों ने इसे खोखली फिल्म कह दिया। एक यूजर ने ट्वीट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अभी-अभी यह फिल्म देखी। यह बहुत शोरगुल वाली और खोखली फिल्म है। इसमें कहानी से ज्यादा शोर है, बहुत ज्यादा हिंसा है। गालियों से भरी हुई और एक खींचे हुए प्रोपेगैंडा नैरेटिव पर बेस्ड है। रणवीर सिंह भी हमजा के तौर पर दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रहे।' ट्वीट में आगे लिखा है, 'बस भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव का एक ही घिसा-पिटा एंगल है, न कोई अच्छा संगीत है, और न ही कोई भावनात्मक या देशभक्ति से जुड़ाव है। आप यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आदित्य धर आखिर क्या करना चाह रहे थे? कहानी सुनाना या फिर बस टकराव का फायदा उठाना।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बारिश

# बॉर्डर 2 से चिरैया तक रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' ने दस्तक दे दी है। संभव है कि आप भी वीकएंड पर इस फिल्म को देखने का प्लान बना रहे हों, लेकिन अगर आप घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखना चाह रहे हैं तो इस बार की लिस्ट काफी दिलचस्प है। एक्शन से लेकर सस्पेंस तक का डोज दर्शकों को मिलने वाला है।

### बॉर्डर 2

सिनेमाघरों में जबर्दस्त कमाई करने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' अब ओटीटी पर भी आ चुकी है। यह सीरीज 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस वीकएंड पर आप इसे परिवार के साथ देख सकते हैं। यह फिल्म 1997 की क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे हैं।

### अ डिफरेंट मैन

यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। सेबेस्टियन स्टेन और एडम पियर्सन अभिनीत यह फिल्म 20 मार्च 2026 से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। यह एक ऐसे शख्स की कहानी है, जो चेहरे की सर्जरी के बाद बाहरी रूप तो बदल लेता है, लेकिन अपने आंतरिक संघर्षों से नहीं जीत पाता।



### डेडलॉक सीजन 2

अगर आपको क्राइम मिस्ट्री देखना पसंद है तो 'डेडलोक सीजन 2' आपके लिए शानदार विकल्प है। इस सीजन में डिटेक्टिव डल्सी और एडी रेडक्लिफ एक बार फिर लौट आए हैं। इस बार वे एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। यह 20 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### चिरैया

दिव्या दत्ता, प्रसन्ना बिष्ट और संजय मिश्रा अभिनीत वेब सीरीज 'चिरैया' इस वीकएंड देखी जा सकती है। यह सीरीज आज 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। यह सर्वेदनशील कहानी पर आधारित सीरीज है। सीरीज महिला केंद्रित है, मगर यह पुरुषों को भी जरूर देखनी चाहिए।

### जटाधारा

सोनाक्षी सिन्हा की एक्शन थ्रिलर फिल्म भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। इस फिल्म में एक 'धन पिशाचिनी' (धन के राक्षस) की कहानी के जरिए आस्था और तर्क के बीच के टकराव को दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया था। हालांकि, इसकी सिनेमैटोग्राफी, विजुअल इफैक्ट्स और अभिनय की तारीफ हुई थी। 20 मार्च से 'जटाधारा' जी5 पर उपलब्ध है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन जयपुर में आज इंटरएक्टिव सेशन में उद्योगपतियों से करेंगे संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र को देश के सबसे भरोसेमंद और उभरते निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर निवेश आकर्षण की सक्रिय मुहिम चला रहे हैं।

वे विभिन्न राज्यों में रोड-शो और उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन संवाद के माध्यम से औद्योगिक संभावनाओं को निवेशकों के सामने रख रहे हैं। भीलवाड़ा में टेक्सटाइल सेक्टर पर केंद्रित सफल संवाद के बाद अब मुख्यमंत्री 21 मार्च को जयपुर के आईटीसी राजपूताना में इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्यूनिटीज इन मप्र में उद्योग जगत से सीधा संवाद करेंगे।

## चयनित निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकें होंगी



जयपुर में आयोजित सत्र विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों कृषि, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, नवीकरणीय ऊर्जा, माइनिंग एवं मिनरल्स तथा पर्यटन से जुड़े उद्योगपतियों और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता का साक्षी बनेगा। मुख्यमंत्री के साथ प्रत्यक्ष संवाद तथा चयनित निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकें प्रमुख आकर्षण रहेंगी।

### मप्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना है उद्देश्य

कार्यक्रम का उद्देश्य जयपुर एवं राजस्थान के आसपास के क्षेत्रों के उद्योगपतियों और निवेशकों को मप्र में उपलब्ध औद्योगिक अवसरों, उन्नत अधोसंरचना, नवीन औद्योगिक नीतियों तथा आकर्षक प्रोत्साहन योजनाओं की प्रत्यक्ष एवं तथ्यात्मक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें राज्य में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश है कि मप्र अब संभावनाओं तक सीमित राज्य नहीं रहा, बल्कि नीतिगत स्पष्टता, त्वरित निर्णय क्षमता और मजबूत औद्योगिक आधार के साथ निवेश को धरातल पर उतारने वाला अग्रणी राज्य बन चुका है। उनका मानना है कि निवेश केवल पूंजी का प्रवाह नहीं, बल्कि रोजगार सृजन, कौशल विकास, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और समग्र क्षेत्रीय विकास का माध्यम है।

### समग्र और समावेशी विकास की ओर अग्रसर मोहन सरकार

मोहन सरकार की प्राथमिकताओं में भी निरंतरता स्पष्टता दिखाई देती है। मध्यप्रदेश ने निवेश आकर्षण व औद्योगिक आधार को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। वहीं वर्ष 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में चिन्हित करते हुए मुख्यमंत्री अब कृषि, एग्री-बिजनेस, फूड प्रोसेसिंग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को औद्योगिक विकास के साथ समेकित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है। यह संतुलित दृष्टिकोण राज्य को समग्र विकास की ओर बढ़ा रहा है।

## टेक्सटाइल, ईवी-ऑटोमोबाइल, फूड प्रोसेसिंग और पर्यटन सेक्टर के निवेशक होंगे शामिल

### निवेशकों को राज्य में उद्योग स्थापित करने आमंत्रित करेंगे सीएम

मुख्यमंत्री मप्र में निवेश के अवसरों, नई औद्योगिक नीतियों और बेहतर अधोसंरचना की जानकारी देते हुए निवेशकों को राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित करेंगे। भारत की तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्था के इस दौर में देश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी निर्णायक उपस्थिति दर्ज करा रहा है, तब मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने औद्योगिक विस्तार और संतुलित क्षेत्रीय विकास को लेकर एक स्पष्ट, आत्मविश्वासपूर्ण और परिणामोन्मुख रणनीति के साथ आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय निवेश परिदृश्य में भी मध्यप्रदेश अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए स्वयं को एक उभरते हुए निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहा है।

### जयपुर में यह दूसरा प्रमुख आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 26 फरवरी को राजस्थान के भीलवाड़ा में टेक्सटाइल सेक्टर पर केंद्रित एक सफल इंटरएक्टिव सत्र में मप्र के धार जिले में देश के पहले पीएम मित्र पार्क में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए जयपुर में यह दूसरा प्रमुख आयोजन हो रहा है, जिसके माध्यम से मप्र अपने औद्योगिक सामर्थ्य और निवेश संभावनाओं को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत कर रहा है। राज्य की ओर से अल्प समय में 18 नई औद्योगिक नीतियों का क्रियान्वयन तथा दो 'जन विश्वास अधिनियमों' को लागू कर प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल बनाया जाना इस परिवर्तनशील और निवेशोन्मुखी दृष्टिकोण का स्पष्ट प्रमाण है।

---

प्रदेश के सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स की सिंहस्थ 2028 के संबंध में हुई कार्यशाला

# सिंहस्थ का आयोजन आस्था, आध्यात्म और प्रकृति का अद्भुत समागम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 का आयोजन आस्था, आध्यात्म और प्रकृति का अद्भुत समागम होगा। सिंहस्थ के मुख्य राजसी स्नान और अन्य स्नान शिप्रा के जल से ही हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सिलारखेड़ी सेवरखेड़ी परियोजना प्रगतिरत है। वर्तमान दौर में सोशल मीडिया बहुत महत्वपूर्ण है, जो सुशासन और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करने का सशक्त मार्ग है। डॉ यादव मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा सिंहस्थ-2028 के कार्यों की जानकारी प्रदान करने प्रदेश के सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स की उज्जैन में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ-2028 के लिए कान्ह क्लोज डक्ट, सेवरखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना, शहर के आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण, सीवरेज कार्य, मेला क्षेत्र विकास, जिले की कनेक्टविटी को देश से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे 6 लेन और 4 लेन मार्गों, रेलवे लाइन, एयरपोर्ट आदि विकास कार्यों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सिंहस्थ के लिए किए जा रहे भीड़ प्रबंधन के उपाय, सुरक्षा व्यवस्था, एआई टेक्नोलॉजी का क्रॉउड मैनेजमेंट, श्रद्धालुओं को जानकारी प्रदान करने, पार्किंग आदि में उपयोग संबंधी जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर सेंसिटव जानकारी पोस्ट करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करना और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने के बारे में चर्चा की।

» **वर्तमान दौर में सोशल मीडिया बहुत महत्वपूर्ण**

» **शासन और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करने का सशक्त मार्ग है सोशल मीडिया**



सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।



## पं. दुबे का विधानसभा अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल भुलाया नहीं जा सकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्व पं. कुंजीलाल दुबे तीन बार मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रहे। अध्यक्ष के रूप में उन्होंने हिन्दी भाषा को प्रतिष्ठित स्थान दिलाने में बड़ा योगदान दिया। पं. दुबे के विधानसभा अध्यक्षीय कार्यकाल की सुदीर्घ सेवाओं और संसदीय परम्पराओं को और भी समृद्ध बनाने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। डॉ. यादव ने गुरुवार को स्व. पं. कुंजीलाल दुबे की 130वीं जन्म जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा भवन परिसर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



विधानसभा भवन में श्रद्धांजलि देते सीएम और विधानसभा अध्यक्ष।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने भी दी पुष्पांजलि

*मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. दुबे की समाजोन्मुखी सेवाओं के लिए वर्ष 1964 में इन्हें पद्मभूषण की उपाधि से विभूषित किया गया। विद्या और ज्ञान के क्षेत्र में की गई सेवाओं और उपलब्धियों के लिए पं. दुबे को 1965 में एलएलडी की उपाधि दी गई, वहीं 1967 में विक्रम विश्वविद्यालय ने इन्हें डी-लिट की उपाधि प्रदान की थी। वे सदैव हमारी स्मृतियों में बने रहेंगे। पुष्पांजलि कार्यक्रम में मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, विधायक भगवानदास सबनानी, प्रमुख सचिव विधानसभा अरविन्द शर्मा तथा भूतपूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व पं. दुबे के परिजन सहित विधानसभा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।*

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे 'आनंद के आयाम' राष्ट्रीय संगोष्ठी' का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के अवसर पर आयोजित 'आनंद के आयाम- राष्ट्रीय संगोष्ठी' का शुभारंभ करेंगे। संगोष्ठी स्वर्ण जयंती सभागार, प्रशासन अकादमी, भोपाल में शुक्रवार 20 मार्च को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। इसमें हार्टफुलनेस संस्थान, हैदराबाद के कमलेश डी पटेल (दाजी) मुख्य संबोधन देंगे। संगोष्ठी में आनंद और प्रसन्नता के विविध आयामों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। संगोष्ठी में 'आनंद' के विषय-विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधकर्ता, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल होंगे। राज्य आनंद संस्थान की स्थापना वर्ष 2016 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा नागरिकों के बीच आंतरिक कल्याण, भावनात्मक दृढ़ता और मूल्य-आधारित जीवन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। मध्यप्रदेश देश का पहला और एकमात्र राज्य है, जहां 'आनंद विभाग' कार्यरत है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्देश्य नागरिकों में आनंद, आंतरिक कल्याण की भावना और मूल्य-आधारित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। यह आयोजन सुशासन और जनभागीदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## बड़वानी एवं मुरैना में दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को एक एक करोड़ रुपए की दी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पुलिस अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाएं कठिन परिस्थितियों में पुलिस परिवारों के लिए सशक्त सहारा बनकर सामने आ रही है। बड़वानी एवं मुरैना में हुई घटनाओं में दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को भारतीय स्टेट बैंक की पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत एक-एक करोड़ रुपए की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई है।

पुलिस बल बड़वानी में पदस्थ स्व. आरक्षक जयेश वर्मा का एक दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो जाने पर उनका वेतन खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा अंजड़ में पुलिस सैलरी पैकेज योजना से संबद्ध होने के कारण उनके नामांकित उत्तराधिकारी को दुर्घटनावश मृत्यु बीमा के रूप में एक करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल की ओर से परिजनों को उक्त राशि का चेक सौंपा गया।



### पुलिस सैलरी पैकेज योजना से परिजन को सौंपे चेक

*इससे पूर्व सागर जिले में हुई एक दुखद सड़क दुर्घटना में बीडीडीएस टीम के पुलिसकर्मियों के निधन के बाद मुरैना में स्व. आरक्षक प्रद्युम्न दीक्षित एवं स्व. आरक्षक अनिल कौरव के परिजनों को भी एसबीआई पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत एक-एक करोड़ रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक मुरैना समीर सौरभ ने परिजनों को उक्त राशि के चेक सौंपे। मध्यप्रदेश पुलिस की ओर से सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस वेतन पैकेज खाता के जरिए अनेक वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें एक करोड़ रुपए का आकस्मिक मृत्यु बीमा, होम लोन पर विशेष ब्याज दरें, मुफ्त डेबिट कार्ड और बीमा परिवार के लिए अतिरिक्त आर्थिक सुरक्षा कवच शामिल हैं।*

## 1500 करोड़ की लागत से हाइवे-49 बनेगा फोरलेन, मंजूरी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शहर के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग -49 के शेष हिस्से को फोरलेन बनाने की दिशा में बड़ी पहल शुरू हो गई है।

छत्तीसगढ़ के इस प्रमुख औद्योगिक मार्ग को उन्नत करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने अकलतरा के तरौद चौक से रायगढ़ होते हुए ओडिशा बॉर्डर तक फोरलेन सड़क निर्माण की योजना तैयार की है। राज्य शासन ने 155 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना को मंजूरी दी है। इसमें तरौद चौक अकलतरा से रायगढ़ तक 115 किलोमीटर और रायगढ़ से ओडिशा बॉर्डर तक 40 किलोमीटर का हिस्सा शामिल है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 1200 से 1500 करोड़ रुपए तय है। विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए मंत्रालय ने इंडियन टेक्नो कंपनी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है।

---

नोएडा से चल रहा था फर्जी कॉल सेंटर

# महिला की आवाज में देशभर में करते थे करोड़ों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गाजियाबाद निवासी अनिल कुमार, अजय तिवारी और रिंकू सिंह को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी नोएडा के गौर सिटी मॉल में फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर देशभर के लोगों को बीमा पॉलिसी की मैच्योरिटी राशि और लोन दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी कर रहे थे। आरोपियों ने रायपुर के मुजगहन निवासी परमजीत सिंह चड्डा से ही 9.60 लाख रुपये ठग लिए थे।

बीमा मैच्योरिटी के नाम पर बनाया शिकार पुलिस के मुताबिक, प्रार्थी परमजीत सिंह चड्डा को नवंबर 2024 में एक कॉल आया, जिसमें खुद को बैंक अधिकारी बताकर कहा गया कि उनके नाम पर 98.64 लाख रुपये की बीमा पॉलिसी मैच्योर हो चुकी है। आरोपी अनिरुद्ध चौधरी और उसकी सहयोगी सरला आर्या ने प्रोसेसिंग फीस, कागजी कार्रवाई, टैक्स और एनओसी के नाम पर अलग-अलग किश्तों में रकम जमा कराई। झांसे में आकर प्रार्थी ने मार्च से जुलाई 2025 के बीच अलग-अलग बैंक खातों में कुल 9.60 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब आरोपियों ने आरबीआई के फर्जी दस्तावेज और डीडी भेजे, तब शक होने पर प्रार्थी ने बैंक में जांच कराई, जहां ठगी का राजफाश हुआ।

### नोएडा के गौर सिटी मॉल में रेड और गिरफ्तारी

*मामले की जांच में जुटी एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और मुजगहन पुलिस ने मोबाइल नंबर और बैंक खातों का तकनीकी विश्लेषण किया। जांच के दौरान आरोपियों की लोकेशन दिल्ली-एनसीआर में मिली। पुलिस टीम को दिल्ली भेजा गया, जहां नोएडा के गौर सिटी मॉल में संचालित फर्जी कॉल सेंटर पर रेड की कार्रवाई की गई।*

### महिला की आवाज निकालकर करते थे बात

*पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए आवाज बदलकर महिला बनकर बात करते थे, जिससे लोग आसानी से उनके झांसे में आ जाते थे। यह गिरोह पिछले करीब नौ महीने से सक्रिय था और देशभर में लोगों को ठग चुका है। रेड के दौरान मौके से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। आरोपियों की पहचान और जांच जारी पुलिस अब उनसे अन्य राज्यों में हुई ठगी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, गिरोह ने फर्जी मोबाइल नंबर और बैंक खातों का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपाई थी। गिरफ्तार आरोपियों में अनिल कुमार (37) निवासी लोनी देहात, अजय तिवारी (33) निवासी विजय नगर और रिंकू सिंह (42) निवासी शालीमार गार्डन, गाजियाबाद शामिल हैं।*

पुलिस महकमे में हड़कंप

# तमनार के जंगलों में प्रोफेशनल तरीके से उगाई जा रही अफीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ में अवैध अफीम की खेती का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। दुर्ग और बलरामपुर के बाद अब रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती का खुलासा हुआ है।

प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कई एकड़ जमीन पर खड़ी फसल का मुआयना किया और कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तमनार के ओडिशा बॉर्डर से लगे आमाघाट वन क्षेत्र में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियों की चर्चा थी। नदी किनारे अवैध खेती की सूचना मिलने के बाद तमनार पुलिस ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस, एफएसएल, राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। जांच में संगठित तरीके से की जा रही अफीम की खेती का खुलासा हुआ।

### खेत में अफीम की फसल देख अधिकारी भी चौंके

*मौके पर अफीम की फसल देखकर पुलिस और अधिकारी भी हैरान रह गए। जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोग भी मौके पर पहुंचने लगे, जिन्हें सुरक्षा कारणों से रोका गया। एसएसपी शशि मोहन सिंह भी तत्काल मौके के लिए रवाना हुए। जांच में दो प्लॉट में अफीम के पौधे मिले। पौधों से निकले डोडों पर ब्लेड से चीरा लगाकर उत्पाद निकालने के संकेत मिले हैं।*

क्राइम ब्रांच ने रंगे हाथों पकड़ा

# मेडिकल इक्विपमेंट में छिपाकर मंगा रहा था दिल्ली से कोकीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच और देवेंद्र नगर थाना पुलिस ने एक युवक को कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी मेडिकल उपकरणों के भीतर छिपाकर कोकीन मंगाने का शातिर तरीका अपनाता था।

पुलिस के अनुसार, गीतांजलि नगर निवासी कृष्ण कुमार अग्रवाल को उस समय पकड़ा गया, जब वह देवेंद्र नगर स्थित एक कोरियर कंपनी से पार्सल रिसीव कर बाहर निकल रहा था। जांच के दौरान पार्सल में रखी बीपी (ब्लड प्रेशर) मशीन के भीतर छिपाकर रखी गई 4.55 ग्राम कोकीन बरामद की गई।

### एंटीक और मेडिकल सामान के बीच छिपाता था ड्रग्स

*प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी कोकीन को एंटीक आइटम और मेडिकल इक्विपमेंट के बीच छिपाकर कोरियर के जरिए मंगवाता था, ताकि किसी को शक न हो। इस बार भी उसने बीपी मशीन के अंदर ड्रग्स छिपाकर मंगवाई थी।*

### गाड़ी और मोबाइल भी जब्त

*पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कोकीन के साथ एक चार पहिया वाहन और मोबाइल फोन भी जब्त किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी अपने ड्राइवर के नाम से कोरियर मंगवाता था और खुद रिसीव करने पहुंचता था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी दिल्ली के किसी निक नाम के सप्लायर से कोकीन मंगवाता था।*

## 2028 तक स्मार्ट मीटर अनिवार्यता में दी गई छूट

मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने लिया निर्णय

# अब बिना स्मार्ट मीटर भी मिलेगा बिजली कनेक्शन गरीब और आदिवासी परिवारों को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में गरीब और दूरदराज के आदिवासी परिवारों के लिए बिजली कनेक्शन लेना अब आसान हो जाएगा।



मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने बड़ा फैसला लेते हुए नए कनेक्शन के लिए स्मार्ट या प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता को मार्च 2028 तक टाल दिया है। इस निर्णय से विशेष पिछड़ी जनजातियों और ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

अब तक नियम था कि हर नए बिजली कनेक्शन के लिए स्मार्ट या प्रीपेड मीटर लगाना अनिवार्य होगा। लेकिन जमीनी स्तर पर नेटवर्क की कमी, तकनीकी ढांचे का अभाव और उपकरणों की अनुपलब्धता के कारण दूरदराज गांवों में यह व्यवस्था लागू नहीं हो पा रही थी। इसके चलते कई जरूरतमंद परिवार बिजली कनेक्शन से वंचित रह जाते थे। आयोग ने इन व्यावहारिक समस्याओं को स्वीकार करते हुए बिजली कंपनियों को राहत दी है। अब कंपनियां नए कनेक्शन देने और खराब या जले हुए मीटर बदलने के लिए पारंपरिक (कन्वेंशनल) मीटर या नॉन-स्मार्ट प्रीपेड मीटर का उपयोग कर सकेंगी। खासतौर पर उन ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां नेटवर्क सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां यह व्यवस्था लागू की जाएगी।

### स्मार्ट मीटरः सिर्फ मशीन नहीं, पूरा सिस्टम

बिजली कंपनियों ने आयोग को बताया कि स्मार्ट मीटर केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि एक पूरा डिजिटल इकोसिस्टम है। इसमें सर्वर, नेटवर्क कनेक्टिविटी और बिलिंग इंटीग्रेशन जैसी सुविधाएं जरूरी होती हैं। इन व्यवस्थाओं के बिना स्मार्ट मीटर प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकते। साथ ही, देशभर में बढ़ती मांग के कारण स्मार्ट मीटर की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। कंपनियों की प्रगति और लक्ष्य

प्रदेश की तीनों बिजली वितरण कंपनियां-ईस्ट, सेंट्रल और वेस्ट डिस्कॉम-अपने-अपने क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही हैं, लेकिन अभी लक्ष्य से काफी पीछे हैं।

ईस्ट डिस्कॉमः 56.50 लाख लक्ष्य, 25.90 लाख अवार्ड, सेंट्रल डिस्कॉमः 41.35 लाख लक्ष्य, 20.99 लाख अवार्ड

वेस्ट डिस्कॉमः 39.84 लाख लक्ष्य, लगभग 11.75 लाख अवार्ड

इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अलग-अलग समयसीमा तय की गई है, जो 2026 से 2027 तक फैली हुई है। प्रदेश में बिजली चोरी और लाइन लॉस के कारण वितरण कंपनियों को हर साल करोड़ों रुपए का नुकसान होता है। इसी घाटे को कम करने के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।


## समग्र शिक्षा बजट की मप्र को जारी हुई चौथी किश्त, मिले 688.44 करोड़ रुपए

**भोपाल।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के द्वारा मध्यप्रदेश को समग्र शिक्षा की चौथी और अंतिम किश्त भी जारी कर दी गई है। देश के बड़े राज्यों में मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जिसे इस केन्द्रीय योजना की चौथी किश्त जारी की गई है। भारत सरकार के द्वारा समग्र शिक्षा की चौथी किश्त में मध्यप्रदेश को 688.44 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। समग्र शिक्षा योजना देश भर में केन्द्र और राज्य सरकारों के मिश्रित बजट से संचालित की जाती है। राज्य सरकार के द्वारा स्वयं की 40 प्रतिशत अंश निधि जारी करने एवं पिछली किश्त की कुल राशि का न्यूनतम 75 प्रतिशत व्यय करने के बाद ही केन्द्र सरकार के द्वारा अगली किश्त प्रदान की जाती है। इस उपलब्धि पर स्कूल शिक्षा और परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में स्कूली शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता और निरन्तर किए जा रहे संवेदनशील प्रयासों को दर्शाती है।

## चिंतन

# आईपीएल से पूर्व ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कड़ा एक्शन

आईपीएल जैसे बड़े आयोजनों से ठीक पहले केंद्र सरकार का ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कड़ा एक्शन सिर्फ एक प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि डिजिटल दौर में बढ़ती एक गंभीर सामाजिक समस्या के खिलाफ चेतावनी है। चमक-दमक, बड़े-बड़े विज्ञापन और सेलिब्रिटी के चेहरे इन सबके पीछे छिपा कड़वा सच अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी का खेल असल में आम लोगों की जेब काटने का सुनियोजित तंत्र बन चुका है। सरकारी आंकड़े खुद इस खतरे की गंभीरता को उजागर करते हैं। 300 वेबसाइट्स और एप्स को एक साथ ब्लॉक करना और अब तक 8400 प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाना बताता है कि यह कोई छोटा-मोटा मामला नहीं है। खास बात यह है कि इनमें से अधिकांश प्लेटफॉर्म अवैध रूप से संचालित हो रहे थे और करोड़ों रुपये का लेनदेन बिना किसी पारदर्शिता के कर रहे थे। यह न सिर्फ आर्थिक अपराध है, बल्कि सामाजिक असंतुलन को भी जन्म देता है। ऑनलाइन सट्टेबाजी का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। पैसा कमाने का लालच, मोबाइल स्क्रीन पर एक क्लिक की दूरी और जीत की झूठी कहानियां, ये सब मिलकर एक ऐसा भ्रम पैदा करते हैं, जिसमें फंसकर लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा बैठते हैं। आंकड़े बताते हैं कि करीब 90 फीसदी लोग इस खेल में हारते हैं, लेकिन प्रचार ऐसा किया जाता है, मानो हर कोई जीत रहा हो। यही धोखा सबसे बड़ी ऑनलाइन ठगी का मकड़जाल है। सरकार द्वारा लागू किया गया प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 इस दिशा में एक बड़ा और सख्त कदम है। रियल मनी गेम्स पर पूर्ण प्रतिबंध, सख्त सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान, और एक नियामक संस्था का गठन, ये सभी उपाय इस उद्योग को नियंत्रित करने के लिए जरूरी थे। खासकर यह प्रावधान कि गेम खेलने वाले यूजर्स को सजा नहीं होगी, बल्कि प्लेटफॉर्म चलाने और प्रचार करने वालों पर कार्रवाई होगी, एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। हालांकि, इस कानून के कुछ पहलुओं पर बहस भी जरूरी है। स्किल बेस्ड और चांस बेस्ड गेम्स दोनों पर एक समान प्रतिबंध लगाना कई विशेषज्ञों को कठोर लगता है। तर्क यह है कि कुछ गेम्स वास्तव में कौशल पर आधारित होते हैं और उन्हें पूरी तरह प्रतिबंधित करना डिजिटल नवाचार और गेमिंग इंडस्ट्री के विकास को प्रभावित कर सकता है। लेकिन सरकार का पक्ष साफ है कि जहां पैसे का दांव लगेगा, वहां शोषण और धोखाधड़ी की संभावना बनी रहेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि ई-स्पोर्ट्स और बिना पैसे वाले सोशल गेम्स को बढ़ावा देने की बात इस कानून में शामिल है। इससे यह संकेत मिलता है कि सरकार गेमिंग के खिलाफ नहीं, बल्कि अवैध और शोषणकारी मॉडल के खिलाफ है। यह संतुलन बनाना आसान नहीं है, लेकिन जरूरी है। इसके अलावा, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना, स्कूल-कॉलेज स्तर पर वित्तीय शिक्षा देना और विज्ञापनों पर कड़ी निगरानी रखना भी जरूरी कदम हैं। सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट पर सख्ती से नियम लागू किए जाने चाहिए, ताकि वे बिना जिम्मेदारी के ऐसे प्लेटफॉर्म्स का प्रचार न कर सकें। ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ यह कार्रवाई समय की मांग है। यह सिर्फ कानून का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज के भविष्य का सवाल है। सरकार ने पहल कर दी है, अब जिम्मेदारी समाज और नागरिकों की भी है कि वे इस डिजिटल जाल को पहचानें और उससे दूर रहें। तभी यह लड़ाई सच में जीती जा सकेगी।



जिरहनामा
कनक तिवारी

क्या है भगतसिंह का तात्विक अर्थ? दुनिया में कोई नौजवान बुद्धिजीवी मैदानी योद्धा पैदा नहीं हुआ जिसने कम से कम पांच वर्ष देश के इतिहास को अपने कांधों पर उठाए रखा। भगतसिंह आजीवन प्रतिबद्ध समाजवाद की हैसियत के लिए लड़ते रहे। संविधान सभा की बहस में समाजवाद का बार बार उल्लेख होने पर भी भगतसिंह का जिक्र किसी सदस्य ने नहीं किया। भगतसिंह इतिहास से ज्यादा देश का भविष्य हैं। पाठ्यक्रम में भगतसिंह शामिल नहीं किए जाते। नास्तिक भगतसिंह का उद्बोधन था कि गरीब के लिए इंकलाब और आर्थिक बराबरी लाने, समाजवाद को साकार करने, देश का निर्माण करने, चरित्र के नये आयाम गढ़ने तथा दुनिया में हिन्दुस्तान का यश रेखांकित करने के लिए किसी मजहब के अहसान की ज़रूरत नहीं होनी चाहिए।

# शहादत के जांच-घर में हम फेल हैं!

पांच बरस बाद एक भारतीय बुद्धिजीवी क्रांतिकारी की शहादत की शताब्दी होगी जिसके नाम से अंगरेज हुक्कामों की घिग्गी बंध जाती थी। दुर्भाग्यवश देश में कोई संप्रदाय, जाति, प्रदेश, धर्म, राजनीतिक दल, आर्थिक व्यवस्था उन्हें पूरी तौर पर अपना नहीं पाई है। अनसुलझा सवाल चीख रहा है कि दुनिया के इतिहास में तेईस, चौबीस वर्ष की उम्र के बुद्धिजीवी भगतसिंह का यही चेहरा अपने ही देश के इतिहास और राजनीति में सबसे धुंधला है। सियासत कुछ वर्षों तक भगतसिंह का जन्मदिन और शहादत-पर्व मनाती थी। फिर लाल, नारंगी, तिरंगे, दो रंगी साम्प्रदायिक झंडे आ गए। सभी अमेरिकी साम्राज्यवाद और भारतीय कॉरपोरेटियों के सामने घुटने टेकने लगे।

क्या है भगतसिंह का तात्विक अर्थ? दुनिया में कोई नौजवान बुद्धिजीवी मैदानी योद्धा पैदा नहीं हुआ जिसने कम से कम पांच वर्ष देश के इतिहास को अपने कांधों पर उठाए रखा। भगतसिंह आजीवन प्रतिबद्ध समाजवाद की हैसियत के लिए लड़ते रहे। संविधान सभा की बहस में समाजवाद का बार बार उल्लेख होने पर भी भगतसिंह का जिक्र किसी सदस्य ने नहीं किया। भगतसिंह इतिहास से ज्यादा देश का भविष्य हैं। पाठ्यक्रम में भगतसिंह शामिल नहीं किए जाते। नास्तिक भगतसिंह का उद्बोधन था कि गरीब के लिए इंकलाब और आर्थिक बराबरी लाने, समाजवाद को साकार करने, देश का निर्माण करने, चरित्र के नये आयाम गढ़ने तथा दुनिया में हिन्दुस्तान का यश रेखांकित करने के लिए किसी मजहब के अहसान की ज़रूरत नहीं होनी चाहिए।

भगतसिंह पहले विचारक हैं जिन्होंने 1928 में दिल्ली के क्रांतिकारी सम्मेलन में कहा था कि सामूहिक नेतृत्व के जरिए ही पार्टी को चलाने का शऊर सीखना होगा। हममें से कोई चला भी जाए तो पार्टी नहीं बिखरे क्योंकि व्यक्ति से पार्टी बड़ी होती है। पार्टी से सिद्धांत बड़ा होता है। उनका कहना था बड़े बड़े अखबार तो बिके हुए हैं। क्रांतिकारी दल के साथी छोटे छोटे ट्रैक्ट और पुस्तिकाएं छाप कर बांटते थे। सत्ता प्रतिष्ठान के विरुद्ध यह प्रतिरोधी रणनीति बहुत कारगर हुई। विचारों की सान पर जो चीज चढ़ेगी वही तलवार होती है-यह उस कालजयी क्रांतिकारी ने नये इतिहास को सिखाया था।

पंजाब केसरी लाला लाजपतराय पर जानलेवा हमले के बाद 17 दिसम्बर 1928 को सान्डर्स की हत्या करने के बाद भगतसिंह और उनके साथी भारतीय लोक गीतों तक में समाहित हो गए। भगतसिंह ने क्रांति के बचे खुचे साथियों को इकट्ठा कर 8 सितम्बर 1928 को दिल्ली के फीरोजशाह कोटला में ऐतिहासिक बैठक में समाजवाद के पक्ष में पुरजोर दलीलें देते प्रतिनिधि संगठन का मूल नाम बदलकर इंडियन रिपब्लिकन सोशलिस्ट एसोसिएशन करने में



साथियों का बहुमत से अनुमोदन हासिल किया। चार दस्तावेज बुनियादी तौर पर भगतसिंह और उनके साथियों के विचार विमर्श के ज्वलंत प्रामाणिक सन्देश वाहक हैं:-{1} लाहौर की नौजवान भारत सभा का घोषणा पत्र {अप्रेल, 1928 {2} असेम्बली बम प्रकरण में भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त का अदालती बयान {6: जून, 1929} {3} कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन के समय वितरित घोषणा पत्र {1929} {4} 'बम का दर्शन' {26 जनवरी 1930} 1928 राजनीति के मोड़ का महत्वपूर्ण वर्ष है। 1928 से 1930 के बीच कांग्रेस की हालत बदल गई। जो कांग्रेस केवल पिटीशन या अंग्रेज के जाने की बातें करती थी उसे मजबूर होकर युवा नेतृत्व को आगे लाकर लगभग अर्धहिंसक आंदोलनों में भी अपने आपको कभी कभी झोंकना पड़ा। यह भगतसिंह का कांग्रेस की सियासी ताकत पर पौरुषपूर्ण प्रभाव था। साम्राज्यवाद, पूंजीवाद, अधिनायकवाद और तानाशाहियां अपने जबड़ों में लोकतंत्र, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, सर्वहारा और पूरे भविष्य को फंसाकर लीलने में मशगूल हैं। गांधी ने खुद कहा है कि भगतसिंह और उनके साथियों की देशभक्ति और आंदोलन को लेकर उनके मन में सम्मान है। गांधी ने यह स्पष्ट कहां किया कि वे भगतसिंह के केवल यौद्धिक रास्ते की ही आलोचना कर रहे थे क्योंकि भगतसिंह के बौद्धिक योगदान को उन्होंने कहां पढ़ा था? भगतसिंह ने विदेश जाने से इंकार किया था। रूसी या अन्य कम्युनिस्ट पार्टियों ने उन्हें कभी निमंत्रित भी नहीं किया। गांधी जी से असहमति के बावजूद भगतसिंह गांधीवाद की ऐतिहासिक भूमिका को वैज्ञानिक यथार्थवादी की तरह आंकते थे। गांधीवाद को पूरी तरह रद्द नहीं करते थे।

भगतसिंह द्वारा लिखी किताबें कम्युनिस्ट मेनिफेस्टो के समानांतर कही जाती हैं। उनकी जेल डायरी भी आधी अधूरी ही मिली। 'इंकलाब जिंदाबाद' मूलतः भगतसिंह का नहीं कम्युनिस्टों का नारा है। भगतसिंह ने इसके साथ नारा जोड़ा 'साम्राज्यवाद मुर्दाबाद।' 'साम्राज्यवाद मुर्दाबाद' का नारा आज भी कुलबुलाता रहता है। भगतसिंह ने यह भी कहा 'दुनिया के मजदूरों एक हो।' अंग्रेजों के बनाए काले कानून आज भी मजदूर की आत्मा पर शिकंजा कसे हुए हैं। भगतसिंह भारत के शायद पहले नागरिक, विचारक और नेता हैं जिन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान में केवल किसान और मजदूर के दम पर नहीं, नौजवानों को भी साथ लेकर ही क्रांति हो सकती है। 'प्रताप', 'किरती', 'महारथी' और 'मतवाला' सहित अन्य पत्रिकाओं में हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी में भगतसिंह अभिव्यक्त हुए हैं। साथीपन के साथ भगतसिंह की टीम ने आजादी के लिए मुकम्मल संघर्ष किया। वह साथीपन लोकतंत्र से गायब है। समाजवाद को संविधान के जीवित मकसद के रूप में घोषित करने के बाद भी देश वैश्वीकरण, मुक्त बाजार और साम्राज्यवाद के सामने घुटने टेके है। धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक मकसद के बावजूद भारत सांप्रदायिक दंगों का दुनिया का सबसे बड़ा अखाड़ा है। अछूत से भाईचारा रखना भगतसिंह ने समझाया था। अछूत जगह जगह सवर्णों की हिंसा के शिकार हैं। इस किसान पुत्र ने किसानों को भारतीय अर्थनीति की रीढ़ बताया था। किसान ही थोकबन्द आत्महत्याएं कर रहे हैं। सरकारें उन पर अहसान बताकर कर्ज माफ कर रही हैं लेकिन पैदावार का उचित मूल्य और भूमि सुधार नहीं दे पातीं। नौजवान भगतसिंह का सपना थे। वे बच्चे ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना तथा बेकारी के भत्ते से लेकर सड़कों पर उत्पात करने की सांस्कृतिक गतिविधियों में लिप्त किए जाते हैं। मजदूरों को भगतसिंह माक्सवाद से प्रभावित होकर जेहाद बोलने के काम पर लगाना चाहते थे। वे अपने अधिकारों में लगातार कटौती किए जाने से लुंज पुंज हो गए हैं। भगतसिंह की नास्तिकता के विपरीत देश में अशिक्षित धर्मांध साधुओं का हिप्पीवाद भारतीय धार्मिकता का लिहाफ बनाया जा रहा है।

देश में मूर्ख (भी) सत्ता पर लगातार बैठते ही रहे हैं। जो चारित्रिक हस्ताक्षर नहीं हैं, राजनीतिक चेक पर दस्तखत कर रहे हैं। आई.ए.एस. की नौकरशाही में भ्रष्ट अधिकारी इतने होते रहे कि ईमानदार अधिकारी ढूंढ़ना मुश्किल होता रहा है। निकम्मे साधुओं की जमात समाज के वटवृक्ष पर अमरबेल की तरह चढ़ी मलाई चट कर रही है। भगतसिंह की कुरुचिपूर्ण मूर्तियां तो कन्याकुमारी से गौहाटी और जम्मू तक मिल जाएंगी। दरअसल भगतसिंह की याद में देश में बड़ा केन्द्रीय पुस्तकालय खोलने की जरूरत है क्योंकि भगतसिंह से बड़ा पढ़ाकू भारतीय राजनीति में कोई नहीं है। सरकारें उनके स्मृति-आयोजनों में शिरकत करने वाले मंत्रियों की सुरक्षा पर जितना खर्च कर देती हैं, उतने धन से भगतसिंह साहित्य प्रकाशित कर देश के विद्यार्थियों में वितरित कर दिया जाए तो देश (और भगतसिंह) का ज्यादा भला हो सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)।

उत्पादन
डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# युद्ध के दौर में खाद्यान्न भंडार की शक्ति

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9.3 करोड़ से अधिक किसानों को 18640 करोड़ रुपये से अधिक राशि की पीएम-किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी करते हुए कहा कि किसान और कृषि परिवेश भारत की शक्ति बन गए हैं। यह उल्लेखनीय है कि इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच जहां भारत के रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद देश के आम आदमी के लिए राहत और अर्थव्यवस्था की ताकत बन गए हैं, वहीं 1 अप्रैल से लागू होने वाले वर्ष 2026-27 के आम बजट के तहत देश की कृषि को उन्नत और निर्यात उन्मुख बनाने की प्रभावी पहल की गई है। गौरतलब है कि दुनिया के तेजी से खुलते हुए कृषि बाजारों और खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक मांग के मद्देनजर भारत के द्वारा कृषि को निर्यात उन्मुख बनाए जाने से किसानों की आर्थिक सशक्तता के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था का नया अध्याय लिखा जा सकेगा। 21वीं सदी के इस दौर में कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा के साथ आगे ले जाना सरकार की प्राथमिकता है। बजट 2026-27 में कृषि क्षेत्र के लिए 1,62,671 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है। सरकार तकनीक और कृषि हितप्रद नीति के माध्यम से किसानों को केवल 'अन्नदाता' ही नहीं, बल्कि 'निर्यातकर्ता' बनाने की दिशा में काम कर रही है। खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन सहित सभी कृषि क्षेत्रों को मजबूत किया जा रहा हैं। ऐसे में उच्च मूल्य वाले कृषि क्षेत्र को बड़े पैमाने पर बढ़ाने से ही हम अपनी खेती को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल सकते हैं और दुनिया में भारत से बड़े पैमाने पर कृषि निर्यात बढ़ा सकते हैं। इस समय भारत दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कृषि उत्पादों का निर्यातक देश है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि जहां देश का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन देश के आम आदमी के लिए भोजन की गारंटी है, वहीं दुनिया के कई जरूरतमंद देशों के करोड़ों लोगों के लिए खाद्यान्न आपूर्ति का आधार भी है। पिछले वर्ष 2024 -25 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और इस वर्ष 2025-26 में इससे भी अधिक खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में अप्रैल 2026 तक लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध हो जाने का अनुमान है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि 2008 की वैश्विक मंदी में भी भारत की अर्थव्यवस्था खाद्यान्न ताकत के कारण बहुत कम प्रभावित हुई। छह साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के लिए हथियार बन गए थे और भारत ने जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न का निर्यात भी किया। अब एक बार फिर इस समय जब ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध से दुनिया में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ रही हैं और खाद्यान्न आपूर्ति में व्यवधान है, तब भारत का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद एक मजबूत हथियार दिखाई दे रहे हैं और भारत नए खाद्यान्न निर्यात आदेशों की पूर्ति के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है। पिछले माह फरवरी 2026 में भारत ने 25 लाख टन गेहूं का निर्यात भी सुनिश्चित भी किया है। निःसंदेह कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। खासतौर से विगत कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र व छोटे किसानों की मजबूती के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। 'पीएम किसान सम्मान निधि' और एमएसपी जैसे कई कार्यक्रमों से देश का कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हुआ है। गांवों में अप्रैल 2020 से शुरू की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। गांवों में बैंक शाखाओं की संख्या मार्च 2010 के 33,378 से बढ़कर दिसंबर 2024 तक 56,579 हो गई। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) कृषि इंफ्राक्ट्रक्चर फंड, सहकारी समितियों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था आदि प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत दुनिया की नई खाद्य टोकरी और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रतिबद्ध देश के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय भारत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। उम्मीद करें कि भारत रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से आम आदमी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए दुनिया में खाद्यान्न निर्यात व वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम योगदान देने वाले सबसे प्रमुख देश के रूप में भी रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
## दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें। यह दायीं नासिका में चल रहा है या बायीं नासिका में?

# लक्ष्मी जी कहाँ निवास करती हैं



संकलित
## प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलींः देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे, ब्राह्मणों की रक्षा करते थे, पर अब इनके ये गुण नष्ट होते जा रहे हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विलुप्त होते पक्षियों का संरक्षण जरूरी

प्रतिवर्ष विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य गौरैया तथा अन्य छोटे पक्षियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, उनकी निरंतर घटती संख्या के कारणों को समझाना, जैव-विविधता (बायो-डायवर्सिटी) के महत्व को रेखांकित करना तथा लोगों को पेड़-पौधे लगाने, कृत्रिम घोंसले बनाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने जैसे व्यावहारिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत की संस्था नेचर फोरएवर सोसायटी द्वारा की गई थी, जिसके संस्थापक पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर हैं। इसका मूल उद्देश्य गौरैया संरक्षण के लिए एक वैश्विक मंच तैयार करना है, जिससे इस छोटे किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण पक्षी के प्रति लोगों में संवेदनशीलता विकसित हो सके। - रमेश कश्यप, रायपुर

## ट्रेंड

### भारत-थाईलैंड की साझेदारी



अनुतिन चर्नविराकुल को थाईलैंड के प्रधानमंत्री चुने जाने पर हार्दिक बधाई। मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। हम मिलकर भारत-थाईलैंड की बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी को और भी मजबूत करेंगे।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सनातन का अपमान निंदनीय



सनातन का अपमान, देवी-देवताओं और पूजा-पद्धतियों का उपहास करना अत्यंत निंदनीय है। इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा लगातार यह धारणा बनाई जा रही है कि हिंदू समाज सहनशील है, इसलिए उसकी भावनाओं को आहत करना आसान है।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### भाजपा की मानसिकता



अब भाजपा सरकार कहेगी कि ये भी अफवाह है कि अस्पताल में मरीजों का खाना बनने तक के लिए सिलेंडर नहीं मिल रहा है। दरअसल, भाजपा की मानसिकता ही बीमार है, उससे अस्पताल के मरीजों का ख्याल रखने की उम्मीद करना बेकार है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### जन-जागरूकता अभियान



पिछली भाजपा सरकार ने नशे के खिलाफ कोई ठोस पहल नहीं की। चिट्टे के खिलाफ सबसे बड़े कानून पिट-एनडीपीएस एक्ट को लागू करने का नोटिफिकेशन हमने जारी किया। हम युवाओं को जागरूक बनाने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं।
-सुखविंदर सिंह सुक्खू, सीएम, हिप्र

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# किम व उनकी बेटी ने सैन्य प्रशिक्षण की निगरानी की



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी एक बार फिर सार्वजनिक रूप से साथ नजर आए और दोनों ने टैंक में सवार होकर सैन्य प्रशिक्षण की निगरानी की। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को कार्यक्रम की तस्वीरें प्रसारित कर यह जानकारी दी। इससे पहले किम और उनकी बेटी ने एक साथ रॉकेट प्रक्षेपण देखा था और पिस्तौल चलाई थीं। सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि किम ने बृहस्पतिवार को टैंक और पैदल सेना के जवानों से जुड़े गोलीबारी एवं अन्य सैन्य अभ्यासों की निगरानी की। केसीएनए द्वारा प्रसारित तस्वीरों में किम और उनकी बेटी बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण के दौरान चमड़े की काली जैकेट पहने अन्य सैनिकों के साथ जैतूनी-हरे रंग के एक टैंक पर सवार दिखे। तस्वीरों में किम की बेटी टैंक के 'हैच' से अपना सिर बाहर निकाले नजर आ रही हैं जबकि किम टैंक के ऊपर बैठे मुस्कुराते दिख रहे हैं। ऐसा बताया जाता है कि किम जोंग उन की बेटी किम जू ऐ की आयु लगभग 13 साल है और वह 2022 के अंत से ही सैन्य परेड और हथियार प्रक्षेपण सहित कई प्रमुख कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आती रही हैं। ऐसी अटकलें हैं कि किम जोंग उन अपनी बेटी को अपना उत्तराधिकारी नामित करने वाले हैं।

## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने वित्तीय अनियमितताओं के मामले में कार्रवाई की जा रही

# रिलायंस समूह से जुड़े दो बड़े मामलों में सीबीआई की कार्रवाई तेज कथित धोखाधड़ी में अंबानी के बाद निदेशक से भी की लंबी पूछताछ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस समूह से जुड़े दो अलग-अलग वित्तीय अनियमितताओं के मामलों में अपनी जांच तेज कर दी है। शुक्रवार को एजेंसी ने अनिल डी अंबानी से करीब 7 घंटे तक पूछताछ की, जबकि दूसरे मामले में एक कंपनी निदेशक से भी लंबी पूछताछ की गई। विदित हो कि रिलायंस कम्युनिकेशंस का 2 हजार 929 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी का मामला सीबीआई के पास है।

### गैर कानूनी लेनदेन से एसबीआई बैंक को 2,929.05 करोड़ रुपये की हानि

सीबीआई ने पिछले साल 21 अगस्त को कंपनी के एमडी अनिल अंबानी और अन्य अज्ञात व्यक्तियों व अज्ञात लोक



सेवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत पर की गई थी। आरोप है कि 2013-17 के दौरान समूह की कंपनियों के बीच कथित गैरकानूनी लेन-देन के जरिए ऋण राशि का दुरुपयोग किया गया। इससे एसबीआई को करीब 2 हजार 929.05 करोड़ रुपये की हानि हुई, जबकि कुल जोखिम राशि 19 हजार 694.33 करोड़ रुपये थी। इस संयुक्त ऋणदाता समूह में 17 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक शामिल थे।

### 20 मार्च को अनिल अंबानी से फिर होगी पूछताछ

सीबीआई ने बताया कि 19 मार्च को हुई पूछताछ अधूरी रहने के बाद अनिल अंबानी को 20 मार्च को फिर बुलाया गया, जहां उनसे करीब 7 घंटे तक पूछताछ की गई। इस मामले में बाद में पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आईडीबीआई बैंक सहित कई बैंकों ने भी शिकायतें दर्ज कराई हैं। इसके अलावा 25 फरवरी 2026 को बैंक ऑफ बड़ौदा और 5 मार्च 2026 को पंजाब नेशनल बैंक की शिकायत पर अलग-अलग मामले भी दर्ज किए गए हैं। सीबीआई ने 23 अगस्त को मुंबई में कंपनी के कार्यालयों और अनिल डी अंबानी के आवास पर तलाशी अभियान चलाकर कई अहम दस्तावेज जब्त किए थे।

### रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस मामला: 57.47 करोड़ की धोखाधड़ी

दूसरे मामले में सीबीआई ने 6 दिसंबर 2025 को रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड, के देवांग प्रवीण मोदी, रविंद्र सोमयाजुला राव और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। यह मामला बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शिकायत पर दर्ज हुआ, जिसमें 57.47 करोड़ रुपये की बैंक हानि का आरोप है। फोरेंसिक लेखा परीक्षण में बैंक से लिए गए धन के बड़े पैमाने पर इधर उधर करने की बात सामने आई है। इस संयुक्त ऋणदाता समूह में 31 बैंक/वित्तीय संस्थान शामिल हैं, जिनका कुल जोखिम 4 हजार 097 करोड़ रुपये है। इस मामले में शुक्रवार को आउथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के निदेशक करीब 4 घंटे तक पूछताछ की गई। यह कंपनी रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस और रिलायंस होम फाइनेंस की परिसंपत्तियों का अधिग्रहण कर चुकी है। सीबीआई ने 9 दिसंबर 2025 को मुंबई और पुणे में संबंधित ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाकर कई अहम दस्तावेज जब्त किए थे।

### जांच जारी

दोनों मामलों में सीबीआई ने कहा है कि जांच जारी है और आगे और लोगों से पूछताछ की जा सकती है। एजेंसी धन के विचलन, ऋण के दुरुपयोग और बैंकिंग नियमों के उल्लंघन से जुड़े पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

---

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री जयंत को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को एक अज्ञात कॉलर से जान से मारने की धमकी मिली है।



अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में शिकायत दर्ज होने के बाद उनकी सुरक्षा की समीक्षा की गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री चौधरी को एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा फोन आया था।

### सरमा ने रोड शो के बाद किया नामांकन

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को जलुकबारी सीट से नामांकन



दाखिल किया है। इस दौरान उनकी पत्नी समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। नामांकन से पूर्व उन्होंने कामरूप मेट्रो से विधानसभा कार्यालय की ओर रोड शो किया। रिनिकी ने कहा यह हमाने लिए खुशी का मौका है।

### पीएम मोदी से मिले उपराज्यपाल संधू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी से



शिष्टाचार भेंट की। मंगलवार को दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल के रूप में शपथ लेने के बाद संधू की पीएम मोदी से ये पहली मुलाकात है। 5 मार्च को जिम्मेदारी दी गई थी । संधू ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीर शेयर की है।

### ओडिशा में मंत्री के इस्तीफे की मांग, विस में हंगामा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा में शुक्रवार को हंगामा हुआ। कटक के अस्पताल में आग और उसमें 12



मरीजों की मौत के मुद्दे पर ओडिशा विधानसभा में विपक्षी विधायक नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विपक्ष इस घटना पर स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग के इस्तीफे की मांग पर अड़े हैं।

---

## बंगाल चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया

# सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1500 तो एससी एसटी को मिलेंगे 1700, बेरोजगारों को 1500 रु.

### सीएम ममता ने कहा- 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत दी जाएगी यह राशि

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल चुनावों के लिए राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। 'दीदी के 10 वचन' नाम से चुनावी वादों का ऐलान करते हुए मुख्यमंत्री और टीएमसी की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महिलाओं और बेरोजगारों के लिए मासिक भत्ते का ऐलान किया है। ममता ने कहा है किसामान्य वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1,500 मिलेंगे, जबकि एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1,700 रुपए मिलेंगे। जो युवा बेरोजगार हैं, उन्हें पॉकेट मनी के तौर पर हर महीने 1,500 रुपए मिलेंगे। ममता ने कहा कि घोषणापत्र का मुख्य आधार दीदी के 10 वादे हैं, जो कल्याण और विकास के वादों का एक मिला-जुला रूप हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि में 500 रुपये की बढ़ोतरी करने का वादा किया है।

घोषणा पत्र में दीदी ने दिए 10 वचन

### *भाजपा यहां सत्ता में वापस नहीं आ पाएगी*



घोषणा पत्र जारी करती सीएम ममता और अभिषेक

कोलकाता में ममता और टीएमसी सांसद अभिषेक समेत तमाम नेताओं की मौजूदगी में घोषणा पत्र जारी किया गया है। ममता ने कहा कि हम कई साजिशें देखते हैं, लेकिन इस बार तो सारी हदें पार हो गई हैं। इस चुनाव के बाद परिसीमन होगा, लेकिन मोदी सरकार सत्ता में वापस नहीं आएगी।

### 'बांग्लार युवा-साथी' से देंगे बेरोजगारी भत्ता

उन्होंने कहा कि पार्टी 'बांग्लार युवा-साथी' योजना के तहत बेरोज़गार युवाओं को दिया जाने वाला 1,500 रुपए के मासिक भत्ते को जारी रखेगी। राज्य में अगली सरकार बनने पर किसानों (जिनमें भूमिहीन किसान भी शामिल हैं) की सहायता के लिए 30,000 करोड़ रुपए का कृषि बजट पेश किया जाएगा।

### भाजपा के खिलाफ लड़ें

ममता ने कहा कि मैं बंगाल के लोगों से अपील करती हूं कि वे एकजुट हों और बंगाल को बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ लड़ें। इस घोषणापत्र को जनता-केंद्रित रोडमैप बताते हुए बेनर्जी ने कहा कि पार्टी के वादों का मकसद उस चीज का मुकाबला करना है।

### वे बंगाल से ईर्ष्या कर रहे

सीएम ममता ने कहा कि यहां पर्यवेक्षक के तौर पर तैनात लोगों को न तो इस क्षेत्र की जानकारी है, न ही राज्य की। उन्हें राज्य के बारे में कुछ भी पता नहीं है। वे अपना कर्तव्य कैसे निभा सकते हैं? राष्ट्रपति शासन की जगह अघोषित राष्ट्रपति शासन लागू हो गया है। क्योंकि भाजपा जानती है कि आगामी विधानसभा चुनावों में उसे हार का सामना करना पड़ेगा। मोदी जी, आप यहां अघोषित राष्ट्रपति शासन के तहत चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि वे बंगाल से ईर्ष्या करते हैं। उन्होंने पूरी व्यवस्था को ही उलट-पुलट कर दिया है।

### बंगाल में 'दुआरे चिकित्सा' की करेंगे शुरुआत, शिविर लगेंगे

ममता ने बताया कि हम 'दुआरे चिकित्सा' (घर-घर जाकर चिकित्सा सेवा) शुरू करेंगे। हम इसे हर बूथ पर शुरू करेंगे, हम 'दुआरे चिकित्सा' शिविरों का आयोजन करेंगे।' उन्होंने कहा कि हजारों स्कूलों को ई-लर्निंग सुविधाओं से आधुनिक बनाया जाएगा। आने वाले दिनों में हम सात-आठ नए जिले, ब्लॉक और यहां तक कि नई नगरपालिकाएं भी बनाएंगे।

### बंगाल में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादले पर तकरार

### चुनाव आयोग के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंची टीएमसी

तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में विधानसभा चुनावों की घोषणा के तुरंत बाद कई भारतीय



प्रशासनिक सेवा (आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस ) अधिकारियों के तबादले के निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए शुक्रवार को कोलकाता हाई कोर्ट का रुख किया।तृणमूल कांग्रेस के नेता एवं वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी ने इस मामले में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पक्षकार प्रतिवादी बनाया है।

### राज्य सरकार से आयोग ने नहीं किया परामर्श

वकील ने मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए याचिका पर शीघ्र सुनवाई किए जाने का अनुरोध किया। याचिका में तबादले का निर्णय लिए जाने से पहले निर्वाचन आयोग के राज्य सरकार से परामर्श नहीं करने पर सवाल उठाए गए हैं।चुनावों की घोषणा के कुछ ही घंटों में आयोग ने मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ आईएएस और आइपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया था।

---

### धामी कैबिनेट का विस्तार

## विधायक खजान, भरत सिंह सहित 5 मंत्रियों ने ली शपथ

क्षेत्रीय संतुलन का भी रखा गया विशेष ध्यान



शपथ ग्रहण को दौरान सीएम धामी मौजूद रहे

एजेंसी ⏭ देहरादून

धामी मंत्रिमंडल में 5 नए मंत्रियों की ताजपोशी की गई। राजपुर विधायक खजान दास, भरत सिंह चौधरी, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह केड़ा ने शुक्रवार को धामी मंत्रिमंडल में मंत्रिपद की शपथ ली। प्रदेश में लंबे समय से कैबिनेट विस्तार की चर्चाएं थी, जिन पर विराम लगा। नवरात्र के दूसरे दिन लोकभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने सबसे पहले राजपुर विधायक खजान दास को शपथ दिलाई। इसके बाद भरत सिंह चौधरी ने संस्कृत में शपथ ली। फिर विधायक मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह केड़ा ने भी शपथ ली। नए चेहरों का चयन विधायकों के पिछले 4 साल के कामकाज का रिकॉर्ड देखकर किया गया है। नई कैबिनेट में क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के बीच संतुलन बनाया गया।

### जनसेवा और विकास को नई गति देंगे: धामी

शपथ ग्रहण समारोह के बाद आज शुक्रवार को नए मंत्रियों ने भी अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। खजान दास ने कहा कि यह देवभूमि है और हमारी कोशिश होगी कि हम जनता की आकांक्षाओं पर खरे उतरें। हम प्रदेश हित में काम करेंगे और लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

### कर्नाटक में मंत्रिमंडल विस्तार की सुगबुगाहट

### अब 'दिल्ली दरबार' पर टिकी सभी की नजरें



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार में नए चेहरों को शामिल करने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि मंत्रिमंडल में बदलाव का अंतिम फैसला पूरी तरह से कांग्रेस आलाकमान और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विवेक पर निर्भर है। पर्दे के पीछे की राजनीति अब सड़कतक आ गई है। कुछ दिनों से असंतुष्ट और अनुभवी विधायकों का एक बड़ा गुट सक्रिय हो गया है। लगभग 40 ऐसे विधायक हैं जो तीन या उससे अधिक बार चुनाव जीत चुके हैं। इन सभी विधायकों नेमुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी दावेदारी पेश की।

---

### केरलम में राहुल ने कहा

## अब जनता को यूडीएफ पर पूरा भरोसा, वामपंथ की विदाई तय

एजेंसी ⏭ केरलम

यहां चुनावी हलचल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि केरल के लोग अब बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने राज्य में यूडीएफ की सरकार बनाने की वकालत की और वामपंथी सरकार की विदाई को तय बताया। एक्स पर एक पोस्ट में लिखा 'टीम यूडीएफ ही टीम केरलम है।' हर उम्मीदवार केरलम के लोगों की आवाज, उनकी उम्मीदों और उनके भरोसे को दर्शाता है। मेरे लिए केरलम एक घर की तरह है और वहां के लोग मेरा



परिवार हैं। केरल के लोगों ने मुझे जो कुछ भी सिखाया है। उसके लिए मैं उनका कर्जदार हूं। केरलम से मिलने वाला संदेश बिल्कुल साफ है। लोग बदलाव को तैयार हैं। वे एक ऐसी सरकार की तलाश में हैं जो उनकी समस्याओं को समझे और ईमानदारी के साथ काम करके दिखाए।

### पार्टी विरोधी गतिविधि में सख्त कार्रवाई के मिले संकेत

## कांग्रेस के 5 विधायकों को नया नोटिस, क्रॉस वोटिंग शब्द जोड़ा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने के मामले में कांग्रेस ने अपने 5 विधायकों को नया नोटिस जारी कर दिया है। इस बार इस नोटिस में क्रॉस वोटिंग करने का जिक्र है। इससे पहले जो नोटिस था, उसमें कैंसिलेशन/इनवेलिडिटी लिखा गया था।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक वोट कैंसिल या इनवेलिड यानी अमान्य होने की तकनीकी वजह भी हो सकती है। लेकिन, क्रॉस वोट जानबूझकर किया जाता है, यानी वो पार्टी के नजरिये से ज्यादा गंभीर है। इसी वजह से पहले नोटिस के क्रम में ही यह नया नोटिस जारी किया है। जिसकी भाषा सख्त की गई है और इसे पार्टी विरोधी गतिविधि माना गया है।

कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन धर्मपाल मलिक की ओर से 4 विधायकों रेनू बाला, शैली चौधरी, मोहम्मद इजराइल और मोहम्मद इलियास को 19 मार्च को नोटिस जारी हुआ। जबकि रतिया विधायक जरनैल सिंह को 20 मार्च (शुक्रवार) को नोटिस हुआ। अब इन सभी को नया नोटिस शुक्रवार शाम को जारी किया।

### संघ के विदर्भ प्रांत कार्यालय का संघ प्रमुख ने किया शिलान्यास

डॉ. भागवत ने दी सीख

## दुनिया में चल रहे युद्ध को भारत खत्म कराने में सक्षम, पर स्वार्थ त्यागना होगा

एजेंसी ⏭ विदर्भ

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के विदर्भ प्रांत के कार्यालय का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस समय दुनिया में कई युद्ध चल रहे हैं। इन्हें भारत ही रोक सकता है। दुनिया के चिंतकों के ध्यान में यह बात आती है कि चल रहे युद्ध में बार-बार देश से आवाज उठ रही है। डॉ. भागवत ने कहा कि सनातन धर्म का उत्थान ईश्वर इच्छा है। सारी परिस्थिति हमारे सामने है। युद्ध की वजह स्वार्थ है और कुछ नहीं है।




### भारत की प्रवृत्ति को दुनिया देख रही

डॉ. भागवत ने कहा कि हमारी शक्ति के कारण आवाज सुनी जाएगी। सारी दुनिया उसका अनुकरण करेगी, तब दुनिया ठीक होगी। भारत की प्रवृत्ति देख रहे।

### आज दुनिया विनाश की ओर जा रही

संघ प्रमुख ने कहा कि मूल में है स्वार्थ प्रवृत्ति है, क्योंकि हम यह माने, दुनिया केवल जड़ है। न कलह बंद हुई, न कट्टर पंथ। आज दुनिया विनाश को ओर जा रही है।

---

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

सुनवाई से किया इनकार

## ब्राह्मणों के खिलाफ हेट स्पीच को भी माना जाए अपराध, अर्जी वापस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक रिट याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ हेड



स्पीच, जिसे 'ब्राह्मोफोबिया' बताकर इसे जाति आधारित भेदभाव के तहत दंडनीय अपराध घोषित करने की मांग की गई थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने याचिकाकर्ता महालिंगम बालाजी की संक्षिप्त सुनवाई के बाद याचिका को खारिज कर दिया। बालाजी खुद कोर्ट में पेश हुए थे। बाद में याचिकाकर्ता ने फिर से मामला उठाया और याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, ताकि वह उचित मंच पर अपनी बात रख सकें। कोर्ट ने उन्हें याचिका वापस लेने की इजाजत दे दी।

### किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत भरी भाषा नहीं चाहते

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हम किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत भरी भाषा नहीं चाहते। यह सब शिक्षा, बौद्धिक विकास, सहनशीलता और धैर्य पर निर्भर करता है।अंत में सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता, जो खुद पेश हुए हैं। उन्होंने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी है। उनकी बात रिकॉर्ड में दर्ज की जाती है। यह याचिका वापस ली गई मानकर खारिज की जाती है।

### केंद्र सरकार ने बड़े पैमाने पर की डिजिटल स्ट्राइक

# जुए से जुड़े 300 एप और वेबसाइट्स ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ऑनलाइन जुआ और सट्टा खिलाने वाली वेबसाइट्स पर भारत सरकार ने एक बार फिर डिजिटल स्ट्राइक कर दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने अवैध ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है, और अपनी ताजा कार्रवाई में लगभग 300 वेबसाइट्स और मोबाइल ऐप्स को ब्लॉक कर दिया है। सरकार ने उन प्लेटफॉर्म पर शिकंजा कसा है जो ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग, कसीनो-स्टाइल गेमिंग और पीयर-टू-पीयर सट्टेबाजी सिस्टम जैसी कई तरह की गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल थे। इससे पहले जनवरी में, केंद्र सरकार ने 242 अवैध सट्टेबाजी और जुआ खिलाने वाली वेबसाइट्स को ब्लॉक किया था। सरकार के एक बयान के अनुसार, यह कार्रवाई कई तरह के गैर-कानूनी प्लेटफॉर्म्स को निशाना बनाकर की गई, जिनमें ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग वेबसाइट्स, स्लॉट्स, रूलेट और लाइव डीलर टेबल्स जैसे गेम्स देने वाले वर्चुअल कसीनो, और पीयर-टू-पीयर मार्केटप्लेस के तौर पर काम करने वाले बेटिंग एक्सचेंज शामिल हैं। अधिकारियों ने सट्टा और मटका जुआ नेटवर्क्स के साथ-साथ असली पैसों वाले कार्ड और कसीनो गेमिंग एप्लीकेशन्स के खिलाफ भी कार्रवाई की। यह कार्रवाई, अवैध ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों पर अंकुश लगाने और लोगों को वित्तीय धोखाधड़ी तथा लत के जोखिमों से बचाने के व्यापक प्रयासों का एक हिस्सा है।



### अब तक 8,400 ऐसी वेबसाइट्स व एप किए ब्लॉक

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सरकार ने अब तक लगभग 8,400 ऐसी वेबसाइट्स और एप्लिकेशन को ब्लॉक कर दिया है। इनमें से एक बड़ा हिस्सा, लगभग 4,900 प्लेटफॉर्म्स को ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम लागू होने के बाद हटाया गया। इस अधिनियम ने डिजिटल गेमिंग और सट्टेबाजी की गतिविधियों को रेगुलेट करने के लिए कानूनी ढांचे को मजबूत किया। यह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, जिसके तहत अधिकारी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर कड़ी नजर रखेंगे और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करेंगे।

### ये वेबसाइट्स और एप्लीकेशन्स किए गए ब्लॉक

- ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग प्लेटफॉर्म्स
- स्लॉट्स, रूलेट, लाइव डीलर टेबल्स ऑफर करने वाले ऑनलाइन कैसिनो
- पी-2-पी बेटिंग मार्केटप्लेस की तरह काम करने वाले बेटिंग एक्सचेंज
- सट्टा/मटका गैंबलिंग नेटवर्क्स
- रियल-मनी कार्ड और कैसिनो गेम ऐप्स

## खबर संक्षेप

### जियो की बढ़त बरकरार, 5जी होम इंटरनेट मिल रही रफ्तार

**नई दिल्ली।** ब्रोकरेज फर्म जेएम फाइनेंशियल के अनुसार भारतीय टेलीकॉम बाजार में रिलायंस जियो की बढ़त और मजबूत हुई है। फर्म की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी मोबाइल सेवाओं के साथ-साथ होम ब्रॉडबैंड और 5G फिक्स्ड वायरलेस इंटरनेट में भी आगे बनी हुई है। जेएम फाइनेंशियल के मुताबिक जनवरी 2026 की सब्सक्राइबर रिपोर्ट के रुझानों से पता चलता है कि जियो ने महीने के दौरान सबसे ज्यादा नए मोबाइल ग्राहक जोड़े। कंपनी से करीब 16 लाख नेट वायरलेस यूजर जुड़े। वहीं भारती एयरटे ने लगभग 12 लाख ग्राहक जोड़े, जबकि वोडाफोन आइडिया के करीब 7 लाख ग्राहक घटे। ये आंकड़े भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के डेटा पर आधारित हैं। जेएम फाइनेंशियल के अनुसार जियो 41 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी के साथ देश की सबसे बड़ी वायरलेस कंपनी बनी हुई है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में सात अरब डॉलर की गिरावट



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 मार्च को समाप्त सप्ताह में 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी।

ऊपर वाले से मिला वरदान
मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
रजि.
गुरू कबीर जी
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सीबीडीटी ने आयकर अधिनियम 2025 के लिए नियमों को किया अधिसूचित

# सरल आयकर कानून के लिए नियम अधिसूचित, एक अप्रैल से होंगे प्रभावी

- इसमें मकान किराए भत्ते पर बढ़े हुए कर लाभ का प्रावधान है
- मकान मालिक व किराएदार के संबंध का खुलासा करना अनिवार्य होगा
- सरल प्रत्यक्ष कर कानून को पिछले साल संसद ने मंजूरी दी थी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शुक्रवार को आयकर अधिनियम, 2025 के लिए नियमों को अधिसूचित कर दिया। इसमें वेतनभोगियों के लिए मकान किराया भत्ते पर बढ़े हुए कर लाभ का प्रावधान है, लेकिन मकान मालिक-किरायेदार के संबंधों का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया गया है। आयकर नियम, 2026 उस सरल प्रत्यक्ष कर कानून को लागू करेंगे, जिसे पिछले साल संसद ने मंजूरी दी थी। यह एक अप्रैल से प्रभावी होगा।

राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा गया, ''इन नियमों को आयकर नियम, 2026 कहा जा सकता है। ये एक अप्रैल, 2026 से लागू होंगे। संसद ने 12 अगस्त, 2025 को छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को बदलने के लिए एक नया आयकर विधेयक पारित किया था। यह कोई नई कर दर लागू नहीं करता है, बल्कि केवल भाषा को सरल बनाता है। जटिल आयकर कानूनों को समझने के लिए ऐसा करना आवश्यक था।

### नए नियम कर्मचारियों के लिए मददगार

*डेलॉयट इंडिया के भागीदार सुरेश कुमार एस ने कहा, ''विभिन्न कर्मचारी अनुलाभों और छूटों के लिए फिर से व्यवस्थित सीमाओं को देखते हुए नए नियम नियोक्ताओं और कर्मचारियों के लिए बहुत मददगार होने चाहिए। हालांकि ये मुख्य रूप से पुरानी आयकर व्यवस्था वालों के लिए लागू हैं, लेकिन नई व्यवस्था के तहत आने वाले कर्मचारियों को भी लाभ होना चाहिए।''*

### कंपनियों की जिम्मेदारी बढ़ाई गई

*नए नियमों के तहत आयकर कटौती का दावा करने के लिए किरायेदार-मकान मालिक के संबंधों के बारे में जानकारी देना जरूरी है और इसमें विदेशी आय पर टैक्स क्रेडिट दावों के लिए लेखा परीक्षकों और कंपनियों की जिम्मेदारी बढ़ाई गई है। इसमें पैन के दोहरीकरण और प्रतिकूल ऑडिट टिप्पणी से पैदा होने वाली कर देनदारी की जांच के लिए लेखा परीक्षकों को अधिक जिम्मेदारी दी गयी है।*

### अनावश्यक प्रावधानों व पुरानी भाषा को हटाया गया

इस अधिनियम ने अनावश्यक प्रावधानों और पुरानी भाषा को हटा दिया है और आयकर अधिनियम, 1961 की 819 धाराओं को घटाकर 536 और अध्यायों की संख्या 47 से घटाकर 23 कर दी है। नए आयकर विधेयक में शब्दों की संख्या 5.12 लाख से घटाकर 2.6 लाख कर दी गई है और स्पष्टता बढ़ाने के लिए 1961 के कानून के बोझिल पाठ के स्थान पर पहली बार 39 नई तालिकाएं और 40 नए सूत्र पेश किए गए हैं।




### नए नियमों में पूंजीगत लाभ के लिए सख्त नियम

नए नियमों में पूंजीगत लाभ, शेयर बाजार के लेनदेन और अनिवासी कराधान के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं, जबकि अन्य खुलासा प्रणाली को सरल बनाया गया है। अधिसूचना में 150 से अधिक आधिकारिक फॉर्म पेश किए गए हैं। आयकर नियम वेतनभोगी करदाताओं पर लागू होने वाले मकान किराया भत्ता (एचआरए) छूट के लिए प्रस्तावित ढांचे को बरकरार रखते हैं।

### आठ शहर के कर्मचारी 50 फीसदी एचआर छूट का दावा कर पाएंगे

नए नियमों के तहत आठ शहर - मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, अहमदाबाद और बेंगलुरु - वेतन के 50 प्रतिशत की उच्च छूट सीमा के लिए पात्र होंगे, जबकि अन्य सभी स्थान 40 प्रतिशत पर बने रहेंगे। इस समय मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई में वेतनभोगी कर्मचारी अपने वेतन के 50 प्रतिशत तक एचआरए छूट का दावा कर सकते है, जबकि अन्य स्थानों पर रहने वाले 40 प्रतिशत की निचली सीमा के लिए पात्र हैं।

# चांदी 12000 रुपये किलो तो सोना 4000 रुपये सस्ता हुआ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 12000 रुपये घटकर 2.26 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोने का भाव 4000 रुपये टूटकर 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चांदी की कीमत 12000 रुपये बढ़कर, 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को यह 2,38,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 4000 रुपये टूटकर 1,49,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले सत्र में सोना 1,53,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। विश्लेषकों ने कहा कि व्यापक आर्थिक अनिश्चितताओं और डॉलर के पक्ष में वैश्विक संकेतों के कारण सोने की कीमतें दबाव में बनी हुई हैं।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी; सेंसेक्स 325 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

**मुंबई (एजेंसी)।** स्थानीय शेयर बाजार में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 326 अंक लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक चढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सूचना प्रौद्योगिकी और धातु कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। बाजार में एक समय अच्छी बढ़त देखने को मिली लेकिन ईंधन कीमतों में उछाल के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका के बीच दोनों मानक सूचकांकों ने बढ़त का बड़ा हिस्सा गंवा दिया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 325.72 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 74,532.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,079.15 अंक यानी 1.45 प्रतिशत उछलकर 75,286.39 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 23,114.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 343 अंक यानी 1.49 प्रतिशत चढ़कर 23,345.15 अंक तक पहुंच गया था। इस बीच, प्रीमियम यानी ऊंची गुणवत्ता वाले पेट्रोल की कीमत में शुक्रवार को दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई।

### पीएनबी ने पंचकूला में सेंट्रल केवाईसी रजिस्ट्री पर प्रशिक्षण दिया




**चंडीगढ़।** भारत सरकार वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार पंजाब नेशनल बैंक द्वारा स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज, पंचकूला में सेंट्रल केवाईसी रजिस्ट्री पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ के वित्तीय साक्षरता केंद्र एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षकों के लिए संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर राम किशोर मीणा उप महाप्रबंधक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, पंजाब ने आरएसईटीएलएस एवं एफएलसीएस की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये संस्थान जमीनी स्तर पर वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने तथा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने जोर दिया कि ये संस्थान वित्तीय समावेशन को मजबूत करने और लोगों को जागरूक एवं सशक्त बनाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। जोगिंदर सिंह उप महाप्रबंधक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति हरियाणा ने आरएसईटीएलएस एवं एफएलसीएस द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय साक्षरता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ये संस्थान लोगों को वित्तीय जागरूकता, बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच एवं सही वित्तीय निर्णय लेने के लिए शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे समग्र वित्तीय प्रणाली और अधिक सुदृढ़ होती है। प्रशिक्षण सत्र का संचालन अक्षय कुमार, मुख्य प्रबंधक, सीईआरएसएआई (भारत की प्रतिभूतिकरण, परिसंपत्ति पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित केंद्रीय रजिस्ट्री) द्वारा किया गया।

### ग्रीक पौराणिक थीम पर आधारित हैकजेकेएलयू वी 5.0 का समापन




**जयपुर।** जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय (जेकेएलयू) ने अपने प्रमुख राष्ट्रीय हैकाथॉन हैकजेकेएलयू वी 5.0 के पांचवें संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया, जिससे नवाचार, सहयोग और भविष्य के लिए तैयार तकनीकी विकास को बढ़ावा देने वाले एक सशक्त मंच के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत किया। करीब 40 संस्थानों से आए 400 से अधिक प्रतिभागियों ने इस हैकाथॉन में हिस्सा लिया। 13 से 15 मार्च तक आयोजित ग्रीक पौराणिक थीम वाले इस आयोजन में प्रतिभागियों को 48 घंटे की गहन विकास प्रक्रिया के दौरान अपने विचारों को कार्यात्मक तकनीकी प्रोटोटाइप में बदलने की चुनौती दी गई। इस हैकाथॉन का मुख्य उद्देश्य वास्तविक जीवन की समस्याओं का समाधान खोजना था, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस और फिनटेक जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतियोगिता की बहु-विषयक प्रकृति ने विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि के छात्रों को उद्योग विशेषज्ञों और शैक्षणिक मार्गदर्शकों के मार्गदर्शन में साथ मिलकर काम करने का अवसर प्रदान किया। टीमों का मूल्यांकन उद्योग विशेषज्ञों और फैकल्टी सदस्यों के पैनल द्वारा किया गया जिससे शैक्षणिक और औद्योगिक दृष्टिकोण का बेहतर समन्वय सुनिश्चित हुआ।

### 5वाँ राष्ट्रीय माइक्रो ड्रामा महोत्सव आयोजित किया

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित थिएटर समूह वृक्ष द थिएटर, जिसकी स्थापना 16 अगस्त 2015 को केरल क्लब में "आर्ट फॉर ह्यूमैनिटी" के उद्देश्य के साथ की गई थी, ने 5वाँ राष्ट्रीय माइक्रो ड्रामा महोत्सव – थेस्पिस सीज़न 5 का सफल आयोजन रविवार, 1 फ़रवरी 2026 को एलटीजी ऑडिटोरियम, कोपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली में किया। यह महोत्सव भारत रंग महोत्सव 2026 के अंतर्गत राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया। राष्ट्रीय माइक्रो ड्रामा महोत्सव की शुरुआत वर्ष 2017 में वृक्ष द थिएटर द्वारा की गई थी और इसे भारत का पहला विशिष्ट माइक्रो ड्रामा महोत्सव माना जाता है। इस महोत्सव का नाम इकारिया के थेस्पिस के नाम पर रखा गया है, जिन्हें थिएटर के इतिहास में पहला अभिनेता माना जाता है। इस महोत्सव का क्यूरेशन प्रख्यात रंगकर्मी एवं निर्देशक डॉ. अभिलाष पिल्लै द्वारा किया गया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 4905/न.पा.नि./लोनिवि/25-26 अम्बिकापुर दिनांक 20/3/2026

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय) :-

निकाय क्षेत्रान्तर्गत दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन निर्माण एवं विभिन्न वार्डों में सड़क डामरीकरण कार्य (System Tender No. 187343, 187314, 187369, 187372, 187373, 187374, 187376, 187380 & 187382) हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc. cgstate.gov.in & https:// uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**आयुक्त, नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर**

### सौर ऊर्जा उत्पादन में एनएफआर की उल्लेखनीय वृद्धि



**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है और सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के क्षेत्र में अपने विभिन्न मंडलों तथा इकाइयों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। 2011 में सौर ऊर्जा पहल की शुरुआत से लेकर एनएफआर में फरवरी, 2026 तक कुल स्थापित सौर क्षमता 31.890 एमडब्ल्यूपी तक पहुँच गई है। केवल मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान ही, 22.734 एमडब्ल्यूपी की अतिरिक्त क्षमता स्थापित की गई है, जो अक्षय ऊर्जा को अपनाने की दिशा में तेज़ प्रयासों को दर्शाता है। विभिन्न मंडलों में, लामडिंग (गुवाहाटी क्षेत्र सहित) में सर्वाधिक 13.334 एमडब्ल्यूपी संयंत्र की स्थापना की गई। इसके बाद रंगिया मंडल 8.941 एमडब्ल्यूपी के साथ दूसरे स्थान पर है। अलीपुरद्वार, कटिहार और तिनसुकिया जैसे अन्य मंडलों ने भी कुल क्षमता वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना से उल्लेखनीय रूप से परिचालन लाभ मिले हैं। 2025–26 के दौरान (फरवरी, 2026 तक), औसत मासिक सौर ऊर्जा उत्पादन लगभग 9.18 लाख यूनिट रहा, जिससे हर महीने लगभग 68.80 लाख रुपये की वित्तीय बचत हुई।

### इंडियन ऑयल के सहयोग से नरेला में निःशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर, 200 को मिला लाभ



**नई दिल्ली।** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय शुभी फाउंडेशन द्वारा नरेला के सेक्टर बी-4 स्थित ओल्ड एज फिजियोथेरेपी केंद्र में लगभग 200 वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क फिजियोथेरेपी सेवा शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह सेवा अभियान इंडियन ऑयल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिससे कार्यक्रम को विशेष मजबूती और व्यापक प्रभाव मिला। कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन अस्पताल की ओर से महत्वपूर्ण चिकित्सा सहयोग प्रदान किया गया, जिसमें अनुभवी फिजियोथेरेपिस्ट और विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान लगभग 200 बुजुर्गों को फिजियोथेरेपी उपचार, स्वास्थ्य परामर्श तथा आवश्यक चिकित्सकीय मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना और उन्हें सक्रिय एवं स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना रहा। संस्था का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए निरंतर कार्य करना है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सारिक पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी मकान नंबर बी–41, अब्दुल फजल, एन्क्लेव जामिया नगर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 291/2024 U/S 12/09/55 Delhi Public Gambling Act**, **अन्तर्गत थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सारिक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सारिक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 291/2024 U/S 12/09/55 Delhi Public Gambling Act**, **अन्तर्गत थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सारिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री मनुज कौशल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
दक्षिण-पूर्व, जिला
साकेत न्यायालय, नई दिल्ली

DP/3517/SE/2026(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** – बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की

**कर्क** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** – मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** – मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** – संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

### भारत में पोषण की लड़ाई रसोई घरों से नहीं, बल्कि कक्षाओं से जीती जा सकती है



**नई दिल्ली।** भारत के बढ़ते पोषण संकट को हल करने में स्कूल महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पोषण असमानता की वजह से वर्तमान में कुपोषण से लेकर बढ़ती लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। पोषण संकट को देखते हुए अब विशेषज्ञ पोषण शिक्षा को रोज़ाना की पढ़ाई का एक नियमित और महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का आह्वान कर रहे हैं। नई दिल्ली में 'नरिशिंग स्कूल्स फाउंडेशन' द्वारा आयोजित 'न्यूट्रिशन कॉन्क्लेव' के तीसरे संस्करण में नीति-निर्माता, शिक्षक और उद्योग जगत के दिग्गज व्यक्ति एकत्रित हुए और स्कूलों में पोषण शिक्षा के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पोषण साक्षरता को स्कूली शिक्षा प्रणाली के एक नियमित हिस्से के तौर पर शामिल किया जाना चाहिए। उनके अनुसार बच्चों को कम उम्र में ही खाने की स्वस्थ आदतों के बारे में सिखाने और जागरूकता बढ़ाने से उनके पूरे जीवन के स्वास्थ्य पर एक गहरा और स्थायी प्रभाव डाला जा सकता है। कई क्षेत्रों में कुपोषण प्रमुख समस्या बना हुआ है, तो कहीं मोटापा, डायबिटीज और मेटाबॉलिज्म से जुड़ी अन्य स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि हो रही है। अब ये समस्याएँ पहले की तुलना में कम उम्र में ही शुरू होने लगी हैं। उपस्थित वक्ताओं ने इस बात की ओर इशारा किया कि जहाँ पोषण अभियान, पीएम पोषण और स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम जैसे कार्यक्रमों ने आयुष्मान भारत के तहत भोजन और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को बेहतर बनाया है।

### केंद्रीय मंत्री ने सुविधाओं व सुरक्षा की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना और प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने आज रेल भवन में सीनियर रेलवे अधिकारियों के साथ एक पूरी रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता की, जिसमें स्टेशन एक्सेस, पैसेंजर सुविधाओं को बेहतर बनाने और पैसेंजर अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सुरक्षा से जुड़े दूसरे उपायों में हुई प्रगति का आकलन किया गया। मीटिंग में स्टेशन परिसर में एक्सेस कंट्रोल, भीड़ मैनेजमेंट, टेक्नोलॉजी से चलने वाली निगरानी और आने-जाने में आसानी जैसे उपायों पर फोकस किया गया। ये सुधार सबसे पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लागू किए जाएंगे और सीखे गए सबक के आधार पर, बाद में दूसरे स्टेशनों पर भी लागू किए जाएंगे। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कैमरों के ज़रिए पूरी एआई-पावर्ड निगरानी तैनात की जाएगी, जिसमें स्टेशन परिसर के सभी कोने-कोने शामिल हैं, जिसमें प्लेटफॉर्म, कॉन्कोर्स, एंट्री-एग्जिट पॉइंट और बिना इजाज़त एंट्री वाले फ़नल एरिया शामिल हैं।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला (एचएसएसपीपी) | जीएसएसएस खरक कलां ब्लॉक व जिला भिवानी में गतिविधि कक्ष और टूटी हुई/आंशिक चारदिवारी का निर्माण (केवल समितियों हेतु) (प्रथम बार आमंत्रण) समय सीमा : 04 माह + 10 कार्य। | 19.03.2026 27.03.2026 | रु. 4,02,35,891/- | www.hsspp.in | 9041397095 civilbranchssa4@gmail.com |
| 2 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला (एचएसएसपीपी) | जीएसएसएस कुताबध, जिला सिरसा में मिड डे मील आयरन शैड और 5 अदद अतिरिक्त कक्षा कमरों के निर्माण + 4 कार्यों हेतु डीएनआईटी। | 18.03.2026 25.03.2026 | 2,59,24,918/- | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/44061/I/88/7 दि. 20.03.26

### शब्द पहेली - 6171


| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | 7 | | 8 |
| | ■ | 9 | | | ■ | 10 | | | ■ | |
| 11 | 12 | ■ | ■ | | ■ | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | 15 | | 16 | | 17 | ■ | 18 | |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | | | |
| ■ | ■ | ■ | 21 | | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| 23 | 24 | | | ■ | 25 | ■ | 26 | | 27 | 28 |
| 29 | | ■ | 30 | 31 | | 32 | | ■ | 33 | |
| 34 | | ■ | ■ | | ■ | | ■ | ■ | 35 | |
| | ■ | 36 | 37 | | ■ | 38 | 39 | 40 | ■ | |
| 41 | | | | | ■ | 42 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवर्णेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

**शब्द पहेली- 6170 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | ■ | ब | ला | ■ | य | म | ■ | श | र |
| या | ■ | क | ल | ■ | जो | श | ■ | जा | य | ज |
| ■ | कै | द | ■ | श | र | ■ | का | न | न | ■ |
| न | दी | ■ | खे | मा | ■ | का | त | ना | ■ | जा |
| म | ■ | जा | ल | ■ | का | य | र | ■ | ता | ल |
| ■ | मा | न | ■ | र | म | ल | ■ | का | ला | ■ |
| का | या | ■ | बी | न | ना | ■ | रा | म | ■ | सी |
| र | ■ | क | ह | र | ■ | शो | र | ■ | बा | धा |
| ■ | की | च | ड़ | ■ | सा | ला | ■ | री | त | ■ |
| क | म | रा | ■ | ख | र | ■ | सी | ता | ■ | द |
| म | त | ■ | जी | त | ■ | मा | मा | ■ | दा | म |



▶▶| चौथी यूथ पुरुष व महिला हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता

▶▶| दीपांशु, आदित्य, साहिल और सिकंदर ने फाइनल में प्रवेश किया

# खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम: एसीपी अखिल कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महम बॉक्सिंग क्लब में आयोजित चौथी यूथ पुरुष व महिला हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन रिंग में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। शुक्रवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबलों में प्रदेश भर के युवा मुक्केबाजों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाया। शनिवार को फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। ओलंपियन व अर्जुन अवार्डी एसीपी अखिल कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम हैं। खेलों से जीवन में संघर्ष करने की शक्ति मिलती है और युवा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रहते हैं।









## खेल भावना के साथ राष्ट्र का नाम रोशन करने के लक्ष्य रखें खिलाड़ी : मेजर सत्यपाल सिंधु



हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए युवा खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में झज्जर, भिवानी, रोहतक, सोनीपत, हिसार, सिरसा, अंबाला, पानीपत सहित विभिन्न जिलों से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। युवा खिलाड़ी प्रदेश का गौरव हैं। खिलाड़ियों को केवल पदक जीतने के लिए नहीं, बल्कि खेल भावना के साथ राष्ट्र का नाम रोशन करने के उद्देश्य से खेलना चाहिए। संघ खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग व बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

## महिला वर्ग के मुकाबले

▶▶| 45-48 किलोग्राम भार वर्ग में हिसार की जिया ने कैथल की निष्ठा तंवर को हराया और साई हिसार की गुंजन ने जींद की सिमरन को मात दी।

▶▶| 48-51 किलोग्राम वर्ग में गुरुग्राम की कशिश मलिक ने पंचकुला की ज्योति को हराया, जबकि सोनीपत की रिधिमा ने रोहतक की सिमरन को पराजित किया।

▶▶| 51-54 किलोग्राम वर्ग में कैथल की जन्नत ने जींद की ज्योति को हराया और कुरुक्षेत्र की महक ने हिसार की हिमानी पनवार को मात दी।

▶▶| 54-57 किलोग्राम वर्ग में झज्जर की तनिषा जांगड़ा ने कैथल की पायल को हराया, वहीं गुरुग्राम की कंचन ने भिवानी की चेष्टा को पराजित किया।

▶▶| 57-60 किलोग्राम वर्ग में सिरसा की सायरा ने गुरुग्राम की कंचन को हराया और फरीदाबाद की चाहत ने रोहतक की श्रुति को मात दी।

▶▶| 60-65 किलोग्राम वर्ग में गुरुग्राम की वंशिका ने करनाल की निकिता को हराया और रेवाड़ी की इवा यादव ने यमुनानगर की यशिका को पराजित किया।

▶▶| 65-70 किलोग्रामवर्ग में सोनीपत की अंशिका ने झज्जर की तेजस्वी को हराया और रेवाड़ी की पलचिन ने फरीदाबाद की मंशा को मात दी।

▶▶| 70-75 किलोग्राम वर्ग में साई हिसार की सानिया ने भिवानी की रुचि को हराया, जबकि इसी वर्ग में चरखी दादरी की अंशिका ने गुरुग्राम की कोमल को पराजित किया।

▶▶| 75-80 किलोग्राम भार वर्ग में साई हिसार की मेघा ने हिसार की मुस्कान को हराया और झज्जर की शगुन ने भिवानी की भावना को मात दी।

▶▶| 80 से ज्यादा किलोग्राम वर्ग के पहले मुकाबले में कैथल की अंतिम ने जींद की सकीना को हराया।

## पुरुष वर्ग के मुकाबले

▶▶| 47-50 किलोग्राम भार वर्ग में चरखी दादरी के दीपांशु ने साई हिसार के विनीत कुमार को हराया।

▶▶| 50-55 किलोग्राम वर्ग में रोहतक बी के आदित्य ने रेवाड़ी के जतिन को मात दी।

▶▶| 55-60 किलोग्राम वर्ग के साई बी के सिकंदर ने सोनीपत के करन मलिक को हराया, जबकि साई हिसार के साहिल मोर ने गुरुग्राम के मोहित को पराजित किया।

▶▶| 60-65 किलोग्राम भार वर्ग में कैथल के योगेश ढांडा ने भिवानी के अभि को हराया और सोनीपत के ध्रुव ने रोहतक के गौरव पर जीत दर्ज की।

▶▶| 65-70 किलोग्राम वर्ग में झज्जर के दीक्षित ने कुरुक्षेत्र के प्रीतम को हराया, वहीं साई हिसार के वैभव ने जींद के जहान को मात दी।

▶▶| 70-75 किलोग्राम वर्ग में भिवानी के भव्य ने गुरुग्राम के कुणाल को हराया और रोहतक के हनी ने चरखी दादरी के सूरज को पराजित किया।

▶▶| 75-80 किलोग्राम वर्ग में मेवात के लोकेश ने सिरसा के परमीत देशवाल को हराया।

# आईपीएल बना वनडे वर्ल्ड कप का ट्रायल 20 खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे सेलेक्टर्स

**अक्टूबर-नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होगा वनडे विश्व कप**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनडे विश्व कप में अभी एक साल का समय है लेकिन भारत के 20 संभावित खिलाड़ियों का अनुमान लगाया जा चुका है और पांचों राष्ट्रीय चयनकर्ता 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एसएस दास, आरपी सिंह, अजय रात्रा और प्रज्ञान ओझा हैं। वनडे विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 अक्टूबर-नवंबर में होगा। चयन समिति के सदस्य अपने अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे जबकि बाकी मैच टीवी पर देखेंगे। आईपीएल के पहले मैच में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।




## घर या मैदान में हर चयनकर्ता देखेंगे एक मैच

अगरकर मुंबई में रहते हैं जबकि दास कोलकाता के रहने वाले हैं। आरपी और रात्रा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हैं जबकि ओझा अपने हिस्से के आईपीएल मैच बेंगलुरु और हैदराबाद में देखेंगे। अधिकारी ने कहा,' बीसीसीआई चाहता है कि हर चयनकर्ता कम से कम हर सप्ताह एक मैच देखे, जिससे पांच मैच प्रति सप्ताह हो जाएंगे। इसके अलावा टीवी पर मैच देख सकते हैं।' टी20 विश्व कप 2028 और उसी साल ओलंपिक को देखते हुए इस साल आईपीएल में उन 20 खिलाड़ियों को तलाशने पर नजर होगी, जो 50 ओवरों का विश्व कप खेलेंगे। चयन समिति मुल्लांपुर में छह से 10 जून तक अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए भी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारेगी हालांकि इस मैच से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक नहीं मिलने हैं।

## अगरकर के कार्यकाल को लेकर विराम

सीनियर अधिकारियों ने इन अटकलों को भी खारिज किया कि टी20 विश्व कप जीतने के बाद अगरकर ने अपना कार्यकाल 50 ओवरों के विश्व कप तक बढ़ाने की मांग की है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा,' चयन समिति बीसीसीआई की एक उप समिति है और चयनकर्ताओं का अनुबंध इस साल सितंबर तक है। अजित का करार सितंबर में खत्म हो रहा है, जिसके बाद बीसीसीआई सचिव और अजित तय करेंगे कि वह अगले साल वनडे विश्व कप तक रहेंगे या नहीं। एक सीनियर चयनकर्ता चार साल तक पद पर रह सकता है और उसे करार बढ़ाने का अनुरोध करने की जरूरत नहीं है।' अगरकर जुलाई 2023 में चयन समिति के अध्यक्ष बने थे और उन्होंने विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद टेस्ट और टी20 में बदलाव का दौर देखा है।

# महिला प्रो गोल्फ टूर : रिधिमा ने जीता सत्र का तीसरा खिताब



एजेंसी ▶▶| नोएडा

रिधिमा दिलावरी ने खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार तीसरी बार 71 का स्कोर बनाया और महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के छठे चरण का खिताब अपने नाम किया।

रिधिमा ने अंतिम दौर की शुरुआत जैस्मीन शेखर से तीन शॉट पीछे रहकर की थीं। पहले दो होल के बाद वह पांच शॉट पीछे हो गईं। इसके बाद रिधिमा ने शानदार वापसी करते हुए बाकी के 16 होल में दो बर्डी लगाईं और कोई बोगी नहीं की। दूसरी तरफ जैस्मीन ने चार ओवर 75 का स्कोर बनाया। रिधिमा ने दूसरा और चौथा चरण भी जीता था। अब छठा चरण जीतकर उन्होंने हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपनी बढ़त बनाए रखी है। वर्तमान सीरीज का पहला चरण जीतने वाली जैस्मीन लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान पर रहीं।

## हिताशी आठवें तो दीक्षा 16वें स्थान पर



**गोल्ड कोस्ट।** हिताशी बख्शी ने आस्ट्रेलियाई डब्ल्यूपीजीए गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे दिन तीन अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त आठवां स्थान हासिल कर लिया। दीक्षा डागर एक ओवर 72 के स्कोर के साथ संयुक्त 16वें स्थान पर है। प्रणवी उर्स भी संयुक्त 60वें स्थान पर है जबकि वाणी कपूर एक शॉट से कट में प्रवेश से चूक गई। वहीं मेनलो पार्क में अदिति अशोक ने फोर्टिनेट फाउंडर्स कप गोल्फ में अपने अभियान की धीमी शुरुआत की और इवन पार 72 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 72वें स्थान पर है।

# न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को आठ विकेट से हराया

## टी-20 सीरीज में बनाई 2-1 से बढ़त

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

टॉम लैथम की 63 रन की नाबाद पारी और डेवोन कॉनवे के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 8 विकेट से आसान जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और उसकी टीम 9 विकेट पर 136 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 137 रन बनाकर 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया और इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली।




## लैथम ने बनाया चौथा टी-20 अर्धशतक

कॉनवे ने 39 रन बनाए जबकि लैथम ने अपना चौथा टी20 अर्धशतक बनाया। टिम रॉबिंसन ने 17 रन का योगदान दिया। इस श्रृंखला में अभी तक बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहले मैच में केवल 91 रन का लक्ष्य मिला था, जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे मैच में 107 रन पर आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने 68 रन से जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका ने इस श्रृंखला में शुक्रवार को पहली बार 20 ओवर तक बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंद पर सर्वाधिक नाबाद 26 रन बनाए। लैथम और कॉनवे ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले दो ओवरों में पांच रन और पहले तीन ओवरों में 12 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने चौथे ओवर में मोकोएना पर 14 रन और लुथो सिपामला के किए पांचवें ओवर में 21 रन बनाकर न्यूजीलैंड को आसान जीत की राह पर अग्रसर किया। कॉनवे ने 11वें ओवर में केशव महाराज की गेंद पर सीमा रेखा पर कैच दिया। जब स्कोर बराबर था तब रॉबिंसन भी आउट हो गए।



Divisa
आँखों को दीजिए कुदरती आई मंत्रा
असर पहले दिन से
100% Ayurvedic
Helps In :
• Eye Strain • Eye Dryness
• Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness
Dr. Juneja's EYE Mantra
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
प्रयोग विधि : 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।
Clinically Tested*
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com • Available at all leading medical stores

# इजराइली हमले में ईरान के आईआरजीसी प्रवक्ता मोहम्मद नैनी की मौत




*नैनी को निशाना बनाकर किए गए हमले में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया गया। नैनी केवल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रवक्ता ही नहीं थे, बल्कि वे ईरान के मनोवैज्ञानिक युद्ध के मास्टरमाइंड भी माने जाते थे*



ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी

- ***ईरान की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान***
- ***हमले में आधुनिक हथियारों का उपयोग किया गया***



ईरान का इजराइल के शहर रिहोवोट पर मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त घर

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल अपनी युद्ध नीति के तहत करीब हर दिन ईरान के कमांडरों को निशाना बना रहे हैं। हालिया हमले में ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी मारे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह हमला अमेरिका और इजराइल की ओर से संयुक्त रूप से किया गया था। इस बात की पुष्टि ईरान के सरकारी मीडिया ने की है। नैनी को निशाना बनाकर किए गए हमले में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया गया। नैनी केवल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रवक्ता ही नहीं थे, बल्कि वे ईरान के मनोवैज्ञानिक युद्ध के मास्टरमाइंड भी माने जाते थे। उनकी मौत के साथ ही ईरान की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि सैन्य प्रवक्ता नैनी और उनसे पहले खुफिया प्रमुख इस्माइल खतीब का मारा जाना इस बात का संकेत है कि हमलावरों के पास ईरान के सुरक्षा घेरे की सटीक जानकारी थी।

**हर दिन एक कमांडर की मौत**

## नेतन्याहू ने सामने आकर की प्रेस वार्ता, दावा

## ईरान की परमाणु क्षमता खत्म, मिसाइल भी नहीं बना सकता



इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने मीडिया के सामने आकर प्रेस वार्ता की। शुरुआत में ही नेतन्याहू ने कहा कि मैं अभी जिंदा हूं और आप सभी लोग इस बात के प्रमाण है। नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के 20 दिन के हवाई हमलों के बाद ईरान के पास अब यूरेनियम समृद्ध करने या बैलिस्टिक मिसाइल बनाने की क्षमता नहीं बची है। अब ईरान परमाणु हथियार नहीं बना सकता। उन्होंने दावा किया कि ईरान का मिसाइल और ड्रोन भंडार भारी नुकसान झेल रहा है और जल्द ही पूरी तरह नष्ट हो जाएगा। नेतन्याहू ने कहा कि हम जीत रहे हैं और ईरान को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। हम अब उन फैक्ट्रियों को नष्ट कर रहे हैं जो इन मिसाइलों और परमाणु हथियारों के घटक तैयार करती हैं।

### हमने ट्रंप को युद्ध में नहीं धकेला

नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने इस युद्ध में ट्रंप को नहीं धकेला। ट्रंप अपना फैसला खुद लेते हैं। इस युद्ध में अमेरिका इजराइल के लिए नहीं, इजराइल के साथ युद्ध लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका और इजराइल ईरान पर पूरी ताकत और संकल्प के साथ कार्रवाई कर रहे हैं। 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' का मकसद उस अयातुल्लाह शासन के खतरे को खत्म करना है, जिसने पिछले 47 वर्षों से अमेरिका, इजराइल और ईरान के लोगों के खिलाफ युद्ध छेड़ा है। यह शासन अमेरिका और इजराइल को मारने की बातें करता है और अपने ही लोगों के लिए मौत लाता है।

### ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना बड़ा लक्ष्य

नेतन्याहू ने कहा कि इस युद्ध में हमारे तीन लक्ष्य हैं, पहला, ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना। दूसरा बैलिस्टिक मिसाइल खतरे को समाप्त करना और यह सब इससे पहले करना कि मिसाइलें जमीन के अंदर इतनी गहरी जा जाएं कि हवाई हमले से उन्हें नष्ट करना मुश्किल हो। तीसरा ईरानी लोगों को अपनी स्वतंत्रता और भविष्य का नियंत्रण पाने का अवसर देना। हमने दशकों से चेतावनी दी है कि ईरान की मिसाइलें दूर-दराज के लक्ष्यों पर हमला कर सकती हैं और अगर इन्हें रोका नहीं गया तो यह सिर्फ शुरुआत होगी।

## पश्चिम- एशिया के मौजूदा हालात का मुद्दा शीर्ष पर शामिल रहा

## बहरीन के किंग से हुई प्रधानमंत्री मोदी की टेलीफोन पर बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

युद्ध के बीच लगातार जारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंतरराष्ट्रीय नेताओं से बातचीत के क्रम में शुक्रवार को उन्होंने बहरीन के किंग हमाद बिन अल खलीफा से भी टेलीफोन पर चर्चा की है। जिसमें पीएम ने किंग और बहरीन की आम जनता को ईद की मुबारकबाद दी। 'एक्स' पर पोस्ट में प्रधानमंत्री के बताया कि बहरीन के किंग के साथ हुई बातचीत में पश्चिम एशिया में बने हुए मौजूदा हालात, क्षेत्र में नागरिक और ऊर्जा ढांचों पर किए जा रहे हमलों की सख्त लहजे में निंदा की है। साथ ही इन हमलों के वैश्विक खाद्य, ऊर्जा और उर्वरक सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों को भी रेखांकित किया है। समुद्री आवाजाही की स्वतंत्रता, जहाजों की निर्बाध गतिविधियों को भी पीएम ने महत्वपूर्ण बताया है। बातचीत में उन्होंने बहरीन में रह रहे भारतीय समुदाय को सुरक्षा प्रदान करने के लिए किंग अल खलीफा के प्रति आभार प्रकट किया। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री का यह वैश्विक संवाद का सिलसिला आगामी समय में भी लगातार बना रहेगा।



### क्षेत्र के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की

पीएम मोदी ने कतर के अमीर, शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ भी बात की और उन्हें ईद की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने शेख अल थानी से चर्चा के दौरान कतर के साथ भारत की एकजुटता को दोहराया और क्षेत्र के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की।

## युद्ध के बीच हुआ ब्रेन स्ट्रोक, मुश्किल में थी जान

## कतर की मदद से सुरक्षित घर पहुंचा परमिंदर



एक भारतीय युवक परमिंदर कनाडा जा रहा था, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते उसकी यात्रा बाधित हो गई और वह कतर में फंस गया। कतर में रहने के दौरान ही परमिंदर को ब्रेन स्ट्रोक आया, लेकिन कतर सरकार, कतर में भारतीय मिशन और कई सामुदायिक संगठनों की मदद से परमिंदर की घर वापसी संभव हुई। कतर में भारतीय राजदूत विपुल ने दूतावास के प्रथम सचिव ईश सिंघल के साथ मिलकर स्थानीय और सामुदायिक संगठनों की मदद से परमिंदर की सहायता की। इंडियन कम्युनिटी बेनेवोलेंट फोरम, पुनर्जनी और सिंह सेवा ग्रुप कतर जैसे संगठनों ने परमिंदर की नियमित देखभाल की और उसके मेडिकल खर्चों और खाने-पीने का पूरा ध्यान रखा। कतर के हमास मेडिकल कॉर्पोरेशन और कतर एयरवेज ने भी परमिंदर की स्वदेश वापसी में मदद की। कतर के हमास मेडिकल कॉर्पोरेशन और कतर एयरवेज ने भी परमिंदर की स्वदेश वापसी में मदद की।


## डीजीसीए ने जारी किया परामर्श

## ईरान-इजराइल समेत 11 देशों का एयरस्पेस इस्तेमाल न करें भारतीय एयरलाइंस

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भारतीय एयरलाइंस के लिए सख्त परामर्श जारी किया है। इसमें भारतीय विमानों को 11 देशों के ऊपर से उड़ान न भरने के निर्देश दिए हैं।डीजीसीए ने सभी भारतीय एयरलाइंस से अपील की है कि वे बहरीन, ईरान, इराक, इजरायल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, ओमान, कतर, यूएई और सऊदी अरब के ऊपर के प्रभावित हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने से बचें। डीजीसीए ने कहा है कि मौजूदा हालात में इस क्षेत्र के ऊपर उड़ान भरना जोखिम भरा हो सकता है, इसलिए एयरलाइंस को बेहद सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

## अमेरिकी जहाज यूएसएस ट्रिपोली पश्चिम एशिया पहुंचा

## जहाज में 2,000 मरीन सैनिकों और एफ-35 जेट



अमेरिकी नौसेना का एक प्रमुख जहाज यूएसएस ट्रिपोली 2,000 से अधिक मरीन सैनिकों को लेकर पश्चिम एशिया की ओर रवाना हो गया है। यह तैनाती मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच की गई है। जापान के ओकिनावा से रवाना हुआ यह एम्फीबियस असॉल्ट शिप 22 मील प्रति घंटे की रफ्तार से मलक्का जलडमरूमध्य की ओर बढ़ रहा है। यूएसएस ट्रिपोली जापान के सासेबो में था। यह एफ-35 स्टेल्थ फाइटर जेट, एमवी-22 ऑस्प्रे ट्रांसपोर्ट और ट्रूप लैंडिंग क्राफ्ट से लैस है। यह 31वीं मरीन एक्सपीडिशनरी यूनिट का हिस्सा है, जिसमें करीब 2,200 कर्मी शामिल हैं, जिनमें कमांड, ग्राउंड कॉम्बैट, एयर कॉम्बैट और लॉजिस्टिक्स एलिमेंट हैं। यह यूनिट रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए तैयार रहती है। यूएस सेंट्रल कमांड के मुताबिक, इस क्षेत्र में पहले से ही लगभग 50,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं।

## अमेरिकी विमानों को लैंडिंग की अनुमति नहीं: श्रीलंका



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने संसद में बताया कि श्रीलंका ने मार्च की शुरुआत में अपने मत्तला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो अमेरिकी लड़ाकू विमानों को उतरने की अनुमति नहीं दी। राष्ट्रपति के अनुसार, जिबूती स्थित बेस से दो अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने 4 और 8 मार्च को श्रीलंका आने की अनुमति मांगी थी। इन विमानों पर आठ एंटी-शिप मिसाइलें तैनात थीं। श्रीलंका सरकार ने इन दोनों ही अनुरोधों को ठुकरा दिया। दिसानायके ने कहा कि कई तरह के दबावों के बावजूद श्रीलंका अपनी तटस्थता बनाए रखना चाहता है। उन्होंने साफ किया कि वे किसी के आगे नहीं झुकेंगे। पश्चिम एशिया के युद्ध से चुनौतियां पैदा हो रही हैं, लेकिन श्रीलंका तटस्थ रहने के लिए हर संभव कोशिश करेगा।


## पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध के बीच हरिभूमि से बातचीत में विशेषज्ञों ने बताए अपने शांति सुझाव

# अमेरिका-ईरान युद्ध को रोकने का एकमात्र रास्ता 'कूटनीति', 'बमों-मिसाइलों' से नहीं बनेगी बात

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

**एक्सपर्ट व्यू**

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बीते करीब 20 से अधिक दिनों से जारी युद्ध का भविष्य क्या है? क्या ये पहले ही तरह ही पश्चिम-एशिया के अलावा पूरे खाड़ी क्षेत्र को अपनी गिरफ्त में जकड़े रखेगा? युद्ध से दुनिया में तेजी से बढ़ते जा रहे तेल और गैस के संकट के बीच शांति आखिरकार कब तक लौटेगी व उसका क्या रास्ता होगा? क्या शांति स्थापना में भारत की कोई भूमिका हो सकती है या उसकी रक्षा तैयारियां युद्ध से प्रभावित होंगी? यह वो तमाम जरूरी सवाल हैं, जिनके जवाब हरिभूमि ने विदेश और रक्षा मामलों के विशेषज्ञों के साथ हुई बातचीत में लिए हैं। सबका सार यही है कि इस जंग का कोई सैन्य समाधान नहीं हो सकता है। क्षेत्र में शांति केवल और केवल कूटनीतिक यानी राजनयिक प्रयासों के जरिए ही वापस लौट सकती है। भारत इस कवायद का एक हद तक हिस्सा बन सकता है। क्योंकि उसके अमेरिका, इजरायल के साथ ही ईरान से भी संबंध ठीक ठाक बने हुए हैं। समय-समय पर तीनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संवाद करते रहते हैं।



### यूं हर लिहाज से टॉप पर 'कूटनीति': त्रिगुणायत

भारत के पूर्व राजनयिक अनिल त्रिगुणायत ने साफ शब्दों में बताया कि इस युद्ध का एक अकेला समाधान कूटनीति के जरिए ही निकाला जा सकता है। सैन्य तरीके से ये लड़ाई किसी भी सूरत में नहीं रुकेगी। वहीं, मेरा अनुभव ये कहता है कि अभी लड़ाई के और आगे बढ़ने की संभावना है। क्योंकि इसके लिए अभी तक अमेरिका से कोई संकेत नहीं आया है। उल्टा इजरायल जंग रोकने के बिलकुल पक्ष में नहीं है। उसे लगता है कि यही वो सुनहरा मौका है, जिसका उसने सालों से इंतजार किया है और अब वो खाड़ी की इस्लामिक रिजीम को पूरी तरह से खत्म करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जिसके बाद तेल अवीव की सभी मुश्किलें हल हो जाएंगी। ईरान के लिए मरो या मारो की स्थिति है, उधर से समझौते की कोई गुंजाइश नजर नहीं आती। उन्होंने सोच लिया है कि अगर वो गिरे तो सबको लेकर गिरेंगे। तेहरान ने अपनी 3 शर्तें भी अमेरिका के सामने रख दी हैं। ऐसे समय में ही जब दोनों पक्ष आमने-सामने की वार्ता करेंगे, तो कूटनीति ही काम आएगी।

### क्षेत्र में भारत की भूमिका के मायने

त्रिगुणायत ने ये कहा, युद्ध के बीच शांति बहाली के कूटनीतिक प्रयासों में भारत की अहम भूमिका हो सकती है। क्योंकि हमारा इजरायल, ईरान समेत अमेरिका के साथ संवाद बना हुआ है। खुद प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर बीते कुछ दिनों से दुनिया भर के देशों के साथ शीर्ष नेताओं के साथ इस मामले पर चर्चा कर रहे हैं। जिसका महत्वपूर्ण उद्देश्य जल्द युद्ध रोकने, क्षेत्र में शांति-स्थिरता की बहाली है। जंग के आगे खिंचने से भारत पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। कारण, हम क्षेत्र में गैस, तेल के दूसरे सबसे आयातक देश हैं। हमारे 1 करोड़ लोग वहां रहते हैं और देश का करीब 85% व्यापार भी हिंद महासागर से ही होता है। स्वदेशी कूटनीति हमारे मौजूदा संवाद व ब्रिक्स की अध्यक्षता के नजरिए से भी अहम है। लेकिन हमें ये भी ध्यान रखना पड़ेगा कि किसी एक देश की बातचीत से लड़ाई नहीं थमेगी। इसके लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है।

### ईरान से नहीं होगी शांति की पहल: कुमार

विदेश मामलों के वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार ने भी कहा कि इस युद्ध का केवल राजनयिक रूप से ही समाधान निकलेगा। कोई और विकल्प संभव नहीं है। उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जो बयान आ रहे हैं। उनसे लगता है कि वह भी जल्द से जल्द इस लड़ाई से अपने हाथ खींच लेना चाहते हैं। उन्हें अब सिर्फ मौके की तलाश है। इस तथ्य की तस्दीक ईरान को तेल, गैस निर्यात पर ट्रंप द्वारा दी गई छूट देने की बात के साथ ही इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को ईरान के तेल कुओं पर हमला न करने को लेकर दी गई चेतावनी से होती है। पूरे घटनाक्रम की जड़ में ईरान द्वारा खाड़ी के सभी तेल-गैस के कुओं पर शुरू किए भीषण हमले हैं। जिन्हें लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आलोचना हो रही है। ये उनकी ही नीतियां रही हैं, जिससे ईरान पर बेवजह हमला किया गया, जवाब में तेहरान ने पूरे खाड़ी क्षेत्र को आग के हवाले कर दिया। ऐसे में अगर लड़ाई रोकनी है। तो पहल अमेरिका या इजरायल में से ही कोई देश करेगा। ईरान से इसकी संभावना क्षीण नजर आती है।

### भारत की सैन्य सप्लाई, सुरक्षा पर असर

कुलकर्णी ने कहा, भारत इलाके में गैस, तेल का बड़ा आयातक है। लड़ाई 20 दिन पार कर रही है। हम प्रभाव पड़ना लाजमी है। हम इजरायल से कई रक्षा हथियारों की खरीद करते हैं। युद्ध की स्थिति में इनकी डिलीवरी पर प्रभाव पड़ेगा। साथ ही हमारी समुद्री सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। जिसे बनाए रखने के लिए फिलहाल भारतीय नौसेना इलाके में अपने जंगी जहाजों के साथ तैनाती की है। लेकिन कितने वक्त तक हम इस तैनाती के दम पर आगे बढ़ेंगे। युद्ध से क्षेत्र में पैदा होने वाली अशांति और अस्थिरता से अर्थव्यवस्था की गति के अलावा रणनीतिक सुरक्षा पर सवालिया निशान लगने लगते हैं। हमारे केस में चुनौती बढ़ी है। क्योंकि अभी यूक्रेन-रूस युद्ध से प्रभावित हुई सैन्य सामग्री की आवक के मामले में भी हम पूरी तरह से बेहतर स्थिति में नहीं पहुंचे हैं। अब ये चुनौती खड़ी हो गई है।

### तटस्थ नहीं रह सका भारत?

*कुमार ने कहा, मेरे हिसाब से युद्ध के बीच भारत की कोई प्रभावी भूमिका नजर नहीं आती है। क्योंकि वर्तमान में वह अमेरिका या इजरायल पर कोई दबाव नहीं डाल सकता है। ईरान की बात करें तो उसके साथ भी भारत के रिश्ते वैसे नहीं हैं कि वह भी भारत की सलाह पर कोई ध्यान दे। हालिया समय में भारत के बयान जिस तरह से ईरान के खिलाफ उभरकर सामने आये हैं। उससे भी वह एक पक्ष की ओर ही झुकता हुआ दिख रहा है। जिसे लेकर मुझे लगता है कि हमारा देश इस संघर्ष के मध्य अपने आप को तटस्थ भूमिका में पेश नहीं कर पाया है।*

**यूं पिन पाइंट टारगेट हिट करता ईरान: एलजी कुलकर्णी**

*सेना के वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा कि ईरान के तेल कुओं में आग लगी है। लेकिन अमेरिका, इजरायल उसे जितना गिराने की कोशिश करते हैं। उसका मनोबल उतना ही और अधिक बढ़ता जा रहा है। मतलब साफ है कि इसके पीछे की खुराक उसके पास मौजूद मिसाइलों और ड्रोन से आ रही है। जिनका जमावड़ा तेहरान ने अपनी सुरंगों में छिपाकर रखा है। वार करता है, फिर छिप जाता है। लेकिन इसमें खास ये है कि उसे टारगेट पर हमला करने के लिए कहीं से सटीक खुफिया सूचना मिल रही है। जो कि रूस या चीन दे रहे हैं। मिसाइल क्लस्टर बम के साथ अपने लक्ष्य पर धावा बोलती हैं। कलस्टर बम ऐसे हैं, जिनमें कुछ मिसाइल फटने के साथ फट जाते हैं तो कुछ हवा में रहते हैं और जब फटते हैं। तो वो जहां गिरते हैं, वहां आग लगा देते हैं। इसे कहते हैं चिट भी मेरी, पट भी मेरी। ईरान ने अंत में सबकी नाक में दम कर दिया है।*

## मजबूत हो रहे भारत-कनाडा संबंध

## शीर्ष पुलिस अफसर बोले- भारतीय एजेंटों से खतरा नहीं, आरोप खारिज



एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा और भारत के बीच लंबे समय से चली आ रही तल्खी अब पूरी तरह खत्म होती नजर आ रही है। हाल ही में कनाडाई पीएम मार्क कार्नी की भारत यात्रा के बाद अब कनाडा की सुरक्षा एजेंसी 'रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' के कमिश्नर का एक बड़ा बयान सामने आया है। इसे अब भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है।

कनाडा की राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने भारत पर लगे गंभीर आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पुलिस कमिश्नर माइक डुहेम ने साफ-साफ कहा है कि वर्तमान में कनाडा में रहने वाले लोगों को भारत सरकार के किसी भी एजेंट से कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है जो किसी भी विदेशी संस्था की भूमिका का प्रमाण देता हो।

### हर तरह की धमकी पर बारीकी से नजर

भारतीय राजनयिकों की कनाडा वापसी को लेकर पुलिस कमिश्नर ने आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर तरह की धमकी पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिना डरे पुलिस को रिपोर्ट करें। एक समय था जब पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के दौरान कनाडा ने सीधे तौर पर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के तार भारतीय एजेंसियों से जोड़े थे। लेकिन अब कमिश्नर माइक डुहेम के सुर बदले हुए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109